संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, शुक्रवार, 04 मई 2024 | ₹2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 09 अंकः 122 पृष्ठः 12 | RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



कांग्रेस नेता जयराम रमेश मीडिय को संबोधित करते हुए।

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

**आदर्श विचार**



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता है।- भगवत गीता"

**मन की बात**



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं। -विवेकानंद"

# रायबरेली से राहुल ने किया नामांकन

● फॉर्म जमा करने के दौरान सोनिया गांधी, प्रियंका, रॉबर्ट वाड्रा और खरगे भी रहे मौजूद

**दाखिल किया**

⏩ कार्यकर्ताओं में जोश और उत्साह देखकर गांधी परिवार के चेहरे पर खुशी देखने को मिली



**टीम एक्शन इंडिया**

**रायबरेली:** राहुल गांधी ने रायबरेली से अपना नामांकन दाखिल कर दिया। इस दौरान कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे,सोनिया गांधी, प्रियंका वाड्रा और रॉबर्ट वाड्रा भी मौजूद रहे। इसके पहले राहुल ने पूरे परिवार के साथ कांग्रेस के केंद्रीय कार्यालय में हवन-पूजन किया। जहां से उनका काफिला एक भारी भीड़ के साथ डिग्री कॉलेज चौराहे पहुंचा। इसके बाद वह प्रस्तावकों के साथ कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचे और अपना नामांकन दाखिल किया।

कार्यकर्ताओं में जोश और उत्साह देखकर गांधी परिवार के चेहरे पर खुशी थी। प्रियंका ने इस दौरान कई कार्यकर्ताओं से मुलाकात भी की।

दरअसल कांग्रेस और खासकर गांधी परिवार के लिए रायबरेली हमेशा से ही सेफ सीट रही है। पार्टी ने अब तक यहां से 17 चुनाव जीते हैं जिसमें 1999 के अलावा हर बार गांधी परिवार का ही प्रत्याशी रहा है। 1952 से ही रायबरेली सीट पर गांधी परिवार की परंपरागत सीट रही है। पहली बार इस सीट पर फिरोज गांधी सांसद बने थे। 1957 में फिरोज दुबारा जीते। और 1967,1971 और 1980 में यहां से इंदिरा गांधी चुनाव जीतीं। 1980 और 1984 में फिर से नेहरू परिवार के अरुण नेहरू ने यहां चुनाव जीता।1989 और 1991 में शीला कौल यहां से विजयी हुईं। इसके बाद गांधी परिवार के करीबी सतीश शर्मा इस सीट पर दो बार सांसद रहे। केवल तीन बार 1977,1996 और 1998 में इस सीट पर कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा है। 2004 के बाद से लगातार सोनिया गांधी इस सीट से जीतती रही हैं।

## राहुल राजनीति-शतरंज के मंझे हुए खिलाड़ीः जयराम

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** उत्तर प्रदेश की सबसे चर्चित लोकसभा सीटें रायबरेली और अमेठी से कांग्रेस उम्मीदवार को लेकर सस्पेंस खत्म हो गया है। पार्टी ने शुक्रवार को नामांकन के आखिरी दिन उम्मीदवारों के नामों का एलान कर दिया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी इस बार रायबरेली सीट से चुनाव लड़ेंगे, जबकि अमेठी सीट पर पार्टी ने किशोरी लाल शर्मा को उम्मीदवार बनाया है। किशोरी लाल को सोनिया गांधी का करीबी माना जाता है। वे पहली बार चुनाव लड़ रहे हैं, जबकि राहुल गांधी इससे पहले अमेठी सीट से चुनाव लड़ते आए हैं। इससे पहले चर्चा थी कि अमेठी से राहुल गांधी चुनाव लड़ेंगे और रायबरेली से प्रियंका गांधी चुनावी मैदान में उतर सकती हैं। हालांकि, पार्टी ने अचानक रणनीति बदली और दोनों सीटों पर नए चेहरे उतारने का फैसला लिया। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने इसे पार्टी की एक बड़ी चाल के रूप में बताया है। रमेश ने कहा कि राहुल राजनीति और शतरंज के मंजे हुए खिलाड़ी हैं। सोच-समझ कर दांव चलते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हर झूठ का जवाब सच से देकर उनकी बोलती बंद कर रही हैं, इसलिए यह जरूरी था कि उन्हें सिर्फ अपने चुनाव क्षेत्र तक सीमित न रखा जाए।

## राहुल पर पीएम ने कसा तंज..डरो मत! भागो मत!



**टीम एक्शन इंडिया**

**बर्धमान:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी राहुल गांधी और सोनिया गांधी पर हमला बोला है। प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के बर्धमान में आयोजित एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि राहुल गांधी अमेठी से चुनाव लड़ने से डर गए हैं। यही वजह है कि उन्होंने इस बार अमेठी की जगह रायबरेली से चुनाव लड़ने का फैसला किया है। अपने भाषण के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस नेता सोनिया गांधी पर भी निशाना साधा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि राहुल गांधी से पहले सोनिया गांधी भी डरकर राजस्थान चली गई थीं। कांग्रेस अब जिस स्थिति में है, उससे ये तो साफ है कि उनकी इस बार पहले से भी कम सीटें आ रही हैं। मैंने पहले से ही बता दिया था कि शहजादे वायनाड में हार के डर से अपने लिए दूसरी सीट खोज रहे हैं। अब इन्हें अमेठी से भागकर रायबरेली सीट चुननी पड़ी है। ये लोग घूम-घूम कर सबको कहते हैं- डरो मत! मैं भी इन्हें यही कहूंगा- डरो मत! भागो मत! दरअसल, सोनिया गांधी अब तक रायबरेली से सांसद थीं, लेकिन इस बार वे यहां से लोकसभा चुनाव नहीं लड़ रही हैं। वे अब राजस्थान से राज्यसभा सांसद हैं। उनकी जगह इस बार राहुल गांधी मैदान में हैं। राहुल गांधी रायबरेली से चुनावी मैदान में क्यों उतरे इस पर कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने रणनीति बताई है। जयराम रमेश ने कहा कि राहुल गांधी की रायबरेली से चुनाव लड़ने की खबर पर लोग तमाम तरह की राय दे रहे हैं। लेकिन वह राजनीति और शतरंज के मंजे हुए खिलाड़ी हैं। सोच समझ कर दांव चलते हैं। ऐसा निर्णय पार्टी के नेतृत्व ने बहुत विचार विमर्श करके बड़ी रणनीति के तहत लिया है। इस निर्णय से भाजपा, उनके समर्थक और चापलूस ढेर हो गये हैं।

**हमला बोला**

⏩ ये लोग घूम-घूम कर सबको कहते हैं- डरो मत! मैं भी इन्हें यही कहूंगा- डरो मत! भागो मत!

## 'सिल्क रूट की तरह गेम चेंजर होगा भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा (आईएमईसी) रेशम मार्ग (सिल्क रूट) की तरह एक बड़ा गेम चेंजर साबित होगा। आईएमईसी के लिए पिछले साल भारत की मेजबानी में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान एक समझौता हुआ था। एक इंटरव्यू में पीएम मोदी ने आईएमईसी को लेकर कहा, 'खाड़ी देशों ने सकारात्मक भूमिका निभाई है। अमेरिका और यूरोप ने भी इस पर भारत का समर्थन किया है। जी-20 में सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान, पीएम नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के हाथ मिलाने की तस्वीरों ने विश्व स्तर पर सुर्खियां बटोरी थीं। उन्होंने कहा, जब हम वैश्विक भलाई के लिए काम करते हैं, तो कोई अगर-मगर की बात नहीं होती। आप दुनिया को अपने साथ ले सकते हैं और मेरी यही कोशिश थी। आप मुझे बताएं कि जी8 और जी20 का जन्म कैसे हुआ। जिन मुद्दों के लिए इनका गठन किया गया है, हमें उन मुद्दों से कभी भटकना नहीं चाहिए।

## धर्म आधारित आरक्षण देना चाहती है कांग्रेसः मोदी



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** देशभर में लोकसभा चुनाव का माहौल बना हुआ है। सभी राजनीतिक दल आगामी चरणों के चुनाव को लेकर जमकर प्रचार कर रहे हैं। आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। इस बीच, एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने सबसे पुरानी पार्टी पर हमला करते हुए पूछा कि क्या मुस्लिम समुदाय को आरक्षण का लाभ देने के लिए वायनाड में कोई सौदा हुआ है। इतना ही नहीं, उन्होंने धर्म आधारित आरक्षण को असंवैधानिक करार देते हुए कांग्रेस पर एससी, एसटी और ओबीसी समुदायों से आरक्षण छीनने का आरोप लगाया।

**मेरे मन में एक सवाल:** रिपोर्ट के अनुसार, पीएम मोदी ने कहा, 'मेरे मन में एक सवाल है। क्या वायनाड में कोई सौदा हुआ है कि मुसलमानों को आरक्षण में हिस्सा दिया जाएगा और बदले में हमें वायनाड की सीट जिताओ? देश यह जानना चाहता है।' उन्होंने आगे कहा कि आज क्या हो रहा है। क्या वे एससी, एसटी और ओबीसी समुदायों से आरक्षण छीनने के तरीके ढूंढ रहे हैं।

**पूछा सवाल**

⏩ क्या मुस्लिम समुदाय को आरक्षण का लाभ देने के लिए वायनाड में कोई सौदा हुआ है?

## केजरीवाल की जमानत पर होगी सुनवाई

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपनी गिरफ्तारी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की हुई है। इस मामले में जितनी सुनवाई हुई वह केजरीवाल के लिए कई मायनों में राहत देने वाली रही। सुप्रीम कोर्ट की दो जजों की बेंच ने मामले में ईडी और केजरीवाल के वकील की दलीलें सुनने के बाद कहा कि वह चुनाव को देखते हुए केजरीवाल की



अंतरिम जमानत पर विचार कर सकते हैं। हालांकि इस पर मंगलवार को ही कोई फैसला होगा।

**ईडी ने मांगा अपना पक्ष रखने का समय :** इस पर जब ईडी ने कहा कि कोई भी फैसला सुनाए जाने से पहले उन्हें अपना पक्ष रखने का पूरा मौका दिया जाना चाहिए तो कोर्ट ने कहा कि वह अभी इस पर कोई विचार नहीं कर रहे, क्योंकि इसमें समय लगेगा। जब केजरीवाल के वकील ने कोर्ट से मंगलवार की बजाय सोमवार को सुनवाई के लिए कहा तो कोर्ट ने कह दिया कि वह अभी किसी तरह के कमेंट नहीं करेंगे, मंगलवार को ही फैसला सुनाएंगे।

## राहुल को हार का डर कहां-कहां लेकर जा रहाः अनुराग

**टीम एक्शन इंडिया**

**कांगड़ा :** केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा। गगल हवाई अड्डे पर पत्रकारों से बातचीत में अनुराग ठाकुर ने कहा कि कुछ समय पहले तक राहुल गांधी कहते थे डरो मत, डरो मत और डरो मत, अब डर-डरकर कभी अमेठी से वायनाड, कभी वायनाड से रायबरेली। हार का डर कहां-कहां लेकर जा रहा है और डर तो इतना कि एक साथ कहीं दोनों ही ना हार जाए।

## बंगालः 'शिक्षकों की मदद के लिए कानूनी सेल बनाएंगे'

**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकाता :** प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के बर्धमान-दुर्गापुर में एक रैली को संबोधित किया। इस रैली में संबोधन के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि बंगाल भाजपा एक अलग कानूनी सेल बनाएगी, जो उन वास्तविक शिक्षकों को कानूनी मदद देगी, जिनकी नौकरी स्कूल सर्विस आयोग के घोटाले में चली गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह चाहते हैं कि टीएमसी द्वारा किए गए घोटाले में जो लोग शामिल हैं, उन्हें सजा मिलनी चाहिए, लेकिन वह ये नहीं चाहते कि किसी निर्दोष को इससे परेशानी



हो। प्रधानमंत्री ने कहा कि 'बंगाल में टीएमसी ने स्कूलों में शिक्षकों की भर्ती में घोटाला किया, जो बेहद शर्मनाक है। इस घोटाले की वजह से कई योग्य और असल उम्मीदवारों को भी परेशानी उठानी पड़ी। मैंने भाजपा की बंगाल यूनिट से कहा है कि वे पार्टी की तरफ से एक अलग कानूनी सेल और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म बनाएं, जिससे योग्य शिक्षकों को मदद मिल सके।' प्रधानमंत्री ने कहा कि 'भाजपा ईमानदार उम्मीदवारों को मदद मुहैया कराएगी और उनकी लड़ाई लड़ेगी। यह मोदी की गारंटी है।

**पीएम का ऐलान**

⏩ सेल शिक्षकों को कानूनी मदद देगी, जिनकी नौकरी स्कूल सर्विस आयोग के घोटाले में चली गई

## जीएसटी कानून में हुई गिरफ्तारियों का डाटा मांगा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से जीएसटी कानून के तहत हुई गिरफ्तारियों और कानून के तहत भेजे गए नोटिस का पूरा डाटा देने का निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह कानून की व्याख्या करेगा और जरूरी दिशा निर्देश देगा ताकि लोगों की स्वतंत्रता का हनन न हो सके। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस बेला एम त्रिवेदी की विशेष पीठ ने 281 याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए ये निर्देश दिया। इन याचिकाओं में जीएसटी कानून, कस्टम कानून और पीएमएलए कानून के प्रावधानों को चुनौती दी गई है। जीएसटी कानून की धारा



69 को लेकर अस्पष्टता है। इसी धारा में गिरफ्तारी के प्रावधान हैं। अगर जरूरत पड़ी तो वे कानून की व्याख्या करेंगे, लेकिन नागरिकों का शोषण नहीं होने देंगे। पीठ ने केंद्र की तरफ से पेश हुए एडिश्नल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू से कहा 'पिछले तीन वर्षों में एक करोड़ से लेकर 5 करोड़ रुपये तक के कथित डिफॉल्ट के लिए जीएसटी कानून के तहत जितने नोटिस जारी किए गए हैं।

## शक्सगाम घाटी में चीन की नापाक हरकत, भड़का भारत

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: भारत** ने जमीनी स्थिति को बदलने के 'अवैध' प्रयास के तहत शक्सगाम घाटी में निर्माण गतिविधियों के लिए चीन के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को कहा कि शक्सगाम घाटी भारत का हिस्सा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि 1963 के कथित चीन-पाकिस्तान सीमा समझौते को भारत ने कभी स्वीकार नहीं किया है, जिसके तहत इस्लामाबाद ने गैरकानूनी तरीके से यह क्षेत्र बीजिंग को सौंपने की कोशिश की थी। जायसवाल ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि हमने इस मुद्दे पर लगातार अपनी आपत्ति जताई है। हमने जमीनी स्तर पर तथ्यों को बदलने के अवैध प्रयासों के खिलाफ चीनी पक्ष के साथ अपना विरोध दर्ज कराया है। उन्होंने कहा, हम अपने हितों की रक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।



# पार्टी-परिवार की साजिश का कैसे शिकार बनीं प्रियंका:आचार्य प्रमोद

**टीम एक्शन इंडिया**

**गाजियाबाद।** कांग्रेस के पूर्व नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने प्रियंका गांधी को रायबरेली या अमेठी कहीं से भी चुनाव न लड़ाने को लेकर बड़ी बात कह दी है। उनका दावा है कि प्रियंका गांधी बाड्रा कांग्रेस पार्टी और गांधी परिवार की साजिश का शिकार हुई हैं।

**मैंने पहले ही कहा था अमेठी से नहीं लड़ेंगे राहुल:** आचार्य प्रमोद ने जब एएनआई के संवाददाता ने राहुल गांधी के अमेठी छोड़कर रायबरेली से चुनाव लड़ने को लेकर सवाल किया तो उन्होंने कहा, मैंने पहले ही कहा था राहुल अमेठी से चुनाव नहीं लड़ेंगे।

**प्रियंका के खिलाफ हुई बहुत बड़ी साजिश:** इसके साथ ही उन्होंने कहा, मैंने ये भी कहा था कि वो प्रियंका गांधी को भी चुनाव नहीं लड़वाएंगे। आप मेरी बाइट, ट्वीट आदि सब देख सकते हैं। प्रियंका गांधी के खिलाफ पार्टी और परिवार में बहुत बड़ी साजिश हुई है। पार्टी और परिवार की साजिश का शिकार हुई है बेटी।

**अगर अमेठी छोड़ा तो बनारस से लड़ते राहुल...:** राहुल गांधी ने जिस तरह से अमेठी से पलायन किया है, उनकी जगह अगर कोई और नेता होता जो अपनी विश्वसनीयता और स्वीकार्यता को ध्यान में रखकर फैसला लेता तो...।

## भतीजे ने पीछे से पकड़ा और छोटे भाई ने चाकू से किए ताबड़तोड़ वार

**टीम एक्शन इंडिया**

**गाजियाबाद।** हिंडन विहार में गुरुवार शाम हुए हाजी मूसा हत्याकांड में एक वीडियो सामने आया है। हाजी मूसा पर ताबड़तोड़ चाकू से वार करने के बाद उसका भाई गुलजार खून सनी शर्ट पहने गली से गुजरता हुआ दिख रहा है। 10 सेकंड के वीडियो में वह गली में चलते हुए अपनी शर्ट उतारता जा रहा है। मृतक के बेटे शाहरुख की शिकायत पर मूसा के भाई गुलजार, जैद, एहसान और दो अज्ञात हमलावरों पर चाकू से वार कर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस का कहना है कि फरार आरोपितों की तलाश की जा रही है।

**छोटे भाई ने डेरी संचालक की चाकू मारकर हत्या की:** नंदग्राम थानाक्षेत्र के हिंडन विहार में गुरुवार शाम जमीनी विवाद में डेरी संचालक हाजी मूसा कुरैशी की उनके छोटे भाई सुंदर उर्फ गुलजार ने चाकू मारकर हत्या कर दी। परिवार का कहना है कि आरोपित ने चाकू मारा और उसके बेटे जैद ने पीछे से पकड़ा। हमला करने के बाद दोनों आरोपित मौके से फरार हो गए। स्वजन ने घायल अवस्था में हाजी मूसा को यशोदा अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। हिंडन विहार में हाजी मूसा कुरैशी भैंस की डेयरी चलाते थे। मृतक के साले दिल्लू उर्फ दिलशाद ने बताया कि प्रॉपर्टी को लेकर दोनों भाइयों में विवाद चल रहा था। गुरुवार शाम उनके बहनोई हाजी मूसा डेयरी में दूध निकाल रहे थे। तभी मौके पर चाकू लेकर पहुंचे गुलजार और उसके बेटे जैद ने हमला बोल दिया।

## दूषित पानी पीने से 200 से ज्यादा लोग बीमार

**साहिबाबाद।** इंदिरापुरम की साया गोल्ड सोसायटी में दूषित पानी पीने से 200 से ज्यादा लोग बीमार हो गए हैं। लोगों का कहना है कि पानी में कई दिन से सीवर का पानी मिलकर आ रहा था, जिसे लोग पी रहे थे। पानी पीने से 100 से ज्यादा बच्चे और बड़े कुल मिलाकर 200 से ज्यादा लोग बीमार हो गए हैं। सोसायटी में इतने ज्यादा लोगों के बीमार होने से सोसायटी के लोगों में आक्रोश है। शुरुआत में लोगों को पता नहीं चल रहा था कि आखिर लोग बीमार क्यों हो रहे हैं, लेकिन बाद में जब जांच की गई तो पता चला कि दूषित पानी पीने से सोसायटी में 200 से ज्यादा लोग बीमार हो गए हैं। लोग इसके विरोध में सोसायटी में शुक्रवार को हंगामा कर रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीम सोसायटी में पहुंची है। काफी संख्या में लोग दवा ले रहे हैं। बच्चों को उल्टी-दस्त, पेट में दर्द सहित अन्य दिक्कत हो रही है।

---

**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव

**शुद्धिपत्र**

संदर्भ: निविदा सूचना संख्या 07/2024–2025 दिनांक 26.04.2024. क्र.सं. 01
निविदा संख्या 16240040A खुलने की तिथि 22.05.2024

उपरोक्त संदर्भित निविदा में, मात्रा को संशोधित किया गया है। निविदा खोलने की तिथि भी 22.05.2024 से बढ़ाकर 30.05.2024 कर दी गई है। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित ही रहेंगी। शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है।

दिनांक: 02.05.2024 1335/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

---

**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव

**खुली ई–निविदा सूचना**

उप मुख्य अभियंता/टी.एम.सी./ला., उत्तर रेलवे, स्टेट एन्ट्री रोड, नई दिल्ली (भारत के राष्ट्रपति की ओर से) द्वारा मुहरबंद निम्नलिखित कार्य हेतु एक पैकेट खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का विवरण और स्थान | उप मुख्य अभियंता/टी.एम.सी./ला. उत्तर रेलवे स्टेट एन्ट्री रोड, नई दिल्ली के अधीन अगले दो वर्षों में टैम्पिंग बैंकों के 18 सेट (सीएसएम/डब्ल्यूएसटी/वीपीआर = 05 सेट, यूनिमैट–2एस/3एस = 02 सेट, यूनिमैट–4एस/एमपीटी = 02 सेट, एमएफआई = 04 सेट, सीएसएम/डीयूओ संशोधित प्रकार = 02 सेट और पीसीटी/सीआरसीसी = 03 सेट) का ओवरहालिंग का कार्य। |
| 2. | कार्य समाप्त अवधि | 24 महीने |
| 3. | अनुमानित लागत | ₹ 8,94,61,215.00 |
| 4. | धरोहर राशि (ऑनलाइन जमा) | ₹ 5,97,300.00 |
| 5. | निविदा पत्र का मुल्य (ऑनलाइन जमा) | रू– शून्य। |
| 6. | निविदा जमा करने व खुलने की तिथि एवं समय | निविदा प्रपत्र दिनांक 06.05.2024 से दिनांक 27.05.2024 तक सायंकाल 15:00 बजे तक रेल वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध रहेगा। निविदा 27.05.2024 को अपराह्न 15:00 बजे के बाद खुलेगी। |
| 7. | निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र का पूर्ण विवरण | इस निविदा की सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदा प्रपत्र बिडिंग के लिए IREPS (www.ireps.gov.in) पर दिनांक 13.05.2024 से दिनांक 27.05.2024 तक उपलब्ध रहेगा। निविदा से संबंधित सभी नियम व शर्त निविदा प्रपत्र में दी गयी हैं। निविदा सूचना का विवरण इस कार्यालय के सूचना पटल पर भी देख सकते हैं। |

प. सं.– 1-डब्ल्यू–उ.मु.अभि.–टी.एम.सी.–ला.–टी.बी-01-24-25 दिनांक– 03.05.2024 1351/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

---

**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव

**'एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना के तहत स्टॉल स्थापित करने हेतु आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं:**

क) स्टॉल: **गुड़गांव, पानीपत, दिल्ली कैंट, मुजफ्फरनगर, दिल्ली शाहदरा, मेरठ सिटी और मेरठ कैंट स्टेशनों पर।**

ख) ट्रालीः पालम, दिल्ली सफदरजंग, शिवाजी ब्रिज, तिलक ब्रिज, मुरादनगर, परतापुर, देवबंद, खतौली, फरीदाबाद, फरीदाबाद न्यू टाउन, शामली, बागपत रोड, बल्लभगढ़, बड़ौत, खेकड़ा, नोली, तुगलकाबाद, शकूरबस्ती, नरेला, नांगलोई, दिल्ली सराय रोहिल्ला, दिल्ली किशन गंज, सांपला, सकौती टांडा और मोदीनगर स्टेशनों पर।

- गुड़गांव, मुजफ्फरनगर और मेरठ कैंट स्टेशनों पर स्टॉल स्थापित करने की अवधि प्रति चरण में 90 दिन होगी।
- उपरोक्त (ख) समूह के अंतर्गत दिए गए स्टेशनों पर ट्राली स्थापित करने की अवधि 30 दिन होगी।
- NSG 1, 2 और 3 स्टेशनों पर रजिस्ट्रेशन शुल्क 2000 रु. की दर से प्रत्येक तीस दिनों की अवधि के लिए हर बार अलग से लिया जाएगा और NSG 4 (पालम, बल्लभगढ़, बड़ौत, फरीदाबाद न्यू टाउन, नोली, तुगलकाबाद, शकूरबस्ती, नरेला, मुफ्फरनगर और मोदीनगर), NSG 5 (शामली, बागपत रोड, खेकड़ा, नांगलोई, दिल्ली किशनगंज, सांपला, मेरठ कैंट, खतौली, शिवाजी ब्रिज, तिलक ब्रिज, मुरादनगर, देवबंद और दिल्ली सफदरजंग) & NSG 6 (परतापुर और सकौती टांडा) स्टेशनों के लिए रजिस्ट्रेशन शुल्क 1000 रु की दर से प्रत्येक तीस दिनों की अवधि के लिए हर बार अलग से लिया जाएगा।
- प्रतिभागी के लिए पात्रता मानदंड निम्नलिखित हैं:
  - क) विकास आयुक्त हस्तशिल्प, विकास आयुक्त हथकरघा, या अपेक्षित राज्य/केंद्र सरकार प्राधिकरण द्वारा जारी कारीगरों/बुनकर आईडी कार्ड धारक।
  - ख) भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ लिमिटेड (ट्राइफेड)/राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम (एनएचडीसी)/खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी)/गैर सरकारी संगठन और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के उद्यम पोर्टल पर सूक्ष्म उद्यमों के साथ पंजीकृत और सामाजिक संगठनों, राज्य सरकार के साथ निकायों आदि के साथ नामांकित/पंजीकृत व्यक्तिगत कारीगर/बुनकर/शिल्पकार।
  - ग) पीएमईजीपी (प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम) के साथ पंजीकृत स्वयं सहायता समूह।
  - घ) समाज के हाशिए पर या कमजोर वर्ग।
  - ङ) किसी भी अलग प्रतीक चिन्ह की अनुमति प्रदान नही की जाएगी।
- आवेदक को स्टेशन अधीक्षक को एक वचन पत्र प्रस्तुत करना होगा जिसमें यह संकेत दिया जाएगा कि ट्रेन संचालन, यात्री सुरक्षा और रेलवे की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव डालने के लिए कोई गतिविधि नहीं की जाएगी।
- आवेदक द्वारा का आवेदन इस अधिसूचना के जारी होने के बाद 09.05.2024, 15:00 बजे तक स्टेशन अधीक्षक को संबोधित व जमा किया जा सकता है व उसी दिन खोला जाएगा।
- सभी अनुमोदित प्रतिभागियों का प्राथमिकता रोस्टर बनाने के लिए एसएस और स्टेशन प्रबंधक/अनुभागीय सीएमआई और नामांकित वित्त प्रतिनिधि द्वारा सभी अनुमोदित आवेदकों की उपस्थिति में स्टेशन पर आयोजित ड्रा के माध्यम से प्राथमिकता निर्धारित की जाएगी।
- 'एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना रेलवे बोर्ड वाणिज्यिक परिपत्र संख्या: 12/2022 एवं 09/2023 के तहत/अधीन मान्य होगी, उपरोक्त परिपत्र वेबसाइट: www.indianrailways.gov.in & URL: https://indianrailways.gov.in/railwayboard/uploads/directorate/traffic_comm/Comm_Cir_2022/OSOP%20Policy.pdf और https://indianrailways.gov.in/railwayboard/uploads/directorate/traffic_comm/Comm_Cir_2023/_CC%20%2009%20of%202023 पर उपलब्ध है।
- इस से सम्बंधित किसी भी जानकारी के लिए आवेदक संबंधित स्टेशनों के स्टेशन अधीक्षक या सीएमआई से संपर्क कर सकता है।

1333/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

---

**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई–नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की तरफ से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे अंबाला छावनी द्वारा मण्डल के निम्नलिखित स्टेशनों पर पार्किंग के ठेके आवंटित करने हेतु है नीलामी रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in के माध्यम से बोली आमंत्रित की जा रही है। धरोहर राशी बोली की 5% होगी तथा बोली कम से कम बोली मूल्य से 0.2% बढ़ा कर लगानी होगी। आवंटित की जाने वाले पार्किंग ठेको का विवरण निम्नलिखित है।

| क्र सं | नीलामी काटलोग सं. | लॉट सं./श्रेणी | कार्य का विवरण | रेट यूनिट | ट्रिप्स/दिन | नीलामी प्रारम्भ तिथि व समय | नीलामी बंद होने की तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | UMB Parking 0424 | Parking-UMB-BTI-MX-71-23-1 (Parking-Mixed) | बठिंडा रेलवे स्टेशन (सर्कुलर एरिया) (मैन साइड) पर दो पहिया, तीन पहिया और चार पहिया का संयुक्त ठेका। कुल एरिया – 5847.85 वर्ग मी। | वार्षिक लैसेंस फीस | 1095 | 17.05.2024 10.00:00 | 17.05.2024 10.30:00 |
| 2. | UMB Parking 0424 | Parking-UMB-AADR-MX-77-24-1 (Parking-Mixed) | आम्ब अन्दोरा रेलवे स्टेशन (सर्कुलर एरिया) पर दो पहिया, तीन पहिया और चार पहिया का संयुक्त ठेका। कुल एरिया–1785.44 वर्ग मी। | वार्षिक लैसेंस फीस | 1095 | 17.05.2024 10.00:00 | 17.05.2024 10.40:00 |
| 3. | UMB Parking 0424 | Parking-UMB-ANSB-MX-76-24-1 (Parking-Mixed) | आनंदपुर साहिब रेलवे स्टेशन (सर्कुलर एरिया) पर दो पहिया, तीन पहिया और चार पहिया का संयुक्त ठेका। कुल एरिया–2384.74 वर्ग मी। | वार्षिक लैसेंस फीस | 1095 | 17.05.2024 10.00:00 | 17.05.2024 10.50:00 |
| 4. | UMB Parking 0424 | Parking-UMB-DLPC-MX-73-24-1 (Parking-Mixed) | दौलतपुर चौक रेलवे स्टेशन (सर्कुलर एरिया) पर दो पहिया, तीन पहिया और चार पहिया का संयुक्त ठेका। कुल एरिया–704 वर्ग मी। | वार्षिक लैसेंस फीस | 1095 | 17.05.2024 10.00:00 | 17.05.2024 11.00:00 |
| 5. | UMB Parking 0424 | Parking-UMB-CDG-MX-75-24-1 (Parking-Mixed) | चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन (पंचकुला साइड) द्वितीय एंट्री पर दो पहिया और चार पहिया (नॉन कमर्शियल) का संयुक्त ठेका। | कुल लाइसेंस फीस | 92 | 17.05.2024 10.00:00 | 17.05.2024 11.10:00 |
| 6. | UMB Parking 0424 | Parking-UMB-UBC-MX-74-24-1 (Parking-Mixed) | अम्बाला शहर रेलवे स्टेशन पर 815.89 वर्ग मी का दो पहिया व 1226.12 वर्ग मी का चार पहिया का ठेका। | वार्षिक लैसेंस फीस | 1095 | 17.05.2024 10.00:00 | 17.05.2024 11.20:00 |
| 7. | UMB Parking 0424 | Parking-UMB-SML-PCCV-68-24-1 (Parking-Passenger Carrying Commercial Vehicles) | शिमला एक्सटेंशन पर वाणिज्यिक वाहनों का ठेका। कुल एरिया – 376.11 वर्ग मी। | वार्षिक लैसेंस फीस | 1095 | 17.05.2024 10.00:00 | 17.05.2024 11.30:00 |

नीलामी आमंत्रण सूचना नीलामी प्रपत्र एक बार पंजीकरण व अधिक जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in को देखें।

1334/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

---

**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव

**खुली ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति, सीनियर डिवीजनल मैकेनिकल इंजीनियर (कॉर्ड), उत्तर रेलवे, दिल्ली डिवीजन की ओर से अनुभवी और सक्षम निविदाकर्ताओं से निम्नलिखित कार्य के लिए **'सी एंड डब्ल्यू डिपो एनडीएलएस और एएनवीटी में संबद्ध उपकरणों के प्रावधान के साथ पोर्टेबल केबिन की स्थापना और कमीशनिंग के साथ बायो टॉयलेट लैब की स्थापना'** पर सीलबंद ई-निविदा आमंत्रित करता है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | सी एंड डब्ल्यू डिपो एनडीएलएस और एएनवीटी में संबद्ध उपकरणों के प्रावधान के साथ पोर्टेबल केबिन की स्थापना और कमीशनिंग के साथ बायो टॉयलेट लैब की स्थापना |
| 2. | कार्य स्थल | एनडीएलएस और एएनवीटी |
| 3. | कार्य अवधि | छह महीने |
| 4. | विज्ञापित राशि | रु. 56,88,550.80/- (जी.एस.टी. सहित) |
| 5. | बयाना राशि | रु. 1,13,800/- |
| 6. | निविदा प्रपत्र मूल्य | रु. 0/- |
| 7. | ई-निविदा प्रपत्र प्राप्त करने का समय | दिनांक 10/05/2024; 18:30 बजे से 24/05/2024 15:00 बजे तक |
| 8. | ई-निविदा बॉक्स बंद होने की तिथि और समय | दिनांक 24/05/2024 को 15.00 बजे |
| 9. | ई-निविदा खुलने की दिनांक एवं समय | दिनांक 24/05/2024 को 15.00 बजे, यदि खोलने की तारीख अवकाश होता है तो ई-निविदा अगले कार्य दिवस पर खोली जाएगी |
| 9. | ई-निविदा खोलने का स्थान | मैकेनिकल विभाग, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, उत्तर रेलवे, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली – 110055 |

नोट:- निविदा का पूरा विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in में पाया जा सकता है।

सं. 116-एस/बायो-टॉयलेट लैब./23-24/एमसी.IV 1342/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

---

**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई–प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

टेंडर नोटिस सं. 09/2024-2025 दिनांक 03.05.2024

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र.सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 10240052A | फायर रेतर्दान्त कर्टन फैब्रिक (ब्लू कलर) | 12783 मीटर | 27.05.24 |
| 02 | 16243593 | लेटरल डैम्पर 200 KG | 433 नग | 28.05.24 |
| 03 | 07231399B | वैल्यू मैगनेट जी–21,110वी | 280 नग | 03.06.24 |
| 04 | 12231005 | सिंगल कोर एलास्टोमेरिक केबल साइज 240 एस क्यू एम एम, 1500 वोल्ट्स | 1760 मीटर | 03.06.24 |
| 05 | 07233446 | एक्सल बॉक्स पिवट बुश विथ सॉलिड | 3228 नग | 01.07.24 |
| 06 | 07235154A | डोर अरेंजमेंट (RH & LH) | 40 सेट | 24.07.24 |

निविदा शर्तें–1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती हैं। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

1336/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

---

## गुमशुदा की तलाश


सोनू

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि यह महिला जिसका नाम **सोनू**, पत्नी सुरेंद्र, निवासी WZ-10, नंगली जालिब गांव, B-1, जनकपुरी, दिल्ली, जो दिनांक 10.12.2022 को सुबह लगभग 06:00 बजे से अपने घर से लापता है। इस संबंध में **डीडी संख्या 140ए, दिनांक 10.12.2022,** को **पुलिस थाना जनकपुरी, दिल्ली,** में दर्ज की गई है। स्थानीय पुलिस द्वारा इस लापता महिला की तलाश करने की कोशिश की गयी है लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं मिल पाया।

इस लापता महिला का विवरण इस प्रकार है :
**लिंग** : स्त्री, **उम्र** : 27 वर्ष, **कद** : 5'3", **रंग** : गेहुंआ, **चेहरा** : गोल, **शरीर** : सामान्य, **पहनावा** : काला सूट सलवार।

इस गुमशुदा महिला के बारे में यदि कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित को सूचित करें :

**ई–मेल : cic@cbi.gov.in**
**फोन : 011-24368638, 24368641**
**फैक्स : 011-24368639**

थाना प्रभारी
पुलिस थाना जनकपुरी, दिल्ली
फोन नं. : **8750871129**
ई–मेल : **sho-janakpuri-dl@nic.in**

DP/5165/WD/2024

---

**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव

**इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110055 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| क्र. सं. | निविदा स. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 93245936 | माइक्रो नियंत्रक आधारित बहुउद्देशीय तीन रंग वाली एलईडी रिचार्जेबल टॉर्च अनुलग्नक ए में संलग्न विशिष्टता के अनुसार है। | 10880 नग | 28.05.2024 |

निविदा शर्तें 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है।
2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।

टेंडर नोटिस सं0 93245936 दिनांक : 03.05.2024 1340/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

---

## पहचान की अपील



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात व्यक्ति जिसका **नाम**: सुरेश, **पुत्र**: नामालूम **निवासी**: नामालूम **उम्र** : लगभग 55 साल, **कद** : 5'5", **रंग** : सांवला, **चेहरा** : अण्डाकार, **शरीर** : पतला, **बाल** : सफेद, **कपड़े**: क्रीम रंग की शर्ट और नीले रंग की जीन्स पहने हुए है, जो दिनांक 22.04.2024 को साई बाबा मंदिर के निकट, फ्लाईओवर के नीचे, नजफगढ़, नई दिल्ली में मृत अवस्था में पाया गया है। इस संदर्भ में डीडी सं. 153ए दिनांक 22.04.2024 थाना नजफगढ़, दिल्ली में दर्ज है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृत व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो निम्नलिखित को सूचित करने की कृपा करें–

**थानाध्यक्ष :**
**थाना नजफगढ़, दिल्ली**
**द्वारका जिला, दिल्ली**
**दूरभाष सं. 011-25016500, 25016200, 8750871027,**

DP/5290/DW/2024

---

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सेफेन**, पुत्र डियोमांडे निवासी **डब्ल्यूजेड-19, तीसरी मंजिल, गली नंबर 11, संतगढ़ तिलक नगर, दिल्ली** ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 682/2021 धारा 14/14सी फोरेनर एक्ट, थाना तिलक नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **सेफेन** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **सेफेन** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 682/2021 धारा 14/14सी फोरेनर एक्ट, थाना तिलक नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **सेफेन** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **12.07.2024** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**देवांशु सजलान**
**महानगर दण्डाधिकारी, कमरा नं.289**
**दुसरी मंजिल, तीस हजारी कोर्ट दिल्ली**

दि.पु./4878/पश्चिम जिला/2024

---

**उत्तर मध्य रेलवे**

**निविदा सूचना संख्या** : EL-C-PRYJ-07-24-25 **दिनांक**: 01.05.2024

**ई-निविदा सूचना (विद्युत निर्माण)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण/उत्तर मध्य रेलवे/प्रयागराज निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-निविदा **दिनांक 28.05.2024 समय 15:30 बजे** तक आमंत्रित करते हैं। निविदा सम्बन्धी विस्तृत विवरण निम्नवत् है:-

**निविदा खुलने की तिथि**: 28.05.2024

| | |
|---|---|
| **क्र0 सं0** : 1 | **प्रकाशित कार्य की लागत (रू0 में)** : ₹ 10,73,85,378.43 |
| **कार्य का नाम**: प्रोविजन ऑफ एरियल अर्थ कंडक्टर, बरीड अर्थ कंडक्टर एंड फीडर वायर रिलेटेड विथ 2 x 25 के वी ए0 सी0 सिस्टम इन ब्लॉक सेक्शन छिवकी-करछना-भीरपुर 18 किमी एंड ब्लॉक सेक्शन कैलहट-अहरौरा रोड-जिवनाथपुर-ब्लॉक हट के 18 किमी, रुमा-चकेरी-चंदारी-थर्ड लाइन 12.5 किमी एंड दादरी-चिपियाना रोड 12 किमी इन कनेक्शन विथ थर्ड लाइन बिटवीन प्रयागराज एंड पंडित डीन दयाल उपाध्याय ऑफ प्रयागराज डिवीजन ऑफ नार्थ सेंट्रल रेलवे। | |
| **बोली प्रतिभूति (रू0 में)**: ₹ 6,86,900.00 | **कार्य अवधि**: 12 माह |

**नोटः-** (1) उपरोक्त सभी ई-निविदाओं का पूरा विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर समय 15:30 बजे टेण्डर खुलने की तिथि तक उपलब्ध है। (2) उपरोक्त सभी निविदाओं में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेंडरों को चाहिए कि वे अपने आपको Digital हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। (3) किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिए IREPS की वेबसाइट की हेल्पलाइन से संपर्क किया जा सकता है। **783/24(A)**

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @northcentralrailway | @CPRONCR

---

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा–ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा–ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े–लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# राजनाथ का कांग्रेस पर तीखा हमला

## 'देश को हिंदू और मुसलमान में बांटने की राजनीति कर रही है कांग्रेस, कानून लाकर जनता की कमाई पर डाका डालना चाहती है कांग्रेस'

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हरियाणा के रोहतक से कांग्रेस पर तीखा हमला किया है। भाजपा प्रत्याशी डा. अरविंद शर्मा की नामांकन जनसभा में बोलते हुए रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि देश को हिंदू-मुस्लमान में बांटना चाहती है। उन्होंने हमला तीखा करते हुए यह भी कहा कि कांग्रेस देश को कंगाल करने पर तुली हुई है और जनता की कमाई पर डाका डालना चाहती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ऐसा कानून लाना चाहती है कि व्यक्ति की मृत्यु के बाद उसकी संपत्ति का 55 प्रतिशत हिस्सा सरकार के पास चला जाए और 45 प्रतिशत परिवार के पास रहे। कांग्रेस को



यह आइडिया कांग्रेस के ही एक नेता सैम पित्रोदा ने दिया है,जो खुद इंडियन कांग्रेस के नाम से संगठन चलाते हैं। श्री सिंह ने कहा कि कांग्रेस की सारी कोशिशें बेकार हो जाएगी, क्योंकि देश की जनता को दुनिया की कोई ताकत बहका नहीं सकती।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि कांग्रेस हिंदू और मुसलमान में देश को बांटकर राजनीति करना चाहती है और इसलिए उसने धर्म के आधार पर आरक्षण की बात कही है। जबकि भारत के संविधान में धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस झूठ की राजनीति कर रही है, लेकिन भाजपा विकास और इंसाफ की राजनीति को प्राथमिकता देती रही है और आगे भी देती रहेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस किस प्रकार की राजनीति करती है इसका उदाहरण इस बात से लिया जा सकता है कि पाकिस्तान के एक पूर्व मंत्री ने पुलवामा में आतंकवादी हमले के बाद कहा था कि यह आतंकवादी हमला पाकिस्तान ने करवाया था और पाकिस्तान के मंत्री कांग्रेस के राहुल गांधी की खुलकर तारीफ करते हैं। राजनाथ सिंह ने कहा कि कांग्रेस को यह बताना चाहिए कि पाकिस्तान से उनका कैसा रिश्ता है।

**कांग्रेस को घेरा**

कांग्रेस देश को कंगाल करने पर तुली हुई है और जनता की कमाई पर डाका डालना चाहती है

# भाजपा ने हर गरीब मजदूर, किसान, युवा महिलाओं की आवाज को दबाया: वरुण

**जनसंपर्क**

इंडिया गठबंधन के वरुण ने यमुनानगर विधानसभा क्षेत्र के गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया



**टीम एक्शन इंडिया**

**यमुनानगर:** अंबाला लोकसभा से इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार वरुण चौधरी शुक्रवार को यमुनानगर विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों में जनसंपर्क कार्यक्रमों में पहुंचे। जहां उनका गर्मजोशी से भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर कांग्रेस के सभी बड़े नेता एक मंच पर साथ नजर आए। गांव बलाचौर के जनसंपर्क कार्यक्रम की शुरूआत के दौरान उन्होंने जनता को संबोधन में कहा कि 10 वर्षों में भाजपा ने देश को बांटने का काम किया है। विकास के नाम पर देश की संपत्ति को बेच है। वहीं प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी वाले बयान पर कि चार जून के बाद पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा हरियाणा में नजर नहीं आएंगे को लेकर कहा कि मुख्यमंत्री को अभी से ही भूपेन्द्र सिंह हुड्डा नजर नहीं आ रहे हैं, उन्हें अपना चश्मा बदलने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भाजपा देश के संविधान को बदलने चाहती है। भाजपा ने लोकतंत्र को एकतंत्र में बदल दिया है। देश में मजदूर, किसान, युवा, पहलवान और हर एक व्यक्ति की आवाज को दबाया गया है। जनत इससे छुटकारा चाहती है और 25 मई को जनता इसका जवाब वोट की चोट से दे।

## न्यूज फ्लैश

### नई शिक्षा नीति से शिक्षक वर्ग में रोष : ढांडा



**टीम एक्शन इंडिया**

कैथल :आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा को शुक्रवार को हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ की समस्त प्रदेश कार्यकारिणी ने प्रधान धर्मेंद्र ढांडा के नेतृत्व में अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा। उनके साथ आम आदमी पार्टी के एजुकेशन विंग के प्रदेश उपाध्यक्ष मास्टर सतबीर गोयत भी मौजूद रहे। उन्होंने अपने ज्ञापन में एजुकेशन पॉलिसी 2020 की जमकर आलोचना की और कहा कि ये पॉलिसी बीजेपी सरकार द्वारा शिक्षकों, बच्चों पर थोपी गई है। इसके साथ उन्होंने प्रदेश के सरकारी स्कूलों को विलय करने के नाम बंद करने को लेकर भी सरकार की नीति के विरोध अपना मांग पत्र सौंपा।

उन्होंने कहा कि हरियाणा में चिराग योजना, मॉडल संस्कृति स्कूलों के नाम पर फीस थोपना, ऑनलाइन तबादलों, पदों व स्कूलों का रैशनलाइजेशन करने के नाम पर सार्वजनिक शिक्षा के ढांचे पर अप्रत्याशित हमला किया जा रहा है।अलोकतंत्रिक शिक्षा नीति 2020 को लेकर शिक्षकों में ही नहीं, अभिभावकों और नागरिकों में भी भारी आक्रोश फैल रहा है।

अनुराग ढांडा ने कहा कि आम आदमी पार्टी शिक्षा, स्वास्थ्य और मूलभूत सुविधाओं को लेकर राजनीति करती है। सबसे पहले हरियाणा में आम आदमी पार्टी ने सरकारी स्कूल को विलय करने और बंद करने का विरोध किया था। आम आदमी पार्टी हरियाणा में सरकार बनने पर दिल्ली की तर्ज पर सरकारी स्कूलों को प्राइवेट से बेहतर किया जाएगा। वहीं हर बच्चे को फ्री दाखिला दिया जाएगा। उन्होंने शिक्षकों को लेकर भी बेहतर नीति बनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि अब तक बीजेपी सरकार हरियाणा में हजारों स्कूलों को बंद कर चुकी है कई से अधिक शिक्षकों के पद समाप्त कर चुकी है। उन्होंने कहा हरियाणा में आम आदमी पार्टी की सरकार आने पर दिल्ली और पंजाब की तर्ज पर सरकारी स्कूलों में प्राइवेट स्कूलों से भी बेहतर सुविधाएं दी जाएंगी। इसी तर्ज पर पंजाब में भी शिक्षा क्रांति की दिशा में काम हो रहा है।

### हरियाणा में इंडिया गठबंधन को मिला एक ओर साथी, पंथक अकाली दल का सभी सीटों पर समर्थन का ऐलान

**चंडीगढ़** : हरियाणा में इंडिया गठबंधन को एक और साथी मिला है। शिरोमणी पंथक अकाली दल हरियाणा 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में प्रदेश की सभी दस सीटों पर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों का समर्थन करेगा। न केवल लोगों को बीच इन प्रत्याशियों को जिताने के लिए अपील की जाएगी बल्कि भाजपा के विरोध का भी आह्वान किया जाएगा। पार्टी के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ सिख नेता जगदीश सिंह झींडा ने शुक्रवार को यह ऐलान किया। इससे पहले गुरुद्वारा डेरा कार सेवा में पार्टी की सात सदस्यीय कोर कमेटी की बैठक हुई, जिसमें विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के बाद झींडा ने कहा कि सिखों के हितों की लड़ाई लड़ने के लिए यह राजनीतिक पार्टी बनाई हुई है और इन चुनावों को लेकर पहले 27 अप्रैल को नौ सीटों पर इंडिया गठबंधन को समर्थन का निर्णय लिया गया था जबकि करनाल सीट बाकी थी। अब यहां पर भी कांग्रेस प्रत्याशी दिव्यांशु बुद्धिराजा को बनाया गया है। शुक्रवार को कोर कमेटी ने इस सीट को लेकर भी समर्थन देने का निर्णय लिया।

अब हर गांव व शहर में पार्टी के कार्यकर्ता व पदाधिकारी जाएंगे, जहां इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को जिताने व भाजपा के विरोध में प्रचार किया जाएगा। यहां तक कि करनाल में पूर्व मुख्यमंत्री व वर्तमान मुख्यमंत्री के चुनाव में उनके विरोध में प्रचार करते हुए इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को पहले से भी ज्यादा रिकार्ड मतों से जिताने का कार्य किया जाएगा। झींडा ने कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों को एमएसपी देने के नाम पर लाठियां दी है, उन्हें दिल्ली तक जाने से भी कीलें गाड़कर रोका। ऐसे में अब खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। इस दौरान अवतार सिंह चक्कू, अपार सिंह, दलजीत बाजवा, सुरेंद्र सिंह भी मौजूद थे। झींडा ने कहा कि इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों के समक्ष भी प्रमुख रूप से दो मांगों को रखा जाएगा।

# कांग्रेस का चरित्र कौरवों की तरह है : मनोहर लाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** सोनीपत में भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल बड़ौली की नोमिनेशन सभा में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि कांग्रेस द्वारा 55 सालों से बोए गए कांटों को अब पीएम मोदी हटा रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस को कौरवों की टीम कहा। उन्होंने कहा कि चुनाव कौरव और पांडवों के बीच की लड़ाई जैसा है। इस चुनावी जंग में कांग्रेस का चरित्र कौरवों जैसा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्र को विकसित राष्ट्र बनाने की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने 55-60 साल के शासन में धारा-370, नक्सलवाद व आतंकवाद जैसे कांटे देश में बोए हैं। प्रधानमंत्री



मोदी ने 10 सालों में इन कांटों को दूर हटाया है और देश को मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन में बिहार से लेकर केरल तक अलगाववाद का गलियारा बन गया था जिसे पीएम मोदी ने खत्म किया और भारत को कश्मीर से कन्याकुमारी तक मजबूत करने का काम किया है। मनोहर लाल ने सभा में बोलते हुए कहा कि कांग्रेस ने देश पर कभी शासन नहीं किया। देश पर तो नेहरू परिवार ने राज किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने भी यह मान लिया है कि उनका राज अब आने वाला नहीं है। कांग्रेस के गरीबी हटाओ नारे और महिलाओं को एक-एक लाख रुपये देने के वादे पर कटाक्ष करते हुए मनोहर लाल ने कहा कि कांग्रेस झूठ बोलती है।

कांग्रेस कभी भी गरीबी खत्म नहीं कर सकती, क्योंकि गरीबी के सहारे ही तो कांग्रेस सत्ता में आने का सपना संजोती रही है। मनोहर लाल ने कहा कि गरीबी को मोदी सरकार समाप्त कर रही है।

**घेरा**

कांग्रेस द्वारा 55 साल से बोए गए कांटों को हटा रहे हैं पीएम मोदी: पूर्व सीएम मनोहर लाल

# दिव्यांशु बुद्धिराजा को मिली कोर्ट से जमानत

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा की करनाल लोकसभा सीट से पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के खिलाफ चुनावी रण में उतरे कांग्रेस प्रत्याशी तथा हरियाणा युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दिव्यांशु बुद्धिराजा को सार्वजनिक संपत्ति को क्षति पहुंचाने के मामले में पंचकूला की अदालत ने शुक्रवार को जमानत पर रिहा कर दिया। वर्ष 2018के इस मामले में बुद्धिराजा के पेश न होने पर अदालत ने भगोड़ा घोषित कर दिया। बुद्धिराजा ने शुक्रवार को अदालत में समर्पण कर जमानत अर्जी पेश की थी। इससे पहले बुद्धिराजा ने पंचकूला की अदालत द्वारा भगोड़ा घोषित करने को पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट में चुनौती दी थी।हाईकोर्ट में गुरुवार को सुनवाई 7मई के लिए स्थगित कर दी गई थी। साथ ही बुद्धिराजा के वकील ने हाईकोर्ट को कहा था कि बुद्धिराजा शुक्रवार को पंचकूला की अदालत में समर्पण करेंगे। बुद्धिराजा करनाल से कांग्रेस प्रत्याशी है, जहां उनका मुकाबला प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल से है।हाईकोर्ट में दायर अपनी याचिका में बुद्धिराजा ने पंचकूला में दर्ज एफआइआर व उन्हें भगोड़ा घोषित करने के पंचकूला अदालत के आदेश को रद करने की मांग की थी।

# जनता की आवाज संसद में बुलंद करेगी जेजेपी: डॉ अजय सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़/दीपिका शर्मा**

जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला ने कहा है कि जेजेपी देश की संसद में जनता की आवाज को बुलंद करेगी। उन्होंने कहा कि जेजेपी जनता के मुद्दों को लेकर लोकसभा चुनाव में उतरी है, जबकि भाजपा 400 पार का झूठा सपना देख रही है जो कि कभी साकार नहीं होगा। जेजेपी प्रत्याशी का नामांकन भरवाने के उपरांत अजय चौटाला पत्रकारों से रूबरू थे। शुक्रवार को जेजेपी के तीन लोकसभा उम्मीदवारों ने अपना नामांकन भरा। सिरसा में डॉ अजय सिंह चौटाला व जेजेपी प्रधान महासचिव दिग्विजय चौटाला ने जेजेपी उम्मीदवार रमेश खटक का नामांकन भरवाया। वहीं





पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला की मौजूदगी में कुरुक्षेत्र से जेजेपी प्रत्याशी पालाराम सैनी और अंबाला से उम्मीदवार डॉ किरण पूनिया ने नॉमिनेशन भरा। कुरुक्षेत्र में पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं जेजेपी के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दुष्यंत चौटाला ने कहा कि कुरुक्षेत्र लोकसभा में बाहरी बनाम लोकल की लड़ाई है। उन्होंने कहा कि चुनाव में कुरुक्षेत्र की समझदार जनता बीजेपी, कांग्रेस व इनेलो के बाहर से आए उम्मीदवारों को बाहर का रास्ता दिखाएगी और अपने क्षेत्र के बेटे जेजेपी प्रत्याशी पालाराम सैनी को भारी मतों से विजयी बनाकर संसद भेजेगी। दुष्यंत चौटाला ने कुरुक्षेत्र के भाजपा उम्मीदवार पर भी कटाक्ष किया और कहा कि बीजेपी प्रत्याशी को तो प्रदेश के मुख्यमंत्री का नाम तक याद नहीं क्योंकि वे नायब सैनी को मनोहर लाल सैनी कहते है, ये दशार्ता है कि उनका मन आज भी कांग्रेस में है और बीजेपी की टिकट उन पर थोपी गई है। उन्होंने कहा कि आज जनता राष्ट्रीय पार्टियों को छोड़कर हरियाणा की आवाज को बुलंद करने वाली पार्टी जेजेपी को प्राथमिकता दे रही है। इसके उपरांत अंबाला में दुष्यंत चौटाला ने कहा कि जैसे पूर्व मंत्री किरपा राम पूनिया ने समाज सेवा करके समाज कल्याण के लिए अपना अहम योगदान दिया, वैसे ही उनकी पुत्रवधू जेजेपी प्रत्याशी डॉ किरण पूनिया ने बतौर प्रोफेसर हजारों बच्चों को शिक्षित किया है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि अंबाला की जनता जेजेपी प्रत्याशी को जीताकर संसद भेजेगी और हरियाणा की आवाज को बुलंदी मिलेगी। इस दौरान जेजेपी के उम्मीदवारों ने भी स्थानीय लोगों से वोट की अपील करते हुए कहा कि वे जनता की उम्मीदों के अनुरूप कार्य करेंगे और क्षेत्र के हक की हर लड़ाई संसद में लड़ेंगे।

**वोट की अपील**

जनता की उम्मीदों के अनुरूप कार्य करेंगे और क्षेत्र के हक की हर लड़ाई संसद में लड़ेंगे: दुष्यंत

### तैनात कर्मियों को हिंसा में जीवन गंवाने पर दिए जायेंगे तीस लाख रुपए

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा में चुनाव के दौरान हिंसक घटनाओं बम ब्लास्ट या आतंकवादी घटनाओं अथवा गोलीबारी में मृत्यु होने की स्थिति में ड्यूटी पर तैनात संबंधित कर्मचारी या अधिकारी के परिवारजनों को 30 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। चुनाव ड्यूटी के दौरान पोलिंग एवं सुरक्षा कर्मियों के साथ किसी तरह की अनहोनी होने पर उनके परिवारजन को एक्सग्रेशिया के तहत वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। दिव्यांगता पर परिवारजनों को 15 लाख रुपये तथा शरीर के किसी अंग या आंखों की दृष्टि जाने की स्थिति में 7.5 लाख रुपये की वित्तीय सहायता देने का प्रावधान किया गया है।

# 'गांवों में घुसने को भी तरसे भाजपा-जजपा के उम्मीदवार'

**टीम एक्शन इंडिया**

**हिसार:** इनेलो प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला ने कहा है कि देश व प्रदेश की जनता भाजपा का सफाया करने का मन बना चुकी है। भाजपा और जजपा के नेता गांवों में घुसने के लिए तरस रहे हैं, लेकिन लोग उनको गांव में घुसने नहीं दे रहे हैं। अभय सिंह चौटाला शुक्रवार को इनेलो प्रत्याशी सुनैना चौटाला के नामांकन के अवसर पर आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इससे पूर्व ऑटो मार्केट में चुनाव कार्यालय का हवन कर उद्घाटन किया गया और एक जनसभा का आयोजन किया गया। जनसभा के बाद पार्टी कार्यकर्ता जुलूस के रूप में शक्ति प्रदर्शन करते हुए लघु सचिवालय पहुंचे। अभय सिंह चौटाला ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद किस हालात से गुजरना पड़ा। भाजपा के लोग नए नारे के साथ है, भाजपा मोदी की गारंटी की बात करती है। देश की जनता का मोदी की गारंटी से विश्वास उठ चुका है।

**साधा निशाना**

प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद किस हालात से गुजरना पड़ा: अभय सिंह चौटाला

# बिना पर्ची, बिना खर्ची के भ्रष्टाचार मुक्त सरकार चली : तंवर

**टीम एक्शन इंडिया**

**फतेहाबाद:** सिरसा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी डॉ. अशोक तंवर ने शुक्रवार को फतेहाबाद हलके में जनसभाएं कर लोगों से वोट की अपील की। तंवर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने पूरी दुनिया में गौरव का अनुभव किया है। मेक इन इंडिया जैसी योजनाओं ने देश को आत्मनिर्भर बनाया है वहीं धारा 370 की समाप्ति के बाद जम्मू कश्मीर देश से जुड़ा है, पर्यटन स्थल बना है, करोड़ों लोग वहां घूमने आते हैं। अब वहां गोलियां नहीं चलती बल्कि फूलों की खुशबू से कश्मीर महक रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में नायब सिंह सैनी और मनोहर लाल की सरकार ने बिना पर्ची, बिना खर्ची



भ्रष्टाचार मुक्त शासन दिया। पूरे प्रदेश को हरियाणा एक, हरियाणवी एक के नाम से संबोधित करते हुए समान विकास किया। सबका साथ सबका विकास की नीति के तहत हर हरियाणावासी को मान सम्मान दिया गया। आयुष्मान योजना, समृद्ध हरियाणा योजना, कृषि विकास, भावांतर भरपाई योजना, हर नल से जल, हरपथ सडक योजना सहित अनेक योजनाओं के माध्यम से हरियाणा प्रदेश को खुशहाल करने का काम मनोहर लाल सरकार ने किया। डॉ. अशोक तंवर ने गांव मताना, धांगड़, मोह मद पुर रोही, काजलहेड़ी, कुम्हारिया, भोडा होशनाक, खाराखेड़ी में जनसभाओं को संबोधित किया।

फतेहाबाद से भाजपा विधायक दूड़ाराम ने जनसभाओं के दौरान कहा कि हमारा लक्ष्य नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है और एक बार फिर केंद्र में बहुमत से भाजपा की सरकार बनानी है।

**जनसभा**

सिरसा से भाजपा उम्मीदवार अशोक तंवर ने फतेहाबाद में अनेक स्थानों पर की जनसभाएं

# 'कांग्रेस सरकार आने पर किसानों का सारा कर्जा माफ किया जाएगा'

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़/काजल रानी**

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं उत्तराखंड की प्रभारी, सिरसा लोकसभा सीट से कांग्रेस (इंडिया गठबंधन) की उम्मीदवार कुमारी सैलजा ने कहा कि कांग्रेस जो भी वायदा करती है, कहती है उसे पूरा करती है मोदी की तरह जुमले नहीं छोड़ती, कांग्रेस की सरकार आने पर किसानों का सारा कर्जा माफ किया जाएगा, किसानों को किसानी बचानी के लिए एमएसपी को कानूनी दर्जा दिया जाएगा। मजदूरों के लिए मनरेगा की मजदूरी प्रतिदिन 400 रुपये दी जाएगी। वे शुक्रवार को टोहाना विधानसभा क्षेत्र के गांव बोस्ती में एक सभा को संबोधित कर रही थी।



उन्होंने कहा कि आज लड़ाई संविधान को बचाने की है, किसी को भी भ्रष्ट कहकर उस पर एजेंसियों की चाबुक चलाई जाती है, जिस पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए जाते है अगर वह भाजपा में शामिल हो जाए तो वह दूध का धुला हो जाता है। उन्होंने कहा कि गरीब के साथ मजाक किया जाता है, पांच किलो गेहूं देकर किसी की गरीबी दूर नहीं होती। इस सरकार ने किसानों, गरीबों, मजदूरों, युवाओं किसी का भी भला नहीं किया। बेरोजगार घूम रहा है, नशे की गिरफ्त में आ रहा है, इस बार सोच समझकर और बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए वोट करना है। उन्होंने कहा कि इस बार सैलजा आपके दरबार में है, सैलजा को चुनाव जिताकर संसद में भेजना है। उन्होंने कहा कि किसानों का आंदोलन कृषि क्षेत्र में गहरे संकट की घंटी बजा रहा है। भाजपा/एनडीए सरकार की प्रतिक्रिया संवेदनहीन और क्रूर रही है। किसानों को उनकी उपज का उचित और लाभकारी मूल्य नहीं मिलता; न ही उत्पादकों के पास अपनी उपज के विपणन के लिए पर्याप्त रास्ते हैं। निर्यात नियंत्रण ने किसानों को कमजोर कर दिया है। खेतिहर मजदूरों की दुर्दशा तो और भी बदतर है; काम की उपलब्धता अनियमित है और मजदूरी लगभग 04 वर्षों से स्थिर है। कांग्रेस ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जिसने किसानों और खेतिहर मजदूरों के संकटकाल की पुकार पर ध्यान दिया है और कांग्रेस उनके दर्द को कम करने और कृषि को एक आकर्षक आजीविका बनाने के लिए हर संभव प्रयास करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कांग्रेस की सरकार बनने पर कांग्रेस स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश के अनुसार सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी गारंटी देगी, कृषि लागत एवं मूल्य आयोग को एक वैधानिक निकाय बनाया जाएगा, खरीद केंद्रों और एपीएमसी पर किसान-विक्रेता को देय न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी.) सीधे किसान के बैंक खाते में डिजिटल रूप से जमा किया जाएगा।

**वादा**

किसानों को किसानी बचानी के लिए एमएसपी को कानूनी दर्जा दिया जाएगा: सैलजा

# फरीदाबाद में 7.59 करोड़ की साइबर ठगी का खुलासा, 16 काबू

**टीम एक्शन इंडिया**

**फरीदाबाद:** नगर में अब तक की सबसे बड़ी साइबर ठगी के मामले में फरीदाबाद पुलिस ने बड़ा खुलासा करते हुए अब तक 16 लोगों को गिरफ्तार किया है। इस साइबर ठगी के तार चीन से भी जुड़े हुए हैं। पुलिस ने इनके पास बड़ी संख्या में कई बैंकों की पासबुक व चेक बुक, सैकड़ों सिम कार्ड और 14 लाख रुपये की नकदी बरामद की है। शुक्रवार को जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता सुबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपित आसपास के लोगों को साइबर ठगी का शिकार बनाते हैं और उनसे पैसे वसूल कर उन्हें डॉलर में कन्वर्ट कर चीन भेजते हैं। ऐसा करने के लिए इन्हें मोटा कमीशन मिलता है। दरअसल, बीते दिनों फरीदाबाद के सेक्टर 15 की रहने वाली एक लडकी ने साइबर पुलिस से शिकायत करी बताया था कि उसके साथ स्टॉक मार्केट से करीब 7 करोड़ 59 लख रुपये की ठगी हुई है। इसके बाद फरीदाबाद पुलिस कमिश्नर राकेश कुमार आर्य ने पुलिस अधिकारियों की एक टीम गठित की। जिसका इंचार्ज साइबर एसीपी अभिमन्यु गोयत को बनाया। एसआईटी की टीम ने अब तक कार्रवाई करते हुए 16 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें प्रशान्त कुमार निवासी बैंगलोर कर्नाटक, सईद मो. जिशान गांव कुसुर कलां जिला सन्त कबीर नगर उत्तर प्रदेश, सईद सुहेल गांव नथर जिला सिदार्थ नगर उत्तर प्रदेश, हरि किशन कोटगेट बीकानेर राजस्थान, राम सिंह उर्फ ढल्लु मुक्ता प्रसाद नगर बीकानेर राजस्थान, आकाश निवासी टण्डन रोड आदर्श नगर दिल्ली, रोहित आदर्श नगर दिल्ली, महेन्द्र उर्फ रितेश भोपालगढ़ जोधपुर राजस्थान, दिनेश कुमार सारण नगर बनाड़ जोधपुर, दिपेन्द्र रामपरस्ता ग्रीन सैक्टर 7 वैशाली गाजियाबाद, रिंकू बीकानेर राजस्थान, इंद्रजीत लोधी रोड बीकानेर राजस्थान, राहुल पुगल रोड बीकानेर और आरोपित दिनेश कुमार रानी बाजार बीकानेर शामिल हैं। टीम ने सबसे राहुल को सूत्रों व तकनीकी सहायता से गिरफ्तार किया है।

## न्यूज फ्लैश

### खुबड़ू व गुमड़ गांव में आग लगने से गन्ने व फांसों में आग लगने से हुआ नुकसान

**गन्नौर।** क्षेत्र के खुबड़ू व गुमड़ गांव में आग लगने से गन्ने व फांसों में आग लग गई। आग लगने से किसानों को काफी नुकसान हुआ है। सूचना के बाद दमकल गाड़ियों ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया। प्राप्त जानकारी अनुसार गुमड़ गांव में किसान सचिन के खेत में 3 एकड़ ईंख की फसल में शार्ट सर्किट के कारण आग लग गई। कुछ ही देर बाद आग ने करीब छह एकड़ में लगी फांस भी आग की चपेट में आ गई। जिससे किसान सचिन को काफी नुकसान हुआ है। वहीं खुबड़ू गांव में करीब 9 एकड़ फांस में आग लग गई। सूचना पर दमकल गाड़ी मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

### खेड़ी गुर्जर में आइसक्रीम विक्रेता को चाकू मार कर किया घायल

**गन्नौर।** खेड़ी गुर्जर गांव में वीरवार की दोपहर को शराब के नशे में धुत्त युवक ने आइसक्रीम बेच रहे प्रवासी युवक को चाकू मार कर घायल कर दिया। सूचना के बाद डायल 112 पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल से चाकू बरामद किया। इसके बाद एंबुलेंस की मदद से घायल को अस्पताल में दाखिल करवाया। प्राप्त जानकारी अनुसार बृहस्पतिवार की दोपहर को खेड़ी गांव में प्रवासी युवक अपनी रेहडी से गांव में आइसक्रीम बेच रहा था। इसी दौरान गांव का एक युवक आया और उससे आइसक्रीम लेकर पैसे नहीं दिए। जब उसने आइसक्रीम के पैसे मांगे तो उसने चाकू निकाल कर आइसक्रीम विक्रेता की छाती पर चाकू से हमला कर दिया। इस हमले में आइसक्रीम विक्रेता घायल हो गया। समाचार लिखे जाने तक पुलिस को युवक की शिकायत नहीं मिली थी। फिलहाल आइसक्रीम विक्रेता का अस्पताल में उपचार चल रहा है।

### स्वच्छ व सजग पत्रकारिता से ही लोकतंत्र मजबूत होगा : सुरेंद्र जांगड़ा

**हिसार:** अंतरराष्ट्रीय पत्रकारिता स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मिलगेट क्षेत्र में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विचार गोष्ठी में सुरेंद्र जांगड़ा भगाणा ने कहा कि स्वच्छ व सजग पत्रकारिता से ही लोकतंत्र मजबूत होगा। विधायिका, कार्यपालिका व न्यायपालिका के बाद पत्रकारिता को ही लोकतंत्र का चौथा स्तंभ माना जाता है। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता जितनी सशक्त व समर्थ होगी, लोकतंत्र उतना ही सुदृढ़ होगा। इसलिए पत्रकारिता में निष्पक्षता बनाए रखना नितांत आवश्यक है। सुरेंद्र जांगड़ा ने कहा कि इसमें कोई दो राय नहीं है कि पत्रकारों को विषम परिस्थितियों से जूझते हुए अपना कार्य करना पड़ता है।

### ट्रक ड्राईवर्स के लिए एमेजॉन इंडिया ने लॉन्च किया हैल्थ एवं वैलनेस प्रोग्राम- 'सुश्रुत'

**गाजियाबाद।** आज एमेजॉन इंडिया ने ट्रक ड्राईवर्स के लिए एक विस्तृत हैल्थ एवं वैलनेस प्रोग्राम सुश्रुत लॉन्च किया। एमेजॉन के 350 ट्रकिंग पार्टनर्स हैं, जिनके पास हजारों ट्रक ड्राईवर्स नौकरी करते हैं। इस अभियान का उद्देश्य इन ट्रक ड्राईवर्स की स्वास्थ्य की जरूरतों को पूरा करना है, जो अपने जीवन का ज्यादातर समय सड़क पर बिताते हैं। इसके साथ ही, यह ट्रक ड्राईवर्स और उनके परिवार के लिए लंबे समय तक स्वास्थ्य की अच्छी आदतों के बारे में जागरूकता बढ़ाएगा।



बेंगलुरु, मानेसर (हरियाणा), और देश के अन्य हिस्सों में ट्रक ड्राईवर्स के लिए हैल्थ कैंप्स का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें 70 से अधिक स्वास्थ्य पैरामीटर्स की जांच की जा रही है। प्रेमांश फाउंडेशन, ऑंचल हैल्थ सेंटर और डॉकऑनलाईन जैसे एनजीओ के साथ गठबंधन में चलाए जा रहे इन कैंप्स में से पहले कैंप का आयोजन जनवरी, 2024 में बैंगलुरू में किया गया था और हाल ही में संपन्न हुआ मानेसर का कैंप काफी सफल रहा, जिसमें ज्यादा से ज्यादा संख्या में ट्रक ड्राईवर्स ने हिस्सा लिया। एमेजॉन ट्रांसपोर्टेशन सर्विसेज के डायरेक्टर, अरुण कुमार सिंह ने कहा, एमेजॉन में हम ट्रक ड्राईवर्स के जीवन की चुनौतियों को समझते हैं, जिनके कारण लंबे समय तक सड़क पर रहने की वजह से उनका स्वास्थ्य नजरंदाज हो जाता है।

ह्यसुश्रुतह्न प्रोग्राम का उद्देश्य इन चुनौतियों को संबोधित करना और ड्राईवर्स को स्वस्थ रहने में मदद करना शामिल है। हमें उम्मीद है कि यह प्रोग्राम ट्रक ड्राईवर्स और उनके परिवारों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लेकर आएगा ह्नह्न सुश्रुत प्रोग्राम का उद्देश्य अनेक जाँच सेवाएं, जैसे खून की जाँच, आँखों की जाँच, और दाँतों का परीक्षण करना है, ताकि ट्रक ड्राईवर्स के स्वास्थ्य की समस्याओं की पहचान व निदान हो सके।

# दांत चेकअप शिविर व छात्रा सम्मान समारोह आयोजित

पुरी कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में ब्रह्मलीन महंत गंगा पुरी जी महाराज के प्रकाशोत्सव अवसर पर निशुल्क दंत चैक-अप शिविर व मेधावी छात्रा सम्मान समारोह का आयोजन हुआ।

**निशुल्क**

▸▸ शिविर में 400 बच्चों के दांतो का परीक्षण हुआ। अनुसार ब्रश, पेस्ट व दवाईयां भी वितरित की गई




**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर**

**कुरुक्षेत्र :** झांसा रोड़ श्याम कालोनी स्थित महंत प्रभात पुरी कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में ब्रह्मलीन महंत गंगा पुरी जी महाराज के प्रकाशोत्सव अवसर पर निशुल्क दंत चैक-अप शिविर व मेधावी छात्रा सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि न्यूयार्क से पधारे पूज्यपाद महामंडलेश्वर 1008 स्वामी हरीशचंद्र पुरी जी महाराज, षडदर्शन साधु समाज के अध्यक्ष परमहंस ज्ञानेश्वर जी महाराज व महेश मुनि जी महाराज रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधालय अध्यक्ष महंत वंशी पुरी जी महाराज ने की। प्राचार्य भजन राठोर ने बताया कि शिविर में 400 बच्चों के दांतो का परीक्षण हुआ। उनको आवश्यकता अनुसार ब्रश, पेस्ट व दवाईयां भी वितरित की गई। राठोर ने बताया कि इस बार भी बारहवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। गुनगुन, महक व नवजोत कौर को क्रमशः प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने पर उपहार देकर सम्मानित किया गया मैरिट में स्थान प्राप्त अन्य 26 बच्चों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देने वाली शिक्षिकाओं का भी सम्मान हुआ। महामंडलेश्वर हरीशचंद्र पुरी ने बच्चों को आगे भी कड़ी मेहनत जारी रखने के लिए कहा। उन्होंने स्कूल के विकास हेतु एक लाख का दान भी दिया। अध्यक्ष महंत वंशी पुरी जी महाराज ने सर्वश्रेष्ठ परीक्षा परिणाम देने पर प्राचार्य व स्टाफ को बधाई व शुभकामनाएं दी। प्रबंधक सुनील सचदेवा ने अतिथियों,डाक्टर दिनेश अग्रवाल व उसकी चिकित्सक टीम का आभार व्यक्त किया। समारोह संपन्न होने पश्चात विधालय के बच्चों को ट्रान्सपोर्ट सुविधा देने हेतु खरीदी गई नई मिनी वैन को हरी झंडी दिखाकर पहली यात्रा पर रवाना किया गया। स्वामी लक्ष्मी नारायण पुरी जी, स्थाणु सेवा मंडल के प्रधान विनोद अरोड़ा व सदस्य,स्थाणिश्वर मंदिर व स्थाणिश्वर सेवा दल के पदाधिकारी व सदस्यगण,उप प्रबंधक रमेश सचदेवा ,पंडित राम निवास शर्मा,उप-प्राचार्य मंजुला शर्मा, प्रेम मदान, दिनेश गाबा, सुरेंद्र अरोड़ा मौजूद रहे।

## अवैध असला सप्लाई करने का आरोपी गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** जिला पुलिस ने अवैध असला सप्लाई करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। अपराध अन्वेषण शाखा-1 की टीम ने अवैध असला सप्लाई करने के आरोप में सूर्यांश पुत्र विपिन कुमार वासी पन्त विहार सहारनपुर यूपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 4 अप्रैल को अपराध अन्वेषण शाखा-1 के सहायक उप निरीक्षक संदीप कुमार, हवलदार प्रवेश कुमार, कृष्ण कुमार व गाडी चालक विक्रम सिंह की टीम अनाज मंडी शाहबाद के पास मौजूद थी। पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर पंकज कुमार उर्फ पंकू पुत्र सुरेन्द्र कुमार वासी सैक्टर-1 शाहबाद को अनांज मंडी के पास से काबू किया था। पुलिस टीम द्वारा उसकी तलाशी लेने पर उसके कब्जा से एक देसी कट्टा व एक जिन्दा रौंद बरामद हुआ था।

आरोपी के खिलाफ थाना शाहबाद में असला अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। आरोपी को माननीय अदालत में पेश करके अदालत के आदेश से 3 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया था।

## पत्रकारिता अन्याय एवं पाखंड की पीठ पर चुनौती एक सशक्त चाबुकः श्रीप्रकाश

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** भारत में वैदिक काल से पत्रकारिता की स्वतंत्रता का एक समृद्ध इतिहास है। देवर्षि नारद दुनिया के प्रथम पत्रकार हैं, क्योंकि देवर्षि नारद ने इस लोक से उस लोक में परिक्रमा करते हुए संवादों के आदान प्रदान द्वारा पत्रकारिता का प्रारंभ किया। सम्पूर्ण विश्व में पत्रकार एवं पत्रकारिता अन्याय एवं पाखंड की पीठ पर चुनौती एक सशक्त चाबुक है। देवर्षि नारद इधर उधर घूमते हुए जो पाखंड देखते हैं उसे खंड-खंड करने के लिए लोकमंगल की दृष्टि से संवाद करते हैं। रामावतार से लेकर कृष्णावतार तक देवर्षि नारद की पत्रकारिता लोकमंगल की ही पत्रकारिता और लोकहित का ही संवाद संकलन है। यह विचार अंतर्राष्ट्रीय पत्रकारिता स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने व्यक्त किये। मातृभूमि शिक्षा मंदिर के विद्यार्थियों ने कल्याण मंत्र से कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा पत्रकारिता को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहा जाता है, इससे समझा जा सकता है कि पत्रकारिता का कार्य कितना महत्वपूर्ण है।




## पलकें ही पलके बिछाएंगे जिस दिन श्याम प्यारे घर आएंगे...

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** श्री खाटू श्याम परिवार सेवा समिति (रजि.), खाटू धाम कुरुक्षेत्र द्वारा वीरवार देर सांय झांसा रोड़ स्थित शांति एनक्लेव में श्याम संकीर्तन एवं भंडारा आयोजित किया गया। जानकारी देते हुए श्री श्याम मंदिर (कुरुक्षेत्र धाम) के मुख्य पुजारी आचार्य शंभु प्रसाद और महासचिव रमेश शर्मा ने बताया कि आयोजक मदन मोहन-पूनम परिवार ने श्याम पूजन किया। गौरी-गणेश पूजन और माँ सरस्वती वन्दना से आरंभ हुए संकीर्तन में गायक लखबीर सिंह लक्खा और बब्बू चावला ने श्याम भजनों से समां बांधा। श्याम जी के जयकारों से सारा वातावरण गुंजायमान हुआ।




कोई प्यार से मेरे श्याम को पुकारो...,पलकें ही पलके बिछाएंगे जिस दिन श्याम प्यारे घर आएंगे..., देना है तो दीजिए जन्म-जन्म का साथ...,मेरे दुख के दिनों में वो बड़ा काम आता है...., हारा हुआ हूं बाबा तुम हाथ तो बढाओ...,सांवरी सूरत पे मोहन दिल दीवाना हो गया... और मैं तेरी हो गई रे सांवरिया सरकार... इत्यादि भजनों पर श्याम प्रेमी झूम उठे। भजनों के पश्चात श्याम जी को भोग लगाया गया। श्याम संकीर्तन में सभी भक्त भावविभोर होकर झूम उठे। श्याम आरती के पश्चात बाबा का श्रृंगार प्रसाद लेने के लिए भक्तों में होड लगी रही। चंदन का तिलक लगाकर पंक्तिबद्ध होकर सभी श्रद्धालुओं ने दरबार में माथा टेका। समिति पदाधिकारियों ने श्याम भक्तों से निवेदन किया कि श्याम मंदिर में मंदिर विस्तार हेतु निर्माण कार्य चल रहा है अतः इस पुनीत कार्य में यथासंभव सहयोग प्रदान करें। अगला श्री खाटू श्याम संकीर्तन एवं भंडारा मंगलवार,7 मई को खेड़ी मारकण्डा की सरस्वती कॉलोनी में सांय 6 बजे से आरंभ होगा।श्री श्याम आरती में प्रधान सुभाष सुखीजा,उपाध्यक्ष अटल शर्मा, कोषाध्यक्ष आशीष चोपड़ा और राजेश मोदगिल,एल डी कंबोज,विनीत राजपाल, राजू छाबड़ा, अशोक शर्मा, राकेश चौहान, अशोक अरोड़ा, लवकेश शर्मा, सुरेंद्र काठपाल, विजय गुलाटी, डा.प्रवीण शर्मा, अनिरुद्ध, नरेश सैनी, कृष्ण कुमार, रवि शर्मा, अंशुल आहुजा, रमेश लांबा,शेर सिंह शेरा,साहिल शर्मा और ललित अत्री सहित बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल रही।

**पूजन**

▸▸ महासचिव रमेश शर्मा ने बताया कि आयोजक मदन मोहन-पूनम परिवार ने श्याम पूजन किया

### घर से नकदी व सामान चोरी

**सोनीपतः सेक्टर-27** शहर थान क्षेत्र की सिक्का कॉलोनी स्थित मकान से नकदी व सामान के चोरी होने मामला सामने आया है। मकान म ालिकन ने मामले की शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने इस संबंध में मौके का मुआयन्ङ्गा क र जोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया ह ै। पुलिस मामले क्टी गंभीरता से जांच कर रही है। सिक्का कॉलोनी निवासी शांति रानी ने बताया कि गत 30 अप्रैल को सुबह करीब 4.30 बजे उठी। उसके मकान केअअदर के दरवाजे क्मे जाली कटी हुई मिली। अअअदर जाकर सामान की जौंा की तो उसके दयोते का स्पीकर नहीं मिला।

## नवाब जस्सा सिंह अहलूवालिया की जयंती मनाई गई

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** कपूरथला रियासत के संस्थापक व महान सिख योद्धा नवाब जस्सा सिंह अहलूवालिया की 306वीं जयंती पर स्थानीय अहलूवालिया चौक पर मनाई गई। इस अवसर पर अहलूवालिया सभा के प्रधान नरेंद्र वालिया, उप प्रधान अशोक रोशा, प्रदीप रोशा, के पी वालिया, यशपाल वालिया, प्रवीण वालिया, रणधीर वालिया, प्रदीप वालिया, महिपाल वालिया, सुरेन्द्र वालिया,अनिल वालिया, वीरेन्द्र वालिया, देवेन्द्र वालिया, तरुण वालिया, अनिरुद्ध वालिया, अश्विन वालिया,सौरभ वालिया, अनुज वालिया, हितेश वालिया, माधव वालिया, राधव वालिया आदि ने आहलूवालिया चौंक पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। अहलूवालिया सभा के प्रधान नरेंद्र वालिया ने बताया कि सिख फेडरेशन के सर्वोच्च कमांडर नवाब जस्सा सिंह का जन्म 3 मई 1718 को पाकिस्तान में लाहौर में आहलू गांव में हुआ था।



### भाजपा का सभी सीटें जीतना तय: सतीश

**चंडीगढ़/हिसारः** भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव में एतिहासिक मार्जिन से जीत दर्ज करने के लिए ताकत झोंक दी है। लोकसभा चुनाव प्रभारी सतीश पूनिया ने शुक्रवार को हिसार में एक बैठक ली और साफ किया कि जन आशीर्वाद और संगठनात्मक शक्ति के कारण भाजपा की सभी सीटों पर जीत तय है, अब सभी कार्यकताओं को जीत का मार्जिन एतिहासिक बनाने के लिए और भी कड़ी मेहनत करनी होगी। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी पर देश को विश्वास है, इसलिए हरियाणा की सभी 10 सीटें जीतकर तीसरी बार भी मोदी सरकार बनाने का इतिहास बनाएंगे।

## 12वीं कक्षा के बोर्ड परीक्षा परिणाम में लहराया परचम

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बाखली ने 12वीं कक्षा के वार्षिक परीक्षा परिणाम में लहराया परचम शत प्रतिशत रहा विद्यालय का परिणाम राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बाखली खंड पिहोवा,जिला कुरुक्षेत्र के अंतर्गत आता है यह विद्यालय संकुल स्तर का विद्यालय है जिसके अधीन 16 विद्यालय आते हैं।इस अवसर पर जानकारी देते हुए विद्यालय के प्राचार्य श्री रमेश सांगवान ने बताया कि शैक्षणिक वर्ष 2023 -24 में विद्यालय के 38 विद्यार्थियों ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा संचालित 12वीं कक्षा की परीक्षा में भाग लिया और सभी 38 विद्यार्थी उत्तीर्ण रहे। विद्यालय का परीक्षा परिणाम बोर्ड से परीक्षा परिणाम से ऊपर रहा। विद्यालय के 38 में से सात बच्चों ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया व 24 बच्चों में प्रथम डिवीजन से परीक्षा पास की। प्राचार्य महोदय ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए माता-पिता वह अभिभावक गणो को बधाई दी। इस अवसर पर माननीय जिला शिक्षा अधिकारी, कुरुक्षेत्र व खंड शिक्षा अधिकारी विरेन्द्र गर्ग ने विद्यालय प्राचार्य रमेश सांगवान व समस्त स्टाफ सदस्यों को बधाई व शुभकामनाएं दी।




विद्यालय प्राचार्य रमेश सांगवान, प्रवक्ता प्रदीप वर्मा , प्रवक्ता नरेश शर्मा अनिल कुमार प्रवक्ता संस्कृत, प्रवीण चौहान पूर्वक्ता हिंदी, शकुंतला प्राध्यापिका हिंदी, बलविंदर कौर प्रजापति का पंजाबी, गुरु दत्त शास्त्री जी कुलबीर कोर लिपिक, अनुराधा श्रीमती आरती अमन कुमार विकास कुमार संजीव कुमार शिव प्रसाद अनिल कुमार सुख सहायक शीतल शर्माश्रीमती मीनाक्षी राजकुमार आदि मौजूद रहे।

## विद्यार्थियों, शिक्षकों, वाहन चालकों को नशे के विरुद्ध किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्रः** डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में एक दिवसीय नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें विभिन्न सत्रों में विद्यार्थियों, शिक्षकों, माली, बस चालकों और परिचालकों ने भाग लिया। विद्यालय की प्राचार्या मोनिका भाटिया की अध्यक्षता और उपस्थिति में ये कार्यक्रम हुए। सभी सत्रों में प्राचार्या मोनिका भाटिया उपस्थित रही और पूरे कार्यक्रम की अध्यक्षता की। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने प्राचार्या मोनिका भाटिया का आभार करते हुए कहा कि प्रत्येक सामाजिक कार्यक्रमों में उनका योगदान सराहनीय रहा है। उन्होंने विभिन्न सत्रों में विद्यार्थियों को नशे के विरुद्ध जागरूक करते हुए कहा कि न केवल प्रतिबंधित नशा मनुष्य के लिए क्षति कारक है अपितु मनुष्य के जीवन को समाप्त करके ही पूरा होता है। उन्होंने विभिन्न सत्य घटनाओं का वर्णन किया और बताया कि किस प्रकार एक भोला भाला बच्चा नशे के चंगुल में फंसकर अपने जीवन की लीला को समाप्त कर लेता है। उन्होंने शिक्षकों के साथ जागरूकता कार्यक्रम किया और बताया कि किस प्रकार विद्यार्थियों के व्यवहार को आंकना है। माता पिता को सूचित करना है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक जिले के सरकारी अस्पताल में निशुल्क नशा मुक्ति केंद्र हैं जहाँ पर नशा छोड़ा जा सकता है। इसके पश्चात वाहन चालकों के साथ नशे के विरुद्ध जागरूक कार्यक्रम करते हुए उन्होंने बताया कि वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें क्योंकि सावधानी हटी दुर्घटना घटी। नशे पर विस्तार पूर्वक जागरूक करते हुए उन्होंने कहा कि यदि हम चाहते हैं कि हमारी संतान नशे से दूर रहे तो सबसे पहले स्वयं नशे से दूर रहें। उन्होंने विद्यार्थियों से शपथ ग्रहण करवाई। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्या मोनिका भाटिया ने डॉ. अशोक कुमार वर्मा का धन्यवाद करते हुए कहा कि ये कार्यक्रम समय समय पर होते रहने चाहिए।



**नशे के विरुद्ध**

▸▸ विद्यालय की प्राचार्या मोनिका भाटिया की अध्यक्षता और उपस्थिति में कार्यक्रम हुए

## मतदान प्रक्रिया में स्कूली बच्चों का भी होगा महत्वपूर्ण योगदानः शांतनु

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि हरियाणा में 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनावों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय द्वारा एक नई पहल की गई है, जिसमें स्कूली बच्चों को जोड़ा गया है और उन्हें नगद इनाम से पुरस्कृत किया जाएगा।

इस पहल के तहत बच्चों द्वारा इस बार अपने अभिभावकों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया जाएगा और मतदान के दिन वोट करने के बाद परिवार के मतदाताओं की उंगली पर लगी नीली स्याही के साथ सेल्फी अपलोड करनी होगी। जिला स्तर पर ड्रॉ के माध्यम से प्रथम, द्वितीय व तृतीय विजेताओं को क्रमशः 10 हजार रुपये, 5 हजार रुपये और 2.5 हजार रुपये का नकद इनाम दिया जाएगा।



जिला निर्वाचन अधिकारी शांतनु शर्मा ने कहा कि इस पहल के तहत जिले के जिस स्कूल के विद्यार्थी सबसे अधिक सेल्फी अपलोड करेंगे, उस स्कूल को भी 25 हजार रुपये का विशेष पुरस्कार दिया जाएगा। सेल्फी अपलोड करने के लिए सीईओहरियाणा.जीओवी.इन पोर्टल पर एक लिंक विकसित किया गया है, जोकि मतदान के दिन यानी 25 मई को खुलेगा। प्रातः 7 बजे से मतदान के साथ ही सेल्फी अपलोड करने का लिंक स्कूली बच्चों के लिए खुल जाएगा और रात्रि 8 बजे तक सेल्फी अपलोड की जा सकेगी।

# देश को विकसित बनाने के लिए फिर से चुनें मोदी सरकार : सुमन सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की धर्मपत्नी सुमन सैनी ने शुक्रवार को करनाल में दर्जनों चुनाव प्रचार कार्यक्रमों में शिरकत की और सभी से अपील की कि देश को विकसित बनाने के लिए तीसरी बार लगातार मोदी सरकार चुनें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना देश को 2047 तक विकसित बनाने का है। इस सपने को साकार करने के लिए देश के हर व्यक्ति का सहयोग जरूरी है। माडल टाउन में सिकंदर सलमानी की ओर से आयोजित कार्यक्रम में सुमन सैनी का जोरदार स्वागत किया गया। मुस्लिम समाज के लोगों ने सुमन सैनी का स्वागत किया और वोट देने का वादा किया। सुमन सैनी ने कहा कि हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई आपस में सब भाई-भाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में भाईचारे की मिसाल कायम की है। हर वर्ग का सम्मान बढ़ाया है। मुस्लिम समाज नरेंद्र मोदी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। सुमन सैनी आरके पुरम पार्ट-2 में धर्मपाल सैनी, सेक्टर-13 में गौरव गोयल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भी पहुंची और करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल और करनाल विधानसभा उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी नायब सिंह सैनी के लिए मतदान की अपील की। उन्हें भाजपा उम्मीदवारों को वोट डालने का न्यौता देने आई हैं। शगुन के रूप में 25 मई को मतदान जरूर करना। कार्यकर्ता स्वयं को पीएम और सीएम समझकर घर.घर जाकर वोट की अपील करें। सबको मोदी की ओर से राम-राम कहें। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री एवं करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल व करनाल विधानसभा उपचुनाव प्रत्याशी नायब सिंह सैनी को सबसे अधिक वोट से जितवाना है। इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग कल्याण निगम की चेयरपर्सन निर्मला बैरागी, पूर्व मेयर रेणु बाला गुप्ता, रेखा आनंद, मीना कांबोज, मीनाक्षी, राजेश सैनी, वाजिद अली, मोहन लोधी व साहिल मदान सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



**वोट की अपील**

भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल और उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी नायब सिंह सैनी के लिए मतदान की अपील की

# लोकसभा के लिए दो, विस उपचुनाव के लिए एक ने दाखिल किया नामांकन

**पर्चा दाखिल**

पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया से नितिन तथा निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर सोनिया का नाम शामिल



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** लोकसभा आम चुनाव 2024 के लिए नामांकन प्रक्रिया के चौथे दिन करनाल लोकसभा के लिए 2 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन भरा। इनमें पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) से नितिन तथा निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर सोनिया का नाम शामिल है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त उत्तम सिंह ने नामांकन लिए। उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग के निदेर्शानुसार नामांकन भरने का कार्य 29 अप्रैल से आरम्भ हो गया था। नामांकन की यह प्रक्रिया 6 मई तक जारी रहेगी जबकि रविवार 5 मई को अवकाश होने के कारण नामांकन नहीं भरे जाएंगे।

उन्होंने बताया कि नामांकन प्रक्रिया के पांचवे दिन करनाल लोकसभा क्षेत्र के लिए 2 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन दाखिल किया। लोकसभा चुनाव के लिए अभी तक कुल 7 उम्मीदवारों ने नामांकन किया है। नामांकन लघु सचिवालय के प्रथम तल पर उपायुक्त कोर्ट में सुबह 11 बजे से बाद दोपहर 3 बजे तक लिए जा रहे हैं। चुनाव के लिए नामांकन पत्र भरने वाले प्रत्याशी सहित केवल 4 व्यक्तियों को ही कार्यालय में आने की अनुमति है।

## न्यूज फ्लैश

### आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड का आईपीओ 8 मई, 2024 को खुलेगा



**नोएडा।** आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड ("कंपनी") ने बुधवार, 8 मई, 2024 को अपने इक्विटी शेयरों की इनीशियल पब्लिक ऑफरिंग ("ऑफर") खोलने का प्रस्ताव करती है। इनीशियल पब्लिक ऑफरिंग में 10,000 मिलियन रुपए तक के इक्विटी शेयरों का एक नया इश्यू ("फ्रेश इश्यू") और बीसीपी टॉपको वीआईआई पीटीई लिमिटेड ("प्रमोटर सेलिंग शेयरधारक") द्वारा ऑफर फॉर सेल में 20,000 मिलियन रुपए तक के इक्विटी शेयरों की बिक्री की पेशकश शामिल है। ("बिक्री के लिए प्रस्ताव"और फ्रैश इश्यू के साथ, "ऑफर")। कंपनी फ्रेश इश्यू से शुद्ध आय का उपयोग करने का प्रस्ताव करती है, (i) आगे की उधार देने के लिए भविष्य की पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए; और (ii) सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्य। इक्विटी शेयरों की पेशकश 30 अप्रैल, 2024 के रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस ("आरएचपी") के माध्यम से की जा रही है, जो बेंगलूरु में कंपनी रजिस्ट्रार, कर्नाटक ("आरओसी") के पास दायर किया गया है। आरएचपी के माध्यम से जारी किए गए इक्विटी शेयरों को बीएसई लिमिटेड ("बीएसई") और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड ("एनएसई"बीएसई के साथ, "स्टॉक एक्सचेंज") जैसे स्टॉक एक्सचेंजों पर सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है। ऑफर के प्रयोजनों के लिए, नामित स्टॉक एक्सचेंज एनएसई होगा।

# गंभीर चोट मारने के मामले में दो और आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत/कमाल हुसैन**

थाना औद्योगिक सेक्टर 29 पुलिस टीम ने डाडौला रोड पर मुंशी कॉलोनी में परचुन दुकान संचालक को गंभीर चोट मारने के मामले में दो और आरोपियों को वीरवार देर शाम गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की पहचान सुमित निवासी शांति कॉलोनी उझा रोड व दीपक निवासी छाजपुर के रूप में हुई। आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त दो डंडे बरामद कर शुक्रवार को पूछताछ के बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उन्हें न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया। थाना औद्योगिक सेक्टर 29 प्रभारी इंस्पेक्टर दवेंद्र सिंह ने बताया कि मामले में पहले गिरफ्तार हो चुके आरोपी संजय निवासी सिवाह, विकास निवास उग्राखेड़ी, फरीद निवासी विद्यानंद कॉलोनी, नदीम निवासी अकबरपुर शामली यूपी व सरवण निवासी शांति कॉलोनी उझा गेट ने पूछताछ में अपने साथी आरोपी सुमित निवासी शांति कॉलोनी व दीपक निवासी छाजपुर के साथ मिलकर उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा था। आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त 2 बाइक, 3 डंडे व 1 गंडासी बरामद कर पूछताछ के बाद पांचों आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश कर जहा से उन्हें न्यायिक हिरासत जेल भेजने के बाद पुलिस टीम ने वारदात में शामिल फरार आरोपियों की धरपकड़ के प्रयास शुरू कर दिए थे।

# निफा के डेलीगेशन ने की महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी से भेंट

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** सामाजिक व सांस्कृतिक गतिविधियों के क्षेत्र में अपनी एक विशेष व अलग पहचान बना चुकी संस्था नेशनल इंटीग्रेटेड फोरम ऑफ आर्टिस्ट्स एंड एक्टिविस्ट्स की दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक कल से दिल्ली में शुरू होगी। राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक से पूर्व आज संस्था के डेलीगेशन को देश की प्रथम नागरिक महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुरमु का आशीर्वाद व मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। निफा द्वारा किए जा रहे अच्छे कार्यों की सराहना करते हुए राष्ट्रपति ने उन्हें भारत की कला व संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए वृहद् प्रयास करने की सलाह दी और कहा कि इस देश की संस्कृति व सांस्कृतिक विधाएँ बहुत महान हैं व आज की युवा पीढ़ी को इनकी जानकारी होनी बेहद आवश्यक हैं। उन्होंने एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत भारत के विभिन्न राज्यों व संस्कृतियों में सामंजस्य स्थापित करने का विशेष उल्लेख किया। राष्ट्रपति ने लिंग समानता व लड़कियों के सम्मान और महिला सशक्तिकरण पर भी चर्चा की व बताया कि आदिवासी समाज में लड़कियों के जन्म को शुभ माना जाता है व उनके जन्म पर खुशी मनाई जाती है और अब धीरे-धीरे भारत में बेटियों के प्रति समाज का नजरिया सकारात्मक हो रहा है। निफा के संस्थापक अध्यक्ष प्रीतपाल सिंह पन्नु के नेतृत्व में संस्था के राष्ट्रीय संयोजक एडवोकेट नरेश बराना, वरिष्ठ सलाहकार व पूर्व महासचिव हरीश शर्मा, राष्ट्रीय महासचिव व कर्नाटक प्रदेश अध्यक्ष डॉ अश्विनी शेट्टी, हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष श्रवण शर्मा, केरल राज्य प्रधान शिजीन वरगीज, मिजोरम राज्य प्रधान जैसीनता वनलालेनजामी व उत्तर प्रदेश शाखा के प्रधान दिलीप दूबे ने राष्ट्रपति से भेंट की।



# 58 लाख की जबरन वसूली करने मामले में दो गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

थाना पुराना औद्योगिक क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली एक कॉलोनी निवासी युवक को कमरे पर बुलाकर नशीला पदार्थ पिला उसकी अश्लील वीडियों बना वारयल करने की धमकी देकर छीना झपटी व 58 लाख 55 हजार रुपए की जबरन वसूली करने मामले में सीआईए थ्री पुलिस टीम ने गिरोह की महिला सहित दो आरोपियों को हरिसिंह कॉलोनी से गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान मनीषा निवासी मुजफ्फरनगर यूपी हाल हरिसिंह कॉलोनी व कृष्ण निवासी घरौडा हाल हरिसिंह कॉलोनी के रूप में हुई है। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि युवक से उसकी अश्लील वीडियों वायरल करने की धमकी देकर दोनों आरोपी करीब 1 साल से जबरन वसूली कर रहे थे। 2 मई वीरवार को आरोपियों ने युवक को फोन कर धमकी दे और 15 हजार रुपए मांगे। युवक ने पैसो की फोटो खिचकर हरि नगर में उनके कमरे पर दे पैसे दे दिये। और पुलिस को इसकी शिकायत दी। त्वरित कार्रवाई करते हुए सीआईए थ्री पुलिस टीम ने हरि नगर में कमरे पर दबिश देकर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 15 हजार रुपए बरामद किये। गहनता से पूछताछ करने व जबरन वसूली गई नगदी बरामद करने के लिए पुलिस ने शुक्रवार को दोनों आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उन्हें 3 दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया। थाना पुराना औद्योगिक क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली एक कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति ने थाना पुराना औद्योगिक में शिकायत देकर बताया था कि घर पर उसकी पत्नी मंगलवार व शनिवार को चौकी लगाती है।

# 'जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने में सफल होगी सरकार'

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल:** प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं करनाल विधानसभा उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी नायब सिंह सैनी की धर्मपत्नी सुमन सैनी ने कहा कि पिछले 10 सालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस तरह देश की तस्वीर बदली है उसके बदले जनता अब नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री की कुर्सी पर बैठाने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज विश्व के सबसे चहेते नेता बन चुके हैं। पूरा विश्व उनकी बात सुनता है।

सुमन सैनी शुक्रवार को करनाल पहुंची और कई कार्यक्रमों में शिरकत की। सुमन सैनी पटेल मार्किट में घंटाघर चौक के पास योगेश भुगडा, कर्ण विहार में निसार व पृथ्वी विहार में महावीर, सविता द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पहुंची और करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल और करनाल विधानसभा उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी नायब सिंह सैनी के लिए मतदान की अपील की। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने विश्वास दिलाया कि वे नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएंगे।

सुमन सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री के निर्णयों से आर्थिक विकास, राजनीतिक विश्वास, उन्नतिशील भारत के निर्माण एवं विश्व पटल पर भारत की साख में मजबूती के लक्ष्यों को हासिल किया है। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियां से समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति की आशाओं एवं आकांक्षाओं को पूरा करने की दिशा में नरेंद्र मोदी की सरकार सफलतापूर्वक आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि करनाल से मनोहर लाल की एक बड़ी जीत होगी और विधानसभा उप चुनाव में नायब सिंह सैनी करनाल से विधायक बनकर करनाल की जनता की सेवा करेंगे। इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग कल्याण निगम की चेयरपर्सन निर्मला बैरागी, पूर्व मेयर रेणु बाला गुप्ता, मीना कांबोज, रेखा आनंद, मेघा भंडारी, सुनील गुप्ता व सुनील गोयल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



**दावा**

पीएम ने जिस तरह देश की तस्वीर बदली है उसके बदले जनता अब तीसरी बार पीएम की कुर्सी पर बैठाने का काम करेगी

# डिलीवरी के बाद महिला की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** सरकारी अस्पताल में एक गर्भवती की डिलीवरी के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने डॉक्टरों पर लापरवाही के आरोप लगाया है। गर्भवती के लिए ऑक्सीजन का सिलेंडर ही उपलब्ध नहीं हो पाया। परिजन ऑक्सीजन सिलेंडर के लिए भटकते रहे और गर्भवती की मौत हो गई, लेकिन बच्चा सकुशल है। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतका के पति चरणजीत ने बताया कि वह समौरा का रहने वाला है। कल उसकी गर्भवती पत्नी काजल को लेबर पेन शुरू हुआ, जिसे परिजन जिला नागरिक अस्पताल में लेकर पहुंचे। कल 11 बजे गर्भवती की ऑप्रेशन से डिलीवरी हुई थी, लेकिन डिलीवरी के बाद शाम को 4 बजे तक गर्भवती की हालत खराब हो चुकी थी। जिला नागरिक अस्पताल से उसे कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में रेफर कर दिया गया। परिजन कभी जिला नागरिक अस्पताल में तो कभी कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज की मंजिल दर मंजिल ऑक्सीजन सिलेंडर के लिए भटकते रहे, लेकिन उन्हें सिलेंडर नहीं मिल पाया और गर्भवती की मौत हो गई।पति का आरोप है कि वह इमरजैंसी वार्ड में अपनी पत्नी को लेकर गया था, लेकिन वहां पर ऑक्सीजन सिलेंडर ही नहीं था। मरीज के साथ ही ऑक्सीजन सिलेंडर गया हुआ है और जब सिलेंडर आएगा तो ऑक्सीजन दे पाएंगे।



# 'माता-पिता को उचित टीकाकरण कार्यक्रम का पालन करना चाहिए'

**टीम एक्शन इंडिया**

**गाजियाबाद।** इस बार विश्व टीकाकरण सप्ताह (24-30 अप्रैल) के साथ विश्व स्वास्थ्य संगठन के टीकाकरण पर विस्तारित कार्यक्रम (ईपीआई) की 50वीं वर्षगांठ भी मनाई गई। भारत में सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम (यूआईपी) के माध्यम से 90% से अधिक बच्चों तक टीकाकरण का विस्तार करने में सफलता मिली है। 1-2 वर्ष की आयु के बच्चों को कई बीमारियों से बचाने में टीकाकरण महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। टीकाकरण से वर्ष 2000 से 2019 के बीच निम्न एवं मध्यम आय वाले देशों में बचपन में हो जाने वाली 3.7 करोड़ असमय मौतों को रोकने में सफलता मिली। इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स (आईएपी) इस आयु वर्ग के बच्चों के लिए सात टीकाकरणों* की सिफारिश करता है। इनमें वैरिसेला एवं हेपेटाइटिस ए की पहली व दूसरी खुराक, मेनिनजाइटिस# एवं एमएमआर की दूसरी खुराक, पीसीवी एवं डीटीपी हिब आईपीवी की बूस्टर खुराक और फ्लू की वार्षिक खुराक शामिल हैं। टीकाकरण के महत्व पर बोलते हुए, डॉ. मयंक रावत, सलाहकार बाल रोग विशेषज्ञ और निदेशक, एलीट क्लिनिक, इंदिरापुरम, गाजियाबाद कहते हैं प्रत्येक माता-पिता के लिए मेरी सलाह है कि टीकाकरण कार्यक्रम के बारे में अपने डॉक्टर से खुलकर बात करें।



# रक्तदान जीवन का सबसे बड़ा दान: रेनू एस

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** रक्तदान करके हम अमूल्य जिन्दगीयों को बचा सकते हैं, यह बात मंडलायुक्त रेनू एस फुलिया ने अपने कार्यालय में आयोजित रक्तदान शिविर में बतौर मुख्यअतिथि के तौर पर शिरकत करते हुए कहीं। इस मौके पर उन्होंने स्वैच्छा से रक्तदान करने वाले कर्मचारियों को बैज व प्रशंसा पत्र देकर उनको प्रोत्साहित भी किया। इस मौके पर ओएसडी डॉ0 प्रगति के साथ-साथ अन्य मौजूद रहें।

मण्डलायुक्त रेनू एस फुलिया ने इस मौके पर बताया कि इससे पहले भी पिछले वर्ष मंडलायुक्त कार्यालय में इस प्रकार के रक्तदान शिविरका आयोजन किया गया था। जिसमें मंडलायुक्त कार्यालय के साथ-साथ कैम्प कार्यालय व अन्य कर्मचारियों ने बढ चढकर भाग लिया था। उन्होंने कहा कि आज भी कार्यालय के साथ-साथ अन्य ने शिविर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए स्वेच्छा से रक्तदान किया है रक्तदान महादान हैं। रक्त की एक-एक यूनिट कई अमूल्यों की जीवनों को बचाती हैं। रक्तदान शिविर में कर्मचारियों ने आगे आकर सामाजिक भावना का भी संदेश दिया हैं। अधिकतर कर्मचारियों ने रक्तदान करके दूसरों को भी प्रेरणा देने का काम किया हैं।

मंडलायुक्त ने इस मौके पर यह भी कहा कि रक्त की आपूर्ति केवल मानव शरीर से ही सम्भव है और एक स्वस्थ्य व्यक्ति को रक्तदान अवश्य करना चाहिए। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने रक्त एकत्रित करने का काम किया। आज आयोजित रक्तदान शिविर में करीब 65 यूनिट रक्त एकत्रित किया। जिला संरक्षण अधिकारी-कम-बाल विवाह निषेध अधिकारी अरविन्द्रजीत कौर, मंडलायुक्त कार्यालय से अधीक्षक दिवाकर कौशिक, एडीए समता के साथ-साथ कार्यालय के अन्य कर्मचारीगण व ब्लड बैंक की टीम व अन्य मौजूद रहें।



**शिविर**

कार्यालय के साथ-साथ अन्य ने शिविर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए स्वेच्छा से रक्तदान किया

# जिला स्तरीय सलाहकार समिति की मासिक बैठक का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह के मार्गदर्शन व सिविल सर्जन डॉ.कृष्ण कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को प्रसव पूर्व लिंग निर्धारण अधिनियम (पीएनडीटी एक्ट) के तहत जिला स्तरीय सलाहकार समिति की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में लिंगानुपात में सुधार को लेकर चर्चा के साथ-साथ अल्ट्रासाउंड केन्द्रों, सीटी स्कैन सैंटर्स, एमआरआई तथा ईको मशीनों के नए पंजीकरण, नवीनीकरण तथा अन्य आवेदनों से संबंधित कुल 11 मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया।

**लिंगानुपात के मामले में करनाल प्रदेश में चौथे स्थान पर**

बैठक में सीएमओ ने बताया कि उपायुक्त उत्तम सिंह के मार्गदर्शन में जिला का लिंगानुपात 950 हो गया है, और अब करनाल प्रदेश मे लिंगानुपात के मामले में चौथे स्थान पर है जोकि जिलावासियों के लिए अच्छी खबर है। धार्मिक सामाजिक संस्थाओं के सहयोग तथा समाज की सोच में बदलाव के कारण स्थिति बदल रही है। उन्होंने कहा कि करनाल जिला लिंगानुपात के मामले में प्रथम स्थान पर रहे और लडके व लड़कियों की संख्या बराबर हो, इसके लिए समाज के हर वर्ग का सहयोग जरूरी है। यह लिंगानुपात इसी प्रकार बरकरार रहे, इसके लिए सभी को पीएनडीटी की अनुपालना से संबंधित निगरानी की आवश्यकता है।

सीएमओ ने कहा कि लडका लडकी एक समान हैं, दोनों में भेदभाव नहीं करना चाहिए। लिंग परीक्षण कराना व करना दोनों कानूनन अपराध है। अधिनियम के प्रावधानों और नियमों के उल्लंघन करने पर 5 वर्ष तक की सजा एवं 10 हजार रुपये तक का जुमार्ने का प्रावधान है तथा नियमों की उल्लंघना करने वालों के खिलाफ गुप्त सूचना देने वाले को 1 लाख रुपये तक का ईनाम देने का भी एक्ट में प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि सभी समाज, समुदाय के लोगों की सामूहिक जवाबदारी भी है कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के नारे को सार्थक बनायें।

बैठक में अल्का अस्पताल घरौंडा में अल्ट्रासाउंड की सील मशीन के संबंध में पत्र की पुनः मांग बारे सीएमओ ने उपसिविल सर्जन शीनू चौधरी को निर्देश दिए कि इस संबंध में पुनः निरीक्षण करें। धवन हस्पताल में नई अल्ट्रासाउंड मशीन की खरीद के संबंध में भी निरीक्षण के आदेश दिए गए। सूर्या अस्पताल करनाल में आईयूआई प्रोसीजर को बंद करने की स्वीकृति दी गई। डॉ. सोनम फर्टिलिटी केंद्र में अल्ट्रासाउंड मशीन की मूवमेंट के संबंध में कमेटी ने कारण जानने के लिए सहमति जताई।



# आचार संहिता की पालना करें राजनैतिक पार्टियां व उम्मीदवार: उत्तम

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव व करनाल विधानसभा उपचुनाव के दौरान सभी राजनीतिक पार्टियां एवं उम्मीदवार आदर्श चुनाव आचार संहिता की पालना करें। जिला प्रशासन का संकल्प है कि स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव को संपन्न करवाया जाए।

उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से लोकसभा आम चुनाव के लिए जारी चुनावी शेड्यूल के अनुसार चुनाव के छठे चरण में हरियाणा प्रदेश में 25 मई को मतदान होगा। इसके लिए 29 अप्रैल से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है जो कि 6 मई तक जारी रहेगी। चुनाव के दौरान पार्टियां व उनके प्रत्याशी यह ध्यान रखें कि चुनाव प्रचार में जाति, धर्म या समाज को बांटने का काम ना किया जाए। धार्मिक गतिविधियों का सहारा लेकर कोई भी प्रत्याशी अपना प्रचार ना करे। चुनाव के दौरान मतदाताओं को लुभाने के लिए कहीं भी किसी प्रकार के उपहार, नकदी या नशीले पदार्थों का प्रयोग ना किया जाए। उन्होंने कहा कि वोट लेने के लिए किसी भी मतदाता को डराया या धमकाया ना जाए। किसी निजी भवन की दीवारों पर बगैर मकान मालिक की अनुमति के झंडे, पंफलेट, पोस्टर आदि ना चिपकाएं जाएं। इसमें संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत कार्यवाही हो सकती है। दीवारों पर वॉल पेंटिग का कार्य एआरओ या एसडीएम की बिना अनुमति के नहीं किया जाना चाहिए।



## संपादकीय

# योगी मॉडल की चर्चा

**देश में** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) की उलटी गिनती शुरू हो चुकी है। दो मई को भव्य उत्सव 'योग महोत्सव' के दौरान सूरत योग के आनंद से ओत-प्रोत रहा। सूरत के अठवालाइंस के पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित इस कार्यक्रम में लोगों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। इस भव्य आयोजन में सात हजार से अधिक लोग सुबह 7.00 बजे से सामान्य योग प्रोटोकॉल (सीवाईपी) के अभ्यास में शामिल हुए। इनके उत्साह और सक्रिय जुड़ाव ने व्यक्तिगत और सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देने में योग के बढ़ते महत्व को रेखांकित किया। भारत सरकार के पत्र सूचना कार्यालय ने इस महोत्सव की व्यापक चर्चा की है।

इस आयोजन में आयुष मंत्रालय के सचिव वैद्य राजेश कोटेचा, उप महानिदेशक सत्यजीत पॉल, नई दिल्ली के अंतर-विश्वविद्यालय त्वरक केंद्र और बेंगलुरु स्थित अंतर-विश्वविद्यालय केंद्र (योग विज्ञान) के निदेशक प्रो.अविनाश चंद्र पाण्डेय और मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान के निदेशक वैद्य डॉ. काशीनाथ समागंडी शामिल हुए। इन विभूतियों की उपस्थिति ने इस अवसर को काफी महत्वपूर्ण बनाया। यह योग को बढ़ावा देने, व्यक्तियों व समुदायों के लिए समान रूप से कल्याण के लिए साझा समर्पण को प्रदर्शित करता है। इस सहभागिता ने योग के अभ्यास के माध्यम से समग्र कल्याण को बढ़ावा देने की सामूहिक प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। वैद्य राजेश कोटेचा ने संबोधन में इस बात को रेखांकित किया कि सूरत ने देश के विकास में अपना अद्भुत योगदान दिया है। यह हमारे लिए गर्व की बात है कि सूरत को देश के सबसे स्वच्छ शहर का सम्मान मिला है। कोटेचा ने सूरत के शांत वातावरण के बीच 'योग महोत्सव' के लिए लोगों की उपस्थिति को लेकर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने प्रतिभागियों की अनुशासित उपस्थिति के लिए सराहना की। उन्होंने कहा कि योग ने विश्व का ध्यान अपनी ओर खींचा है और आईडीवाई-2023 के तहत पूरे विश्व में 23.5 करोड़ से अधिक लोगों ने योग किया। इस वर्ष यह भागीदारी निश्चित रूप से काफी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि आईडीवाई-2024 की 25वीं उलटी गिनती के अवसर पर बोधगया में विशाल कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि साल 2015 में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त की गई थी, जब संयुक्त राष्ट्र ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में घोषित किया था। यह दिवस शारीरिक व मानसिक कल्याण, दोनों के लिए योग का अभ्यास करने के कई लाभों के बारे में जागरुकता बढ़ाने और विभिन्न संस्कृतियों व समाजों में इसकी सार्वभौमिक अपील को बढ़ावा देने के लिए एक वैश्विक मंच के रूप में कार्य करता है। साल 2015 में शुरूआत के बाद से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को पूरे विश्व में विभिन्न कार्यक्रमों, संगष्ठियों, कार्यशालाओं और प्रदर्शनों के साथ मनाया जाता रहा है, जिसका उद्देश्य व्यक्तियों और समुदायों पर योग के गहरे प्रभाव को रेखांकित करना है। उन्होंने कहा कि मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान ने हजारों कुशल योग गुरु तैयार करके देश में योग के परिदृश्य को आकार देने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान (एमडीएनआईवाई) के निदेशक डॉ. काशीनाथ समागंडी ने योग के सार्वभौमिक अभ्यास को बढ़ावा देने में इसके महत्व का उल्लेख किया।

# पशु जीवन के साथ भी हो गरिमापूर्ण व्यवहार

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

> "प्रतिशोध (किए गए अपराध का बदला लेने के लिए दी गई सजा), निवारण (अपराधी और आम जनता को भविष्य में ऐसे अपराध करने से रोकने के लिए दी गई सजा), सुधार या पुनर्वास (अपराधी के भविष्य के व्यवहार को सुधारने और आकार देने के लिए दी गई सजा), कानून का खराब कार्यान्वयन और इसके द्वारा निर्धारित कम दंड से पीसीए अधिनियम अत्यंत अप्रभावी प्रतीत होता है। अधिनियम के तहत अधिकांश अपराध जमानती हैं (आरोपी अधिकार के तौर पर पुलिस से जमानत मांग सकता है) गैर-संज्ञेय (जिसका अर्थ है कि पुलिस स्पष्ट अनुमति के बिना न तो प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर सकती है और न ही जांच कर सकती है या गिरफ्तारी कर सकती है। पीसीए अधिनियम के तहत जुमार्ने के रूप में निर्धारित राशि वही है जो इसके पूर्ववर्ती, पीसीए अधिनियम 1890 में निर्धारित है। जुर्माना महत्वहीन है (कई मामलों में 10 से कम) क्योंकि 130 से अधिक वर्षों में उनमें संशोधन नहीं हुआ है"

**पशु क्रूरता में** जानवरों के साथ दुर्व्यवहार के जानबूझकर, दुर्भावनापूर्ण कार्य और कम स्पष्ट स्थितियाँ शामिल हैं जहाँ किसी जानवर की जरूरतों की उपेक्षा की जाती है। जानवरों के खिलाफ हिंसा को आपराधिक हिंसा और घरेलू दुर्व्यवहार की उच्च संभावना से जोड़ा गया है। अनुच्छेद 21 में अधिकार केवल मनुष्यों को प्रदान किया गया हैः लेकिन "जीवन" शब्द के विस्तारित अर्थ में अब बुनियादी पर्यावरण में गड़बड़ी के खिलाफ अधिकार शामिल है, इसका अर्थ यह होना चाहिए कि पशु जीवन के साथ भी "आंतरिक मूल्य, सम्मान और गरिमा" के साथ व्यवहार किया जाना चाहिए। इसमें कोई संदेह नहीं कि संविधान केवल मनुष्यों के अधिकारों की रक्षा करता है, लेकिन "जीवन" शब्द का अर्थ आज केवल अस्तित्व से कहीं अधिक समझा जाता है; इसका मतलब एक ऐसा अस्तित्व है जो हमें, अन्य बातों के अलावा, एक स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण में रहने की अनुमति देता है। दंड संहिता में संशोधन करके, जानवरों को अनावश्यक दर्द या कष्ट देने और जानवरों को मारने या गंभीर रूप से दुर्व्यवहार करने के लिए सजा बढ़ा दी गई। इसमें क्रूरता के विभिन्न रूपों, अपवादों और किसी पीड़ित जानवर के खिलाफ कोई क्रूरता होने पर उसे मार डालने की चर्चा की गई है, ताकि उसे आगे की पीड़ा से राहत मिल सके। अधिनियम का विधायी इरादा "जानवरों को अनावश्यक दर्द या पीड़ा पहुंचाने से रोकना" है।

भारतीय पशु कल्याण बोर्ड की स्थापना 1962 में अधिनियम की धारा 4 के तहत की गई थी। यह अधिनियम जानवरों पर अनावश्यक क्रूरता और पीड़ा पहुंचाने के लिए सजा का प्रावधान करता है। यह अधिनियम जानवरों और जानवरों के विभिन्न रूपों को परिभाषित करता है। पहले अपराध के मामले में, जुमार्ना जो दस रुपये से कम नहीं होगा, लेकिन जो पचास रुपये तक बढ़ाया जा सकता है। पिछले अपराध के तीन साल के भीतर किए गए दूसरे या बाद के अपराध के मामले में जुमार्ना पच्चीस रुपये से कम नहीं होगा। जिसे एक सौ रुपये तक बढ़ाया जा सकता है या तीन महीने तक की कैद या दोनों से दंडित



किया जा सकता है। यह वैज्ञानिक उद्देश्यों के लिए जानवरों पर प्रयोग से संबंधित दिशानिर्देश प्रदान करता है। यह अधिनियम प्रदर्शन करने वाले जानवरों की प्रदर्शनी और प्रदर्शन करने वाले जानवरों के खिलाफ किए गए अपराधों से संबंधित प्रावधानों को स्थापित करता है।

प्रतिशोध (किए गए अपराध का बदला लेने के लिए दी गई सजा), निवारण (अपराधी और आम जनता को भविष्य में ऐसे अपराध करने से रोकने के लिए दी गई सजा), सुधार या पुनर्वास (अपराधी के भविष्य के व्यवहार को सुधारने और आकार देने के लिए दी गई सजा), कानून का खराब कार्यान्वयन और इसके द्वारा निर्धारित कम दंड से पीसीए अधिनियम अत्यंत अप्रभावी प्रतीत होता है। अधिनियम के तहत अधिकांश अपराध जमानती हैं (आरोपी अधिकार के तौर पर पुलिस से जमानत मांग सकता है) गैर-संज्ञेय (जिसका अर्थ है कि पुलिस स्पष्ट अनुमति के बिना न तो प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर सकती है और न ही जांच कर सकती है या गिरफ्तारी कर सकती है। पीसीए अधिनियम के तहत जुमार्ने के रूप में निर्धारित राशि वही है जो इसके पूर्ववर्ती, पीसीए अधिनियम 1890 में निर्धारित है। जुमार्ना महत्वहीन है (कई मामलों में ?10 से कम) क्योंकि 130 से अधिक वर्षों में उनमें संशोधन नहीं हुआ है।

कानून को इस तरह से लिखा गया है कि मामले से निपटने वाली अदालत को आरोपी पर कारावास या जुमार्ना लगाने के बीच चयन करने का विवेक है। यह पशु क्रूरता के अपराधियों को अधिकांश मामलों में केवल जुमार्ना अदा करके पशु क्रूरता के सबसे क्रूर रूपों से बच निकलने की अनुमति देता है। कानून में स्वयं 'सामुदायिक सेवा' के लिए कोई प्रावधान नहीं है जैसे कि सजा के रूप में पशु आश्रय में स्वयंसेवा करना, जो संभावित रूप से अपराधियों को सुधार सकता है। जानवरों के लिए पाँच मौलिक स्वतंत्रताओं का समावेश, दंडों में वृद्धि और विभिन्न अपराधों के लिए जुमार्ने के रूप में भुगतान की जाने वाली धनराशि, नए संज्ञेय अपराधों को जोड़ना, मसौदा विधेयक में पशु क्रूरता के मामले से निपटने वाली अदालत के लिए दो विकल्पों के रूप में कारावास और जुमार्ने का प्रावधान जारी रखा गया है। पशुओं को मौलिक अधिकार स्पष्ट रूप से प्रदान किये गये हैं। अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) और अनुच्छेद 21 (जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार) व्यक्तियों को दिए गए हैं। व्यक्तिह्व का अर्थ है मनुष्य या मनुष्यों के संघ, जैसे निगम, साझेदारी, ट्रस्ट आदि

अनुच्छेद 48 गायों, बछड़ों और अन्य दुधारू और माल ढोने वाले मवेशियों के वध पर रोक लगाना और उनकी नस्ल में सुधार करना, अनुच्छेद 48ए पर्यावरण की रक्षा और सुधार तथा वनों और वन्यजीवों की सुरक्षा करना, पशु क्रूरता निवारण अधिनियम (पीसीए अधिनियम), 1960 जानवरों के प्रति क्रूरता का कारण बनने वाले कई प्रकार के कार्यों को अपराध मानता है। यह चिकित्सा उन्नति सुनिश्चित करने की दृष्टि से प्रयोगों के लिए जानवरों के उपयोग की छूट देता है।

भले ही विधेयक का मसौदा कानून बन जाए, फिर भी अपराधियों के लिए मामूली जुमार्ना भरना और अत्यधिक क्रूरता के कुछ कृत्यों के लिए कारावास से बचना संभव होगा। अपनी सीमाओं के साथ, मसौदा विधेयक का अधिनियमन भारत में पशु कानून के लिए एक बड़ा कदम हो सकता है। "भारत को दुनिया के सभी देशों के लिए एक महान उदाहरण स्थापित करना चाहिए। हमें एक उदाहरण स्थापित करना चाहिए, इसलिए नहीं कि मुझे लगता है कि हम श्रेष्ठ हैं लेकिन क्योंकि हमने किसी भी अन्य देश की तुलना में कहीं अधिक अहिंसा के बारे में बात की है, इसलिए जितना अधिक हम इसके बारे में बात करेंगे, इसे व्यवहार में लाने की जिम्मेदारी उतनी ही अधिक होगी। नई सरकार को यह जिम्मेदारी स्वीकार करनी चाहिए ताकि पीसीए अधिनियम (1960) में संशोधन अंततः दिन के उजाले को देख सके। अनुच्छेद 21 में अधिकार केवल मनुष्यों को प्रदान किया गया हैः लेकिन "जीवन" शब्द के विस्तारित अर्थ में अब बुनियादी पर्यावरण में गड़बड़ी के खिलाफ अधिकार शामिल है, इसका अर्थ यह होना चाहिए कि पशु जीवन के साथ भी "आंतरिक मूल्य, सम्मान और गरिमा" के साथ व्यवहार किया जाना चाहिए। इसमें कोई संदेह नहीं कि संविधान केवल मनुष्यों के अधिकारों की रक्षा करता है, लेकिन "जीवन" शब्द का अर्थ आज केवल अस्तित्व से कहीं अधिक समझा जाता है; इसका मतलब एक ऐसा अस्तित्व है जो हमें, अन्य बातों के अलावा, एक स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण में रहने की अनुमति देता है।

## कविता

आओ एक-एक दीप जलाएं ।

आओ एक-एक दीप जलाएं
घनघोर तमस में,
कई सहस्त्र दीपक जले उठे
दूर हुआ अंधियारा,
जग से,
निराश मन से,
आओ एक-एक दीप जलाएं।

हृदय स्पंदित हुआ,
नवीन आशाये ज्योत्रिमय हुई,
अलग घरो में रहकर भी,
लक्ष लक्ष मानव सब एक है
आओ एक-एक दीप जलाएं।

संकट गहरा कितना भी हो,
सहस्त्र आशाओं से,
इतनी दीपो से,
इतनी रोशनी से,
सहम सा गया
ये अंधकार भी टल जाएगा
आओ एक-एक दीप जलाएं।

कल ये इतिहास बनेगा,
हम मुस्कुरायेंगे,
पराजित कर
इस अदृश्य आततायी अंधियारे को
आओ एक-एक दीप जलाएं।

संजीव

# कश्मीर घाटी की अवाम भी करेगी मतदान

**आर.के.सिन्हा**

**कश्मीर** की राजधानी श्रीनगर के जिस लाल चौक पर कुछ साल पहले तक सिर्फ सुरक्षा बलों के जवान ही झुण्ड के झुण्ड दिखाई दिया करते थे, वहां आजकल लोकसभा चुनाव को लेकर स्थानीय लोग खुलकर राजनीतिक चचार्एं कर रहे हैं। कश्मीर घाटी में धारा 370 को हटाये जाने के बाद पहली बार कोई चुनाव हो रहे हैं। तब से घाटी की स्थिति में भी अभूतपूर्व बदलाव आया है। घाटी में आतंकवाद जब चरम पर चल रहा था, तब बड़ी संख्या में कश्मीरी पंडितों और अन्य लोग वहां से भागकर दिल्ली और दूसरे राज्यों में शरण ली थी। तब इनके सामने विस्थापन का संकट झेलने से लेकर अनिश्चित भविष्य की मुश्किलों का सामना करने के अलावा कोई दिशा या रास्ता भी तो नहीं था। 2019 में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गृहमंत्री अमित शाह ने जब धारा 370 को हटाया जिस एतिहासिक संसद के सत्र में भी भागीदार था, तब उनमें एक उम्मीद जगी है। तब से उन्हें यही महसूस हो रहा है कि अब वे किस तरह अपने कश्मीर जाकर फिर से अपनी जड़ों की ओर लौट सकेंगे। कश्मीर घाटी में आतंकवाद के दौर के बाद लाखों पंडितों ने अपमान और अत्याचार के दौर में घाटी को छोड़ा था। वे आगामी 13 मई को अपना वोट राजधानी के पृथ्वीराज रोड पर स्थित जम्मू-कश्मीर हाउस में जाकर डालेंगे। उस दिन श्रीनगर सीट के लिए वोटिंग होनी है। यहां कश्मीरी पंडितों को लोकसभा चुनाव के लिए मतदान करने की सुविधा दी गई है। इसके बाद 20 मई (बारामूला) और 25 मई को (अनंतनाग- राजौरी) में मतदान होगा। तब भी राजधानी और इसके आसपास रहने वाले कश्मीरी पंडित यहां आकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे क सरकार का कहना है कि जम्मू-कश्मीर में जल्द ही विधानसभा चुनाव भी कराकर वहां की जनता की चुनी हुई सरकार को लाने और विकास कार्य में तेजी लाकर देश की मुख्य धारा से राज्य को जोड़ने के लिए प्रयास शुरू हो चुके हैं। लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में राज्य के अपने दौरे में इस बात को साफ तौर पर कहा भी था। साल 2019 में धारा 370 हटाए जाने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का राज्य का यह पहला दौरा था। श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम में प्रधानमंत्री मोदी को सुनने के लिए करीब दो लाख लोग वहां पहुंचे थे। इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने विस्तार से बताया था कि कैसे उनकी सरकार जम्मू-कश्मीर के हालात को बदलने और वहां के युवाओं के लिए भविष्य को संवारने के लिए काम कर रही है। राजधानी और एनसीआर में आज भी हजारों कश्मीरी पंडित रहते हैं। ये अधिकतर दक्षिण दिल्ली में ही रहते हैं। दिल्ली में रहने वाले कश्मीरी प्रवासियों को सरकार की ओर से हर महीने मासिक राहत पैकेज दिया जाता है। पहले यह 10,000 रुपये था, लेकिन पिछले साल 2023 में दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने इसको 10,000 रुपये से बढ़ाकर 27,000 रुपये प्रति माह कर दिया था।

## विचार

# संकल्प से साधना, श्रम और मनोबल से उच्च कीर्तिमान स्थापित करें'

`मन ही मन यदि आपने किसी कठिन कार्य को करने का संकल्प ले लिया तो निरंतर जिजीविषा और संयम के साथ संघर्ष हर बड़ी जीत और सफलता के उत्तम मार्ग हैं। वैसे जीवन में दुष्कर, कठिन कार्य को पहले चुनना चाहिए जिससे पूरी शक्ति एवं उर्जा लगाकर हम उसे प्राप्त कर सके' कठिन कार्य से घबराकर उससे पलायन करना निराशा को जन्म देता है' निराशा से बढ़कर कोई अवरोध नहीं अतः निराशा, हताशा को त्यागें और ऊर्जा उत्साह के साथ आगे बढ़े, सफलता आपके कदमों पर होगी। हर बड़ा व्यक्ति जो हमें समाज से अलग हटकर खड़ा दिखाई देता है' जिसे हम विलक्षण मानते और प्रतिभा संपन्न मानते हैं और आज के संदर्भ में हम उसे सेलिब्रिटी कहते हैं तो निसंदेह उसकी इस सफलता के पीछे अनवरत श्रम, अदम्य मानसिक शक्ति और संयम छुपा होता है' बड़ी सफलता प्राप्त करने का कोई सरल उपाय या शॉर्टकट नहीं होता है। विपरीत परिस्थितियों में मनुष्य की मानसिक दृढ़ता एवं संकल्पित कठिन श्रम ही सफलता के रास्ते खोलते हैं।यूं तो हर इंसान के जीवन में विशेषताएं, मान्यताएं, प्रतिबद्धताओं और आकांक्षाएं होती हैं' सभी लोग मूलभूत आवश्यकताओं के साथ साथ सामाजिकता , प्रसिद्धि और प्रतिष्ठा जैसी उच्च स्तरीय आवश्यकताओं की पूर्ति करना चाहते हैं' मानव की स्वाभाविक और अदम्य इच्छा की पूर्ति के संपूर्ण जीवन और उसके अस्तित्व के लिए अत्यंत आवश्यक है किंतु व्यक्ति की इच्छा,आकांक्षा सफलता उस उसके मूल्यों,सिद्धांतों और आदर्शों की कीमत पर कतई नहीं होनी चाहिए ' यदि व्यक्ति की आकांक्षा,सफलता और इच्छा उसकी अदम्य इच्छा, भूख और मूल्यों को समाविष्ट ना करते हुए दूसरी दिशा में जाती हो तो ऐसे में उसकी सफलता पूरे मानव समाज और मानवता के लिए संकट का कारण भी बन सकती है' जिस तरह एक वैज्ञानिक मेहनत, लगन, प्रयोगशाला में मानवी संविधान मूल्यों से ओतप्रोत मानव कल्याण के उपकरण न बनाकर जैविक व रासायनिक हथियार बनाकर व्यापक नरसंहार जैसे अमानवीय अविष्कार को मूर्त रूप दे, तो यह समाज के लिए खतरनाक हो सकता है' यही वजह है की सफलता का नक्शा और इच्छा के पीछे माननीय मूल्यों का होना अत्यंत आवश्यक भी है'

मूल्य, सिद्धांत और नैतिकता जीवन के लक्ष्य और उसके क्रियान्वयन में सर्वाधिक संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं' सफलता की धारणा केवल स्थापित मापदंड न होकर मानवीय मूल्यों से जुड़ा होकर मानव कल्याण के लिए भी होना चाहिए'इसमें कोई संदेह नहीं की विश्व भर की सभी सभ्यताओं, संस्कृतियों और धर्मों में अहिंसा, सत्य ,करुणा, सेवा, दया और विश्व बंधुत्व की भावना की निर्विवाद उपस्थिति दिखाई देती है' और वैश्विक विकास की अवधारणा भी इन्हीं बिंदुओं पर रखकर तय की जाती है' भारत में प्राचीन काल से ही मूल्यों की प्रतिबद्धता की परंपरा चली आ रही है'ॠषि-मुनियों ने तो यहां तक कहा है कि जिसका चरित्र तथा माननीय आदर्श चला गया वह व्यक्ति, मृतक लाश की तरह हो जाता है। भारतीय संस्कृति में आदर्शों तथा मूल्य के पोषक उदाहरणों की अंतहीन सूची है जिनमें कबीर, रैदास, संत,ज्ञानेश्वर तुकाराम,मोइनुद्दीन चिश्ती, निजामुद्दीन औलिया, रहीम,खुसरो, गांधी,नेहरू, टैगोर, सुभाष, विवेकानंद जैसे महान लोग सिद्धांतों की प्रतिबद्धता को अपने जीवन की सफलता मानकर अपने जीवन को समाज को सौंप दिया था।परिणाम स्वरूप व्यक्ति को महज सफलता का पुजारी ना बन कर मूल्यों के प्रति प्रतिबंध होने का प्रयास करना चाहिए। ताकि तनिक सफलता के स्थान पर चिरस्थाई एवं समाज उपयोगी सफलता प्राप्त हो सके। वर्तमान में यह स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है कि व्यक्ति स्वाद तथा सफलता के लिए अक्सर अपने मूल्यों को तिलांजलि दे देता है। वर्तमान सुख एवं लालच चिरस्थाई सफलता के सामने महत्वपूर्ण एवं प्राथमिक हो जाता है ।आज मनुष्य तत्काल एवं अस्थाई सफलता के पीछे माननीय मूल्यों प्रतिबद्धताओं को किनारे कर उस मरीचिका की तरफ दौड़ रहा है जो अत्यंत अस्थाई एवं पानी के बुलबुले की तरह है। और इससे न तो कोई इतिहास बनता है और ना

**एक्शन इंडिया दैनिक**

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

# आओ मतदाताओं आओ , कलींदा खाओ

**राकेश अचल**

**नेताओं** के हास्यास्पद बयान सुनकर अब हंसने का मन हो रहा है। खुश रहने के लिए हंसना जरूरी है ,तभी तो शब्द युग्म बना है हंसी-खुशी। हंसी कभी अकेली नहीं रहती । उसे या तो हंसी चाहिए या फिर राजी। राजी-खुशी शब्द युग्म भी रजामंदी से बना लगता है। बना है या नहीं ये तो भाषाविज्ञानी जानें ,हम अज्ञानी तो केवल कयास लगा सकते हैं। और कयास ही लगाते हुए पांच क्या, दस साल गुजार देते हैं कि शायद ' अच्छे दिन आएं,शायद बैंक खाते में पंद्रह लाख रुपए आएं। शायद मोशा सचमुच सहाय हो जाएँ ! बहरहाल आज मैं नेताओं पर नहीं मतदाताओं पर लिख रहा हूँ। मतदाता भले ही पांच किलो मुफ्त अन्न पर गुजर करता हो,भले ही उसके खाते में लाड़ली लक्ष्मी या लाड़ली बहन या सीमांत किसान होने के नाते सरकार कुछ न कुछ नगद डालती हो लेकिन उसके हाथ में एक और अनमोल चीज है ,जिसे आम भाषा में 'वोट' कहते हैं। " वोट ' शब्द भले ही अंग्रेजी का हो लेकिन वो हिंदी ,उर्दू, मराठी ,पंजाबी समेत तमाम भाषाओं में ऐसे घुल-मिल गया है जैसे कि दूध में मिश्री मिल जाती है। मिश्री भी धागे वाली मिश्री। लेकिन हमारा वोटर अन्नदाता न होते हुए भी दाता है। उसे सम्मान से मतदाता कहा जाता है। यानि उसके पास भी ईश्वर की तरह देने के लिए कुछ तो है ! अकेले भीख का कटोरा ही उसकी पहचान नहीं है। देश में जैसे अन्नदाता फटेहाल है ,पामाल है ,आंदोलनरत है । लाठियां खाता है ,अश्रुगैस पीता है। राह में बिछाए जाने वाले काँटों पर चलता है।

उसके लिए रेड कार्पेट कौन बिछाता है ? यही हाल मतदाता का भी है ।मतदाता के हिस्से में वो सब है जो अन्नदाता के हिस्से में है और किसी भी जनसेवक के हिस्से में नहीं है। दरअसल मतदाता ही अन्नदाता है और अन्नदाता ही मतदाता। दोनों को अलग-अलग नहीं किया जा सकता। कर भी दीजिये तो वो वक्त आने पर एक हो जाता है। मतदाता जब हड़ताल करके भी कामयाब नहीं होता तो उदासीन हो जाता है। दान करना भूल जाता है।

इस समय देश में अठारहवीं लोकसभा के लिए मतदान चल रहा है । दो चरण पूरे हो गए हैं ,लेकिन देश के मतदाताओं ने नेताओं को निराश कर दिया है कम मतदान करके।

# हिंदुत्व के स्टार प्रचारक बने -योगी आदित्यनाथ

**मृत्युंजय दीक्षित**

**लोकसभा** चुनाव के दो चरण का मतदान पूरा हो चुका है और उनकी रिपोर्ट के आधार पर सभी राजनैतिक दलों ने अगले चरण के मतदान के लिए अपनी सारी ताकत झोंक दी है। वर्तमान राजनैतिक परिदृश्य में सभी दलों के स्टार प्रचारक अपनी विचारधारा के प्रचार में जुटे हैं।2024 लोकसभा चुनावों में सबसे अधिक स्टार प्रचारक भारतीय जनता पार्टी के पास हैं जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं, ह्लअबकी बार 400 पार के नारेह्व के साथ संपूर्ण भारत में आक्रामक प्रचार में जुटे हैं।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बाद जो स्टार प्रचारक सबसे अधिक चर्चा में है वह हैं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ न केवल उत्तर प्रदेश में ताबड़तोड़ रैलियां कर रहे हैं अपितु दूसरे राज्यों में भी उसी तरह प्रचार कर रहे हैं। अब तक 24 दिनों में वो सात राज्यो में 25 रैलियां व दो रोड शो कर चुके हैं । योगी जी की मांग सबसे अधिक उन सीटों व क्षेत्रों में है जहां राजपूत व क्षत्रिय मतदाता अधिक हैं तथा जहां ध्रुवीकरण की संभावना अधिक है वह उन स्थानों पर भी रैलियां कर रहे हे जो हिंसा से प्रभावित रहे हैं। दूसरे राज्यों में योगी जी की लोकप्रियता बुलडोजर बाबा के रूप में भी हो रही है।

योगी जी अब तक पश्चिम बंगाल, राजस्थान, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ जम्मू -कश्मीर और बिहार में रैलियां कर चुके हैं। बंगाल में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चार रैलियां की हैं जो मुस्लिम बहुल और हिंसा से प्रभावित क्षेत्रों में हुई है। योगी जी ने आसनसोल ल में भी रैली की जहां भाजपा दो बार जीत चुकी है। बंगाल एक ऐसा राज्य है जहां के कट्टरपंथी मौलाना मुख्यमंत्री योगी जी को देख लेने की धमकी तक दे चुके हैं किंतु वह बंगाल जाकर और अधिक आक्रामक होकर हिंदुत्व का प्रचार प्रसार कर रहे हैं। वह अपनी जनसभा में बंगाल में रामनवमी पर हुई हिंसा की याद दिलाते हुए कहते है कि ह्लअगर कोई यूपी में रामनवमी के अवसर पर दंगा करता है तो उसे उल्टा लटका कर ठीक कर दिया जाता हैह्व।उन्होंने बंगाल में योगी जी ने साफ संदेश दिया कि मोदी जी की तीसरी बार सरकार आने पर रामनवमी और बैसाखी के दंगाइयों और संदेशखाली के जिम्मेदार गुंडों को सजा दिलाने का काम करेंगे।

## न्यूज फ्लैश

### उम्मीदवार के खाते में जुड़ेगा बल्क एसएमएस का खर्च: उत्तम सिंह

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव व करनाल विधानसभा के उपचुनाव में प्रचार के दौरान उम्मीदवार द्वारा थोक में भेजे जाने वाले एसएमएस का खर्च भी संबंधित उम्मीदवार के खाते में जोड़ा जाएगा। चुनावी प्रचार अवधि के दौरान वैकल्पिक निर्वाचन के प्रचार के लिए बल्क (थोक) में भेजे गए एसएमएस की जानकारी जिला प्रशासन व संबंधित सहायक रिटर्निंग अधिकारी को मिलने पर वह सेवा प्रदाता से इस पर हुए व्यय का अनुमान लगवाकर इसे उम्मीदवार के खाते में जोड़ देगा। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए हैं। आयोग के अनुसार मतदान संपन्न होने के लिए निश्चित किए गए समय की समाप्ति से 48 घंटे पहले तक की अवधि के दौरान राजनीतिक प्रकृति के थोक में एसएमएस भेजने पर प्रतिबंध रहेगा। जिला में प्रचार के दौरान मोबाइल सेवा प्रदाता सभी संबंधितों के नोटिस में ऐसे थोक एसएमएस की जानकारी मॉनिटरिंग टीम के संज्ञान में लाने के निर्देश दिए गए हैं।

### आरक्षण में किसी एक राजनीतिक दल ने डाका डाला है, तो वह कांग्रेस है: शाह

**शिमला:** लोकसभा चुनाव के 7 चरणों में से 2 चरण के चुनाव समाप्त हो चुके हैं और तीसरे चरण के प्रचार के लिए केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह पूरे दम-खम के साथ मैदान में उतर चुके हैं। अमित शाह देश भर के राज्यों में जनसभाओं और रोड शो के माध्यम से लोगों के संपर्क में हैं। इसी सिलसिले में, अमित शाह ने असम के गुवाहाटी स्थित भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित एक महत्त्वपूर्ण प्रेस वार्ता को संबोधित किया और कांग्रेस सहित इंडी एलायंस द्वारा भाजपा के खिलाफ संविधान बदलने एवं आरक्षण समाप्त करने के भ्रामक और फेक खबरों का खंडन किया। भारतीय राजनीति को नई पहचान दिलाने वाले अमित शाह ने स्पष्ट किया कि,एससी, एसटी और ओबीसी के आरक्षण में किसी एक राजनीतिक दल ने डाका डाला है, तो वह कांग्रेस है। हाल ही में, कांग्रेस ने फेक वीडियो के माध्यम से जनता को गुमराह करने की कोशिश की और यह आरोप लगाया कि अगर भारतीय जनता पार्टी को 400 से ज्यादा सीटें मिली तो मोदी सरकार संविधान में बदलाव करते हुए आरक्षण को समाप्त कर देगी। लेकिन, मोदी सरकार के 10 सालों के ट्रैक रिकॉर्ड से यह आरोप निराधार और तथ्यहीन दिखाई दे रहा है। देश की जनता ने भारतीय जनता पार्टी को साल 2014 और साल 2019 में भी पूर्ण बहुमत दिया था। भाजपा 10 वर्षों से पूर्ण बहुमत की सरकार चला रही है, लेकिन इसका दुरुपयोग कांग्रेस की तरह आपातकाल लगाने और लोकसभा का कार्यकाल बढ़ाने के लिए नहीं किया। मोदी जी के नेतृत्व और अमित शाह के कुशल मार्गदर्शन में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने पूर्ण बहुमत का उपयोग धारा 370 को हटाने, तीन तलाक को समाप्त करने, अंग्रेजों द्वारा बनाए गए कानूनों को बदलने, कोरोना महामारी में लॉकडाउन लगाने, सीएए लाने और प्रभु श्री राम के मंदिर के निर्माण का मार्ग प्रशस्त करने के लिए किया है। देश की जनता जान चुकी है कि कांग्रेस पार्टी झूठ फैलाकर जनता के बीच भ्रांति पैदा करना चाहती है। कांग्रेस की सरकार ने आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में एससी, एसटी और ओबीसी का हक मारकर धार्मिक आधार पर, असंवैधानिक तरीके से मुसलमानों को आरक्षण देने का काम किया। अंत्योदय की राजनीति करने वाले अमित शाह का मानना है कि धर्म आधारित आरक्षण गैर-संवैधानिक है, और इन राज्यों में भाजपा की सरकार आने पर धर्म आधारित आरक्षण को समाप्त कर एससी, एसटी और ओबीसी को न्याय दिया जाएगा। पूरा देश जानता है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी खुद ओबीसी समाज से हैं, उनके मंत्रिमंडल में 27% मंत्री ओबीसी हैं। एससी, एसटी और ओबीसी के आरक्षण की सबसे बड़ी समर्थक भाजपा है।

### कोका-कोला इंडिया ने अपना नया रोमांचक कैम्पेन #Travel With Limca लॉन्च किया

**पानीपत:** कोका-कोला इंडिया के घरेलू हेरिटेज ब्राण्ड लिम्का, भारत का पसंदीदा लेमनी फ्लेवर्ड ड्रिंक, ने अपना नया रोमांचक कैम्पेन #Travel With Limca लॉन्च किया है। इस कैम्पेन में तृप्ति डिमरी को लिम्का गर्ल के तौर पर पेश किया गया है और इस पूरे कैम्पेन को इस आइडिया पर बनाया गया है कि एक नई दुनिया हमारे नजदीक ही हमारा इंतजार कर रही है। #Travel With Limca कैम्पेन लोगों को अपने-अपने शहरों में नये-नये हॉटस्पॉट्स खोजने के लिये प्रोत्साहित करता है। रुचिरा भट्टाचार्य, सीनियर डायरेक्टर, मार्केटिंग- हाइड्रेशन, स्पोर्ट्स एण्ड टी कैटेगरी, इंडिया एण्ड साउथ-वेस्ट एशिया ऑपरेटिंग यूनिट, द कोका-कोला कंपनी ने कहा, ह्यइलाइम एण्ड लेमनी जैसे विशेषणों की विरासत के साथ लिम्का 5 दशकों से अपने अनोखे स्वाद से उपभोक्ताओं को ताजगी दे रहा है।

# हरियाणा का हर कार्यकर्ता है हमारी ताकत: मनोहर लाल

## मोदी के कारण विदेशों में बढ़ा भारत का सम्मान, भारत बनेगा विश्वगुरु- ढांडा

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत/कमाल हुसैन




**लोकसभा** चुनाव 2024 का बिगुल बज चुका है और हरियाणा में चुनाव प्रचार ने भी जोर पकड़ लिया है भाजपा की ओर से भी रोड शो, चुनावी जनसभा, रैलियां और शक्ति केंद्र प्रमुख व कार्यकताओं की बैठकों का दौर भी तेजी पकड़ता जा रहा है यही नहीं, शीघ्र ही जीटी रोड बेल्ट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के बड़े केन्द्रीय मंत्रियों, पड़ोसी राज्यों के मुख्यमंत्रियों और अन्य बड़े नेताओं की रैलियों का नया कार्यक्रम भी भाजपा ने बना लिया है` इसी कड़ी में शुक्रवार को पानीपत से. 24 के एमजेआर परिसर में शक्ति केंद्र बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता करनाल के भाजपा प्रत्याशी एवं निवर्तमान मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने की बैठक में राज्यसभा सांसद कृष्ण लाल पंवार, लोकसभा संयोजक हरविन्द्र कल्याण, प्रदेश महामंत्री डॉ. अर्चना गुप्ता, विधायक घनश्याम दास अरोड़ा, भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, हरियाणा के राज्य मंत्री महिपाल ढांडा, पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज ने भी संबोधित कियो बैठक को संबोधित करते हुए करनाल के प्रत्याशी मनोहर लाल ने कहा कि भारत विश्व का विशाल लोकतंत्र है और इस लोकतंत्र की नींव मताधिकार पर टिकी है और जागरूक मतदाता ही लोकतंत्र को सफल बनाते हैं
शक्ति केंद्र प्रमुख मतदाताओं को देश के भविष्य के प्रति उचित निर्णय लेने के लिए सबसे अधिक प्रभावित करते हैं

इसलिए सभी शक्ति केंद्र प्रमुख अपने-अपने क्षेत्र में जाकर भाजपा के हक में अधिक से अधिक मतदान करने के लिए और अधिक प्रेरित करें` उन्होंने कार्यकताओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि हरियाणा का हर कार्यकर्ता हमारी ताकत है जागरूक मतदाताओं और कार्यकताओं के कारण ही पूरे भारत में मोदी मैजिक की झलक साफ दिखाई देती है फिर भी शक्ति केंद्र प्रमुख, बूथ प्रमुख और पन्ना प्रमुख इन चुनाव को एक चुनौती मानते हुए घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क करें।

` मनोहर लाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में कार्यकर्ताओं की कदर सबसे अधिक होती है कौन कार्यकर्ता कितने ऊंचे पद पर कब पहुँच जाए, इसका पता किसी को नहीं लगता यही कारण है कि आज विपक्षी दलों के सैंकड़ों कार्यकर्ता हर दिन भाजपा में शामिल हो रहे हैं।

## बैडमिंटन प्रतियोगिता 5-6-7 मई से शुरू होगा



टीम एक्शन इंडिया
**पानीपत/कमाल हुसैन:** 13 वीं वार्षिक ज़िला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता 5-6-7 मई को पानीपत क्लब में पानीपत डिस्ट्रिक्ट बैडमिंटन एसोसिएशन द्वारा करवायी जाएगी इसमें अंडर 11,13,15,17,19 और सीनियर पुरुष एवं महिला सिंगल्स व डबल्स इवेंट्स खेले जाएँगे तथा इस प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रसिद्ध समाज सेवी विजय जैन व प्रसिद्ध उद्योगपति एवं समाज सेवी दीपक बजाज के करकमलों द्वारा किया जायेगा। पानीपत डिस्ट्रिक्ट बैडमिंटन एसोसिएशन की मीटिंग के बाद ये जानकारी देते हुए एसोसिएशन के प्रधान जुगल डावर व महासचिव दिनेश संदुजा ने बताया के इस प्रतियोगिता में जीतने वाले बच्चों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा पहले भी पानीपत से हर साल कई बच्चे यहाँ से जीत कर राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर पर अच्छा प्रदर्शन कर चुके है ये प्रतियोगता 5 तारीख से आरंभ होकर 7 तारीख तक चलेगी और इसमें 400 से 500 बच्चों द्वारा भाग लिया जाता है इस अवसर पर एसोसिएशन के अन्य सदस्य जैसे ओम प्रकाश रणोलिया , सतीश महाजन , मुकेश तलवार ,सहदेव विज ,सुरेंद्र शर्मा , अशोक गोयल , अभिषेक वत्स ,सुधांशु ,विपिन शर्मा व मुकेश मदान आदी उपस्थित थे ।

### धूमधाम से मनाया बी.डी. मॉडल सीनियर स्कूल का स्थापना दिवस

**हिसार:** बी.डी. मॉडल सीनियर सैकेंडरी स्कूल, नजदीक रेलवे स्टेशन का 41वां स्थापना दिवस समारोह विद्यालय प्रांगण में धूमधाम के साथ आयोजित किया गया। पूरे विद्यालय को रंग-बिरंगे गुब्बारों व फूलों से सजाया गया। स्कूल प्रबंधक कमलदीप भुटानी ने बताया कि विद्यालय में 40 वर्षों से पठन-पाठन का कार्य सुचारु रुप से चल रहा है। बच्चों को उच्च कोटि की शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ उनका सर्वांगीण विकास किया जाना ही विद्यालय का मुख्य उद्देश्य है। यहां शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों का भी ध्यान रखा जाता है। उन्होंने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने से बच्चे अपनी संस्कृति को करीब से जान पाते हैं।

## लघु सचिवालय: आज से शुरू होगा पार्किंग का निर्माण

टीम एक्शन इंडिया
**गन्नौर:** गन्नौर लघु सचिवालय के परिसर में शीघ्र ही पार्किंग का निर्माण किया जाएगा। पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा पार्किंग के निर्माण के लिए 55 लाख रुपये की राशि खर्च की जाएगी। विभाग द्वारा सिमेंटिड पार्किंग के निर्माण के लिए टेंडर भी जारी कर दिया गया है। शुक्रवार को एसडीएम डा. निर्मल नागर ने पीडब्ल्यूडी विभाग के जेई के साथ मौके का निरीक्षण कर उन्हें जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि टेंडर अलाट होते ही जल्द से जल्द पार्किंग बनाने का काम शुरू होना चाहिए, ताकि लघु सचिवालय में पहुंचने वाले अधिकारियों व लोगों को गाड़ी पार्क करने की सूविधा मिल सके।



**पार्किंग न होने के चलते होती है असुविधा:** लघु सचिवालय में हर रोज काफी संख्या में लोग अपने काम के सिलसिले में एसडीएम कार्यालय, एसीपी कार्यालय, तहसील, ई-दिशा केंद्र, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, रोजगार कार्यालय में पहुंचते हैं। लघु सचिवालय परिसर पार्किंग न होने के चलते वाहन चालक अपने वाहनों को इधर-उधर खड़ा कर रहे हैं। जिससे कई बार अव्यवस्था हो जाती है। पार्किंग बनने के बाद लघु सचिवालय में पहुंचने वाले लोगों को अपने वाहनों को खड़ा करने के लिए सुरक्षित पार्किंग की व्यवस्था मिलेगी।

**निरीक्षण**

- एसडीएम डा. निर्मल नागर ने पीडब्ल्यूडी विभाग के एसडीओ के साथ किया मौका निरीक्षण

**वकीलों के पुराने चैंबर आ रहे थे आड़े:** लघु सचिवालय में प्रशासनिक जमीन पर वकीलों के पुराने चैंबर बने हुए थे। कोर्ट परिसर में बनाए गए नए चैंबरों में शिफ्ट होने के बाद अधिकतर वकीलों ने अपने चैंबर खुद हटा लिए थे, लेकिन कुछ वकीलों द्वारा चैंबरों को नहीं हटने दिया जा रहा था।

### मानसी ने 53 किलो भार वर्ग में किया प्रथम स्थान प्राप्त




**गन्नौर।** दिल्ली इंद्रा गांधी स्टेडियम में आयोजित स्टेयर्स यूथ नेशनल गेम्स में 19 वर्षीय मानसी ने 53 किलो भार वर्ग ताईक्वाडों में प्रथम स्थान प्राप्त किया। गन्नौर के सामुदायिक स्वास्थय केन्द्र रोड स्थित गनौर में स्पार्टन्स ताइक्वांडो क्लब में पदक जितने के बाद अभ्यास करने पहुंची मानसी का स्वागत किया गया। मानसी ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में विभिन्न प्रदेशों से करीब 15 टीमें शामिल हुई थी। मानसी गन्नौर के माड्ल संस्कृति स्कूल की बाहरवीं कक्षा की छात्रा है। स्कूल के शिक्षकों ने भी मानसी के पदक जितने पर बधाई दी।

## व्यायामशाला में सफाई का कार्य शुरू

टीम एक्शन इंडिया
**गन्नौर:** अंतर्राष्टीय योग दिवस 21 जून को सफल बनाने के लिए आयुर्वेदिक अधिकारी डा. बलविंद्र के मार्गदर्शन में योग सहायक जीत राम द्वारा व्यायामशाला भादी में नियमित रूप से योगाभ्यास शुरू करवाया। डा. बलविंद्र व जिला योग समन्वयक डॉ विनोद कुमार के आदेशों में सभी व्यायामशालाओं का सफाई और निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। योग सहायक जीतराम ने बताया योग को अपनाकर व्यक्ति स्वस्थ जीवन शैली को अपनाकर स्वयं को स्वस्थ रखें। इसके



विपरीत यदि आप अफवाहों पर ध्यान देंगे तो आपका मन विचलित होता है जिसका शरीर और मन पर बुरा असर होता है। व्यायामशाला में कनक, भूमि, वंश, रितेश, कार्तिक, प्रिंस और हंस के साथ अनेक योग साधक नियमित रूप से अभ्यास कर रहे हैं।

## तहसीलदार द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाण पत्र को ही मिलेगी अनुमति

टीम एक्शन इंडिया
**गन्नौर:** केन्द्र सरकार की नौकरियों में तहसीलदार द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाण पत्र को ही अनुमति मिलेगी। इसके लिए आयुक्त राजस्व एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने पत्र लिखकर आदेश दिए है। आदेशों में युवाओं को जागरूक करते हुए बताया कि भारत सरकार के स्तर पर परीक्षण प्रयोजनों के लिए संबंधित नायब तहसीलदार हस्ताक्षरित आवश्यक प्रमाण पत्र, दस्तावेज वैध नहीं माने जाते हैं। प्रकिया को लागू करने के लिए । प्रदेश सरकार ने यक्तियों की समस्याओं को देखते हुए निर्णय लिया हैञ । विभिन्न प्रमाणपत्रों को जारी करने में मौजूदा प्रणाली में सुधार करने की दृष्टि से, सरकार द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि अब से भारत सरकार के स्तर पर परीक्षा के उद्देश्य से आवश्यक कोई भी प्रमाणपत्र दस्तावेज, तहसीलदार के पद से नीचे के अधिकारी द्वारा जारी किया जा सकता है।

## आयोग द्वारा जारी हिदायतों व निर्देशों की पालना करना अनिवार्य: उपायुक्त

टीम एक्शन इंडिया
**फतेहाबाद:** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त राहुल नरवाल की अध्यक्षता में कैंप कार्यालय में शुक्रवार को मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी (एमसीएमसी), सिनेमा संचालक व केबल ऑपरेटरों की बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने बैठक में उपस्थित को निर्देश दिए कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी सभी हिदायतों व दिशा निदेर्शों की पालना करना अनिवार्य है। उपायुक्त ने कहा कि चुनाव लडे वाले प्रत्याशी को विज्ञापन व चुनाव से संबंधित प्रचार प्रसार प्रकाशित/प्रसारित करवाने के लिए




एमसीएमसी कमेटी से प्रमाण पत्र लेना होगा। बिना अनुमति व प्रमाण पत्र के चुनाव संबंधी प्रचार प्रसार प्रकाशित व प्रसारित करवाना नियमों की उल्लंघना माना जाएगा। उन्होंने सिनेमा संचालक व केबल ऑपरेटरों को निर्देश दिए कि वे प्रत्याशियों के अनुमति प्रमाण पत्र लेने उपरांत की चुनाव संबंधी प्रचार प्रसार का कार्य करे।
उपायुक्त राहुल नरवाल ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक व सोशल मीडिया पर प्रत्याशियों व राजनीतिक दल के चुनाव प्रचार से संबंधित सामग्री के प्रसारण से पूर्व एमसीएमसी कमेटी से प्रमाण पत्र लेना होगा।

### फतेहाबाद से बड़ी लीड लेकर निकलेंगे डॉ. अशोक तंवर: दूड़ाराम

**फतेहाबाद:** भारतीय जनता पार्टी के सिरसा लोकसभा से प्रत्याशी डॉ. अशोक तंवर ने फतेहाबाद हलके में ताबड़तोड़ जनसभाएं की और लोगों से वोट की अपील की। भाजपा प्रत्याशी का हर जगह जोरदार स्वागत हुआ और भाजपा के कार्यकर्ताओं और जनमानस ने उनका फूलमालाएं, पगड़ी और बुके देकर भव्य अभिनंदन किया। डॉ. तंवर ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने पूरी दुनिया में गौरव का अनुभव किया है। मेक इन इंडिया जैसी योजनाओं ने देश को आत्मनिर्भर बनाया है वहीं धारा 370 की समाप्ति के बाद जम्मू कश्मीर देश से जुड़ा है।

## नशा तस्करों पर पुलिस की कार्रवाई जारी

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस
**करनाल।** पुलिस अधीक्षक करनाल दीपक सहारन के आदेशानुसार करनाल नशा मुक्त अभियान में पुलिस आए दिन नशा तस्करों पर भारी पड़ रही है। नशा विरोधी अभियान के तहत ही सीआइए वन की टीम द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी करके आरोपी सुधीर पुत्र उमेश वासी शिव कालोनी करनाल को पश्चिमी यमुना नहर के पास से नशे की खेप के साथ धर दबोचा गया। आरोपी के कब्जे से करीब 7 किलोग्राम गांजा फूल पत्ती बरामद की गई। आरोपी के खिलाफ थाना रामनगर में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।
सीआइए वन के इंचार्ज



उपनिरीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि उनकी एक टीम थाना रामनगर क्षेत्र में गश्त कर रही थी तो उन्हें आरोपी के संबंध में सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही उन्होंने योजनाबद्ध तरीके से छापामारी करके आरोपी को काबू किया। टीम द्वारा आरोपी के कब्जे से करीब 7 किलोग्राम गांजा फूल पत्ती बरामद की गई।

**धर दबोचा**

- सुधीर पुत्र उमेश वासी शिव कालोनी करनाल को यमुना नहर के पास से नशे की खेप के साथ धर दबोचा

उन्होंने कहा कि आरोपी को कल अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड हासिल किया जाएगा व आरोपी से पूछताछ कर पता लगाया जाएगा कि वह नशे की इस खेप को कहां से लेकर आया था और आगे किसे सप्लाई करने वाला था। इससे यह भी पता लगाया जाएगा कि नशे के इस कारोबार में और कौन-कौन व्यक्ति उसके साथ शामिल हैं।

# डा. अरविंद शर्मा का नामांकन कराने ट्रैक्टर चलाकर पहुंचे सीएम सैनी

## रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने भी ट्रैक्टर की ड्राइविंग सीट पर बैठकर नोमिनेशन कार्यक्रम का किया शुभारंभ

टीम एक्शन इंडिया
**चंडीगढ़:** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में भाजपा ने डा. अरविंद शर्मा के नामांकन कार्यक्रम की शुरूआत की। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ट्रैक्टर की ड्राइविंग सीट पर बैठकर नोमिनेशन कार्यक्रम का शुभारंभ किया। श्री सिंह कुछ देर ट्रैक्टर पर बैठे उसके बाद उन्होंने ट्रैक्टर की ड्राइविंग सीट सीएम नायब सैनी को सौंप दी। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय, राजनाथ सिंह जिंदाबाद, नायब सैनी जिंदाबाद, जय भाजपा, तय भाजपा के खूब नारे लगाए और दोनों नेताओं पर जमकर फूल बरसाए। मुख्यमंत्री नायब सैनी पुराना आईटीआई मैदान से ट्रैक्टर चलाकर



डा. अरविंद शर्मा का नोमिनेशन कराने लोकसभा निर्वाचन कार्यालय के लिए निकले। रोहतक में निर्वाचन कार्यालय पहुंचने तक जगह-जगह मुख्यमंत्री नायब सैनी का लोगों ने फूलों से स्वागत किया। निर्वाचन कार्यालय पहुंचकर नायब सैनी ने डा. अरविंद शर्मा का नामांकन कराया।

**उमड़ा जनसैलाब**

- सीएम नायब सैनी, राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़ की उपस्थित में डा. शर्मा ने किया नामांकन
- रोहतक की जनता परिवारवादियों को नकार चुकी है: नायब सैनी

इस मौके पर भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़ भी उपस्थित रहे।
डा. शर्मा का नामांकन कराने के बाद सीएम सैनी ने कहा कि रोहतक लोकसभा सीट पर एक बार फिर कमल खिलने जा रहा है। उन्होंने कहा कि रोहतक एक बार फिर वंशवाद और परिवारवाद को नकार कर मोदी के नेतृत्व में कमल खिलाने को तत्पर है। उन्होंने कहा कि अब रोहतक परिवारवादियों का गढ़ नहीं रहा है।

रोहतक लोकसभा की जनता 2019 में ही परिवारवादियों को नकार चुकी है। जनता अब विकास चाहती है, इसलिए एक बार फिर विकास को ध्यान में रखकर डा. अरविंद शर्मा को प्रचंड बहुमत से जीताकर मोदी के पास भेजेगी।

# दिग्विजय सिंह चौटाला ने जेजेपी प्रत्याशी नैना चौटाला के लिए मांगे वोट

टीम एक्शन इंडिया
**हिसार।** जननायक जनता पार्टी के प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला ने कहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा भाजपा के चहेते बन गए है। उन्होंने कहा कि भूपेंद्र हुड्डा भाजपा के एजेंट बनकर कांग्रेस में फूट डालकर कांग्रेस को खत्म करने में लगे हुए है, ऐसे में हरियाणा में कांग्रेस का बंटाधार होना लाजमी है। वे वीरवार को उकलाना हलके के विभिन्न गांवों में जेजेपी प्रत्याशी नैना चौटाला के पक्ष में चुनाव प्रचार के दौरान ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। दिग्विजय ने 60 से ज्यादा कार्यक्रम करके ग्रामीणों से जेजेपी प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। जेजेपी प्रधान



महासचिव ने कहा कि आज मौजूदा राज्य सरकार की विफलता के कारण किसान परेशान है और पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला के कार्यों को याद करते है। उन्होंने कहा कि नई सरकार से न तो समय पर किसानों की फसलें खरीदी गई और न ही समय पर भुगतान किया गया। दिग्विजय ने कहा कि मंडियों से अब तक गेहूं और सरसों का उठान न होना सरकार की लापरवाही को दशार्ता है, अगर भाजपा को किसानों की चिंता होती तो सरकार दुष्यंत चौटाला की तरह तुरंत किसानों की फसलें खरीदती और 48 घंटे में उसका भुगतान सीधा किसानों के खाते में करती।

# 'दिल्ली महिला आयोग को बंद करने की साजिश रच रहे'

## 'भाजपा हमेशा से ही महिला विरोधी पार्टी रही है, ये लोग रेवन्ना जैसे लोगों को चुनाव लड़वाते हैं, उसके बारे में सबकुछ जानते हुए भी'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली सरकार** में मंत्री आतिशी ने एक बार फिर भाजपा पर हमला बोला है। उन्होंने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि भाजपा हमेशा से ही महिला विरोधी पार्टी रही है। ये लोग रेवन्ना जैसे लोगों को चुनाव लड़वाते हैं। उसके बारे में सबकुछ जानते हुए भी प्रधानमंत्री हाथ फैलाकर वोट मांगते हैं। वहीं, इनकी सरकार पीड़ित और परेशान महिलाओं के लिए काम करने वाली संस्था दिल्ली महिला आयोग को बंद करने की साजिश रच रही हैं। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा-आरएसएस से जुड़े तमाम नेता वर्षों से कह रहे हैं कि आरक्षण को खत्म करना है। भाजपा के तमाम उम्मीदवार कह रहे हैं कि 400 सीट दे दो, संविधान बदलना है। प्रधानमंत्री इन बातों का जवाब दें। वहीं, अमित शाह ने साबित कर दिया कि भाजपा और उनकी ईडी का अरविंद केजरीवाल को समन भेजने का इरादा ही उन्हें गिरफ्तार करने का था। अमित शाह के बयान ने साफ कर दिया है कि दिल्ली आबकारी नीति में ईडी की जांच का मकसद आम आदमी पार्टी और हमारे नेताओं को परेशान करना है। आप मंत्री ने कहा कि जब से अरविंद केजरीवाल को ईडी के समन आना शुरू हुए तब से ही हम कह रहे थे कि यह समन भाजपा के हैं। ईडी से समन भिजवाकर भाजपा अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करवाना चाहती है। इसके बाद हुआ भी यही। अब तो अमित शाह ने भी यह बात खुद मान ली है कि ईडी का मकसद ही अरविंद





### दिल्ली महिला आयोग के 52 संविदाकर्मी ही बर्खास्त

**दिल्ली** सरकार के महिला एवं बाल विकास (डब्ल्यूसीडी) विभाग ने दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) के 52 संविदाकर्मियों को बर्खास्त कर दिया। पहले 223 संविदा कर्मियों को हटाने का आदेश दिया गया था। विभाग के मुताबिक, इन सभी की नियुक्तियां गैरकानूनी ढंग से की गई थीं।

यह कार्रवाई जून 2017 में एक समिति की रिपोर्ट के आधार पर एलजी वीके सक्सेना की सिफारिश पर की गई है। 29 अप्रैल के आदेश में कहा गया था कि विभाग ने 223 संविदा कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त कर दी हैं, पर बृहस्पतिवार को बयान जारी कर बताया कि 52 संविदा कर्मी ही बर्खास्त किए गए हैं। एक



अधिकारी ने बताया कि दरअसल 223 पद गैरकानूनी तरह से बनाए गए थे। पर, सिर्फ 52 पर ही नियुक्ति हुई थी। डब्ल्यूसीडी विभाग ने बयान में कहा, फरवरी, 2017 में डीसीडब्ल्यू में अवैध रूप से सृजित पदों व संविदा नियुक्तियों की शिकायत पर तत्कालीन एलजी अनिल बैजल ने समिति बनाई थी। तत्कालीन मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली समिति ने जांच के बाद नियुक्तियों और अपनाई गई प्रक्रियाओं को अवैध माना था।

**एलजी ने सुनाया तुगलकी फरमान : मालीवाल**

दिल्ली महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष व आप सांसद स्वाति मालीवाल ने आदेश की आलोचना करते हुए सोशल मीडिया पर कहा, एलजी ने महिला आयोग के सभी संविदा कर्मियों को हटाने का तुगलकी फरमान जारी कर दिया है। आयोग में कुल 90 कर्मचारी हैं, जिनमें से सिर्फ 8 को सरकार ने नौकरी दी है। अगर सभी संविदा स्टाफ को हटा दिया जाए तो आयोग पर

### शराब घोटालाः हाईकोर्ट से केजरीवाल को जमानत पर झटका

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ दायर याचिका पर बड़ा झटका लगा है। हाईकोर्ट ने शुक्रवार को केजरीवाल की गिरफ्तारी वाली याचिका को खारिज कर दिया। आचार संहिता लागू होने पर किसी नेता की गिरफ्तारी के बारे में चुनाव आयोग को तुरंत जानकारी देने की मांग वाली याचिका को हाईकोर्ट ने खारिज करते हुए कहा कि याचिका मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी को चुनौती देती है। जो फिलहाल, न्यायिक हिरासत में हैं। कोर्ट ने यह देखा है कि वर्तमान में दाखिल की गई याचिका सुनवाई योग्य नहीं है। कहा कि व्यक्ति अभी न्यायिक हिरासत में है।

## अमित की जमानत याचिका पर कोर्ट ने सुरक्षित रखा फैसला



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को न्यूज पोर्टल के खिलाफ आतंकवाद विरोधी कानून यूएपीए के तहत दर्ज एक मामले में न्यूजक्लिक के मानव संसाधन विभाग प्रमुख अमित चक्रवर्ती की जमानत याचिका पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। इस याचिका में आरोप लगाया गया था कि उसे चीन समर्थक प्रचार-प्रसार के लिए धन प्राप्त हुआ था। चक्रवर्ती के वकील ने कहा कि मामले में आरोपपत्र पहले ही दायर किया जा चुका है और याचिकाकर्ता को सरकारी गवाह बनने के बाद अभियोजन पक्ष के गवाह के रूप में उद्धृत किया गया है।

न्यायमूर्ति स्वर्णकांत शर्मा ने आदेश सुरक्षित रख लिया। वकील ने कहा कि उच्च न्यायालय के पास आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 482 के तहत चक्रवर्ती को जमानत देने का विवेकाधिकार है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के वकील ने कहा कि अगर उन्हें राहत दी जाती है तो अभियोजन पक्ष को कोई आपत्ति नहीं है। चक्रवर्ती के वकील ने कहा कि उनके मुवक्किल को निचली अदालत ने मामले में माफी दे दी है और वह जांच में सहयोग भी कर रहे हैं। जनवरी में ट्रायल कोर्ट ने चक्रवर्ती को मामले में सरकारी गवाह बनने की अनुमति दी और उन्हें माफी दे दी थी। चक्रवर्ती ने दावा किया है कि उनके पास मामले के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी है, जिसका वह दिल्ली पुलिस को खुलासा करना चाहते हैं। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने न्यूजक्लिक के संस्थापक प्रबीर पुरकायस्थ और चक्रवर्ती को पिछले साल 3 अक्टूबर को गिरफ्तार किया था। ये दोनों फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं।

## स्कूलों के बाद अब पुलिस हेडक्वार्टर में बम की धमकी

**आरोपी काबू**

**ईमेल के जरिए बम की धमकी मिली है। पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद इस ईमेल भेजने वाले का पता लगा लिया**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के नांगलोई इलाके में बम होने की सूचना से हड़कंप मच गया। पुलिस मुख्यालय में ईमेल के जरिए बम की धमकी मिली है। पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद इस ईमेल भेजने वाले का पता लगा लिया है। ईमेल एक नाबालिग ने भेजा था। पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया। जांच में पता चला कि बच्चे ने शरारत में मेल भेजा था।

नाबालिग के खिलाफ पुलिस ने जेजे एक्ट के तहत कार्रवाई की। उसके बाद बच्चे की काउंसलिंग के बाद उसको माता पिता को सौंप दिया गया। इससे पहले दिल्ली-एनसीआर के स्कूलों, अस्पताल, राष्ट्रपति भवन और आईजीआई एयरपोर्ट समेत कई सरकारी इमारतों में बम रखे होने का ईमेल मिला था। स्कूलों समेत अन्य जगहों पर धमकी भरा मेल आने के बाद तलाशी ली गई और इसमें कुछ भी नहीं मिला।

**ऑडियो और टेक्स्ट मैसेज हुए वायरल:** राजधानी में बुधवार सुबह 223 स्कूलों में बम रखे होने के फर्जी ई-मेल के बाद शाम को सोशल मीडिया पर ऑडियो और टेक्स्ट मैसेज वायरल हो गए। इनमें दावा किया गया कि राजधानी के कई स्कूलों में बम मिले हैं, लेकिन पुलिस जानबूझकर जानकारी लोगों को नहीं दे रही है। इन मैसेज का बृहस्पतिवार को खासा असर देखने को मिला। अनेक लोगों ने बच्चों को स्कूल नहीं भेजा। वहीं, पुलिस ने लोगों से अपील की है कि इस तरह के मैसेज पर यकीन न करें।

## जेएनयू में विरोध प्रदर्शन दंडनीय अपराध घोषित

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में अब किसी भी शैक्षणिक या प्रशासनिक भवन के 100 मीटर के दायरे में धरना, भूख हड़ताल, समूह की घुसपैठ या किसी अन्य प्रकार का विरोध प्रदर्शन दंडनीय अपराध होगा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने जेएनयू प्रशासन द्वारा जारी किए गए इस ताजा आदेश की कड़ी निंदा की है। अभाविप ने शुक्रवार को कहा कि यह आदेश विश्वविद्यालय परिसर में छात्रों के प्रदर्शन के अधिकार का हनन करता है। विद्यार्थी परिषद का मानना है कि इस आदेश से छात्रों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और असहमति जताने के उनके मौलिक अधिकार का उल्लंघन होगा। जेएनयू परिसर छात्रों के लिए वह स्थान है, जहां विचारों का आदान-प्रदान होता है। जेएनयू जैसे परिसर में छात्रों को अपनी समस्याओं को उठाने और विरोध प्रदर्शन करने का अधिकार होना चाहिए।

## रामवीर सिंह बिधूड़ी और प्रवीन ने किया नामांकन

**पर्चा दाखिल**

**भाजपा प्रत्याशी के नामांकन में पहुंचे उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली में भाजपा के दो प्रत्याशियों रामवीर सिंह बिधूड़ी और प्रवीन खंडेलवाल ने नामांकन किया। इनके नामांकन पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल पहुंचे। दक्षिणी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी रामवीर सिंह बिधूड़ी का नामांकन कराने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी पहुंचे थे। वहीं चांदनी चौक से भाजपा प्रत्याशी प्रवीन खंडेलवाल के नामांकन के दौरान केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और सांसद डाक्टर हर्षवर्धन भी मौजूद रहे। इस मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को लाडो सराय नई दिल्ली में दक्षिणी दिल्ली संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी रामवीर सिंह बिधूड़ी के पक्ष में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने हजारों की संख्या में आए हुए लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि लोगों के उत्साह और उमंग देखकर लगता है दिल्ली वाकई



दिल वालों की है। दिल्ली की सात लोकसभा सीट जीतकर दिल्लीवासी इतिहास दोहराने वाले हैं। उम्मीद जताई कि यहां की जनता मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने में अपना योगदान देगी। इस मौके पर धामी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लिए गए निर्णयों के सीएए कानून, कश्मीर से धारा 370 का खात्मा, तीन तलाक की चर्चा की। वहीं उन्होंने भगवान श्री राम का अयोध्या में भव्य मंदिर का निर्माण कार्य, आवास योजना, आयुष्मान योजना, लखपति दीदी योजना, किसान सम्मान निधि के साथ ही उज्जवला योजना से गरीबों को होनेवाले फायदे भी गिनाए। इस अवसर पर भाजपा प्रत्याशी रामवीर सिंह बिधूड़ी के साथ दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, सह - प्रभारी अल्का गुज्जर, राजकुमार चौटाला एवं अन्य लोग मौजूद रहे। चांदनी चौक संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी प्रवीन खंडेलवाल के समर्थन में केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल एवं वर्तमान सांसद डा. हर्षवर्धन चांदनी चौक में विशाल जनसभा को सम्बोधित किया। प्रवीन खंडेलवाल की नामांकन यात्रा में भाजपा नेता विजेन्द्र गुप्ता और क्षेत्र के जिला एवं मंडल पदाधिकारी और निगम पार्षद शामिल हुए। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने लोगों से आह्वान किया कि जिस प्रकार से देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के विकास के लिए निरंतर काम कर रहे हैं उन्ही के सिपाही प्रवीण खंडेलवाल हैं। इन्हें चांदनी चौक से विजयश्री का आशीर्वाद देकर नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने में अपना योगदान दें। पीयूष गोयल ने कहा कि इंडी गठबंधन है या नहीं अभी तो वह ही नहीं समझ आया है।

## सिसोदिया की जमानत अर्जी पर हाईकोर्ट का नोटिस



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली हाई कोर्ट ने मनीष सिसोदिया की जमानत अर्जी पर सीबीआई और ईडी को नोटिस जारी किया है। अब 8 मई को अगली सुनवाई होगी। सिसोदिया ने सीबीआई और ईडी दोनो जांच एजेंसियों की ओर से दर्ज केस में जमानत की मांग की है। ईडी ने उच्च न्यायालय को बताया उनको मनीष सिसोदिया के कस्टडी पैरोल के दौरान बीमार पत्नी से मुलाकात करने पर कोई आपत्ति नहीं है। सिसोदिया के वकील ने कहा था कि सिसोदिया को अपनी पत्नी से मिलने के लिए एक दिन की हिरासत पैरोल दी गई थी।

## पेड़ों में लगी आग डीटीसी क्लस्टर डीपो की पिछली दीवार तक पहुंच



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के महात्मा गांधी आउटर रिंग रोड के पास पेड़ों आग लगी है। जिसकी वजह से चारों तरफ धुआं ही धुआं फैल गया। आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची हैं और आग पर काबू पाने का काम किया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक, राजघाट डीटीसी क्लस्टर डीपो की पिछली दीवार तक आग पहुंच गई है। दिल्ली के महात्मा गांधी आउटर रिंग रोड के पास पेड़ों में आग लगी है।

## शाह के फर्जी वीडियो मामले में पांच कांग्रेस कार्यकर्ता गिरफ्तार

**सख्ती**

**तेलंगाना भाजपा की शिकायत के आधार पर तेलंगाना पुलिस की साइबर अपराध इकाई ने गिरफ्तार किया**



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के फर्जी वीडियो मामले में तेलंगाना पुलिस ने पांच कांग्रेस कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया है। तेलंगाना कांग्रेस के मीडिया संयोजक कमल मेदागोनी ने कहा कि तेलंगाना इंटरनेट मीडिया संयोजक नवीन और तसलीमा सहित पांच लोगों को तेलंगाना भाजपा की शिकायत के आधार पर तेलंगाना पुलिस की साइबर अपराध इकाई ने गिरफ्तार किया है।

**भाजपा की शिकायत पर इंटरनेट मीडिया संयोजक धरे गए :** दिल्ली पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार नहीं किया है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की टीम मामले में जांच करने तेलंगाना कांग्रेस के मुख्यालय पहुंची, लेकिन वहां कोई नहीं मिला। इससे पहले दिल्ली पुलिस की इंटेलिजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रैटेजिक आपरेशंस (कारड) यूनिट ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के वीडियो से छेड़छाड़ करके प्रसार के संबंध में सात से आठ राज्यों में 16 व्यक्तियों को समन जारी किया था। कथित फर्जी वीडियो में केंद्रीय गृह मंत्री को यह कहते हुए सुना जा सकता है कि भाजपा देश में आरक्षण के खिलाफ है।

## दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे से यात्रियों को मिलेगी राहत

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** जल्द ही राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और उत्तराखंड की राजधानी देहरादून को जोड़ने वाला एक नया एक्सप्रेसवे आंशिक रूप से खुल जाएगा। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अनुसार, 210 किलोमीटर लंबे इस राजमार्ग का पहला चरण इस साल जून के आखिर तक खुलने की उम्मीद है। दिल्ली-देहरादून ग्रीनफील्ड एक्सेस-कंट्रोलड एक्सप्रेसवे का पहला चरण दिल्ली में अक्षरधाम मंदिर और उत्तर प्रदेश के बागपत को जोड़ेगा, जो लगभग 32 किलोमीटर की दूरी है। दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे के अगले साल की शुरूआत तक पूरी तरह से चालू होने की उम्मीद है। परियोजना के पहले चरण को पहले मार्च तक पूरा करने का कार्यक्रम था। हालांकि, दिल्ली में प्रदूषण का स्तर ज्यादा होने पर लागू किए गए ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान



के तहत पाबंदियों के चलते एक्सप्रेसवे के निर्माण कार्य में देरी हुई।

दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे से दोनों शहरों के बीच यात्रा के समय में लगभग आधी कटौती होने की उम्मीद है। इस समय, यात्री दोनों शहरों के बीच यात्रा करने के लिए दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे का इस्तेमाल करते हैं, जिसमें लगभग पांच घंटे लगते हैं। नया एक्सप्रेसवे यात्रा के समय को लगभग ढाई घंटे तक कम करने का वादा करता है। दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे के पहले चरण को दो खंडों में बांटा गया है। अक्षरधाम और बागपत के बीच की कुल दूरी 31.65 किमी है और यह बागपत में ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे (ईपीई) पर खेड़ा और मावी कलां इंटरचेंज से होकर गुजरेगी। पहले चरण में दिल्ली की गीता कॉलोनी से शुरू होकर उत्तर प्रदेश के मावी गांव तक लगभग 18 किलोमीटर का एलिवेटेड सेक्शन शामिल है। रिपोर्ट में एनएचएआई के

**ग्रीनफील्ड**

**एनएचएआई के अनुसार,इस राजमार्ग का पहला चरण इस साल जून के आखिर तक खुलने की उम्मीद**

एक अधिकारी के हवाले से कहा गया है कि, "परियोजना का पहला चरण 90-95 प्रतिशत पूरा हो चुका है।

साइनेज, विस्तार जोड़ों और अन्य बुनियादी ढांचे को स्थापित करने का काम चल रहा है। कैरिजवे का काम भी पूरा हो चुका है। दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे लगभग 8,300 करोड़ रुपये की लागत से बनाया जा रहा है। इसे हल्के वाहनों के लिए 100 किमी प्रति घंटे की गति सीमा को सपोर्ट करने के लिए डिजाइन किया गया है।



# बसपा प्रत्याशी पवन रंधावा ने भरा नामांकन

**'अम्बाला लोकसभा का करायँगे भरपूर विकास, यमुनानगर से चंडीगड रेल लाइन बिछाई जाएगा, बहुजन समाज पार्टी सभी को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है'**

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** अंबाला लोकसभा सीट से बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी पवन रंधावा ने आज अपना नामांकन पत्र भरा। हजारों लोगों के काफिले के साथ रोड शो निकलते हुए उपायुक्त कार्यालय पहुंचे पवन रंधावा ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी सभी को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है।

संविधान ही पार्टी का घोषणापत्र है, देश को संविधान के अनुसार चलाया जाएगा। जो लोग देश का संविधान बदलने की बात कहते है वो देश के दुश्मन है, बसपा संविधान की रक्षा को तैयार है। बहुजन पार्टी की सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय वाली सरकार बिना भेदभाव सभी के हित में कार्य करेंगी। युवाओं को नोकरिया दी जाएगी, नशे पर लगाम लगाई जाएगी।



पवन रंधावा ने कहा कि शिक्षा का अधिकार सबको है इसलिए सभी को एक समान शिक्षा दी जाएगी, स्कूल में पढ़े खाली पदों को भरा जाएगा, शिक्षण संस्थान खोले जाएंगे। सभी को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराई जाएगी। पूर्व सरकारों ने देश की जनता और खासकर युवाओं के साथ बड़ा मजाक किया है। अग्निविर के नाम पर युवाओं को ठगा जा रहा है, हरियाणा में कौशल निगम के जरिये युवाओं का शोषण किया जा रहा है। बहुजन समाज पार्टी की सरकार आने पर युवाओं को योग्यता के अनुसार स्थाई भर्ती की जाएगी।

**महंगाई पर लगाम कसी जाएगी**

आज हर वर्ग सरकार से दुखी है, अपनी मांगों को लेकर सड़कों पर है, लेकिन उनकी कहीं सुनवाई नहीं हो रही। बहुजन समाज पार्टी की सरकार आने पर सभी के साथ बातचीत कर उनकी मांगे मानी जाएंगी। भाजपा और कांग्रेस ने देश को जमकर लूटा है, अब प्रदेश की जनता बहुजन समाज पार्टी को विकल्प के रूप में देख रही है। देश में बहुजन समाज पार्टी की सरकार बनेगी और बहन कुमारी

**सुनवाई**

**बहुजन समाज पार्टी की सरकार आने पर सभी के साथ बातचीत कर उनकी मांगे मानी जाएंगी**

मायावती देश के प्रधानमंत्री बनेगी। इस अवसर पर एडवोकेट गुरमुख सिंह, चौधरी सही राम, प्रकाश पाखी, राजेश बाड़ा, रवि चौधरी, करनेल नगला, चौधरी महिपाल, दर्शन खेड़ा नरेश सारण, राम स्वरूप, राहुल कुमार, विशाल गुर्जर, राजेश कटारिया, मुकेश समलेहड़ी, संजय सैनी, हरमेश पंजोखरा, गुरनाम खैरा, मनोज खेड़ा समेत भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे.

# अधिकारी के निर्देश पर लेखा जोखा टीम को पायलट प्रशिक्षण दिया गया

**सक्रिय**

**चुनाव में अधिकारी सही तरीके से करे अपनी डयूटी का निर्वाहन: गौरव कुमार**



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**लोकसभा के** आम चुनाव के मध्य नजर शुक्रवार को जिला उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर लेखा जोखा टीम का पायलट प्रशिक्षण दिया गया। जिला परिषद के कार्यकारी अधिकारी गौरव कुमार ने वीवीटी, वीएसटी और लेखा जोखा टीम को चुनाव के दौरान उनकी डयूटियों से अवगत कराया व उनकी चुनाव में क्या जिम्मेदारियां है विस्तार से बताया। जिला परिषद के कार्यकारी अधिकारी गौरव कुमार ने बताया कि चुनाव के दौरान लेखा जोखा टीम की जिम्मेदारी अहम बन जाती है। उसे चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी के द्वारा खर्च किये जा रहे पैसे का लेखा जोखा रखना होगा। इसके लिए उसे एक रजिस्टर मैनटेन करना होगा।

वाहटस्अप ग्रुप बनाकर जानकारियां रखनी होगी। उन्होंने सीवीजीएल की डयूटी के अलावा वीवीटी, वीएसटी, असीस्टैंट, एक्पैंडीचर टीम की भूमिका के बारे में भी जानकारी दी।

## न्यूज फ्लैश

### अधिकारी सरकार और जनता के बीच सेतु का काम करते हैं: सुशील जैन




**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

करनाल। हरियाणा राज्य औद्योगिक विकास निगम के महाप्रबंधक विनीत भाटिया और उप प्रबंधक राजबीर सिंह को उनकी साढ़े तीन दशक की सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। आज उनके सम्मान में यह कार्यक्रम हरियाणा चैंबर आफ कामर्स, एचएसआईडीसी वैलफेयर एसोसिएशन, काइमा, इंडस्टीज एसोसिएशन, हरियाणा राइस मिलर्स एसोसिएशन ने आयोजित किया गया। कार्यक्रम में दोनों अधिकारियों की सेवा को सराहा गया।

कार्यक्रम में मुख्य रुप से बोलते हुए हरियाणा चैंबर आफ कामर्स के अध्यक्ष सुशील जैन ने कहा कि सरकार और उद्योगपतियों के बीच अधिकारी सेतु काम करते हैं। विनीत भाटिया ने हमेशा अपने काम को बखूबी से किया है। उन्होंने कहा कि करनाल में वह लंबे समय तक रहे। उसके बाद भी वह सबकी पसंद हैं। इस अवसर पर उद्योगपति भूषण गोयल, काइमा के रविंद्र ढल, काइमा के इंद्रपाल सिंह हरप्रीत हैप्पी, रवि वेरी, आरएल शर्मा, मनोज अरोड़ा, सुरेंद्र जैन, वरिंद्र चौपड़ा, वरिंद्रर सिंह, भावुक मैहता, सचदेवा ने दोनों अधिकारियों की सराहना की। वनीत भाटिया और रजवीर सिंह को सम्मानित किया गया। उन्हें पगड़ी पहनाई गई। इस अवसर पर सारिका भाटिया चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित मिले सुर हमारा तुम्हारा के कलाकारों ने गीतों से भरा गुलदस्ता प्रस्तुत किया। इसका संयोजन सोनिया चोपड़ा ने किया। गीतों को आवाज वनीत भाटिया, अनिरुद्ध कालड़ा, राजेश भाटिया, मित्तल नरेंद्र अरोड़ा, अनिल भाटिया सहित अन्य कलाकारों ने दिया।

### निपुण मिशन के माध्यम से हम वापिस अपने जड़ों की ओर लौट रहे हैं : बृजेश



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय करनाल में तीसरे चरण के 5 समूहों में जिला शिक्षा अधिकारी सुदेश ढुकराल के मार्गदर्शन में जिला एफएलएन कोर्डिनेटर विपिन कुमार के नेतृत्व में 200 प्राथमिक अध्यापक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। नोडल अधिकारी बृजेश ने कहा कि एफएलएन प्रशिक्षण के माध्यम से हम वापिस अपने जड़ों की ओर लौट रहे हैं। हर बच्चा बुनियादी शिक्षा और गणना ज्ञान में निपुण बनेगा। नोडल अधिकारी बीईओ सीमा मदान ने कहा कि एफएलएन के तहत बच्चों को खेल खेल में अक्षर ज्ञान व कविताओं के माध्यम से बच्चों की तीव्र गति से बौद्धिक क्षमता बढ़ती है। गणित के मास्टर ट्रेनर रीना और बलजीत ने बच्चों को गिनती, जोड़, घटा, गुणा, भाग को खेल विधि से कराया। अध्यापकों को बताया कि गणित विषय की रोचक गतिविधियों के माध्यम से आसानी से सिखाया जा सकता है। अंग्रेजी की मास्टर ट्रेनर नीटू कांबोज और नेहा ने कक्षा चौथी और पांचवीं में एडवांस अंग्रेजी कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया। अंग्रेजी विषय के एडवांस कार्यक्रम के 6

# डीसी, एसपी ने किया विभिन्न बूथों का निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत/कमाल हुसैन:** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया और पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने शुक्रवार को संयुक्त रूप से जिला के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया और इनमें मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने किला स्थित सब डिवीजन वाटर वर्क्स, किला स्थित एसडीओ उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के कार्यालय, सेक्टर 12 स्थित सामुदायिक केंद्र और प्राइमरी स्कूल के बूथ, खादी आश्रम, शिवाजी स्टेडियम, जन स्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता के कार्यालय में बनाए गए बूथ और




लाल बत्ती चौक के पास स्थित मॉडल संस्कृति स्कूल में बनाए गए मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। मॉडल संस्कृति स्कूल में उन्होंने मिड डे मील को भी चेक किया और कहा कि इसमें साफ सफाई का विशेष ख्याल रखें।

जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने लोगों से अपील की कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। चुनाव को एक उत्सव के रूप में मनाया जाना चाहिये। हर पात्र व्यक्ति को निर्भीक होकर मतदान करना चाहिए और दूसरों को भी इसके लिये प्रेरित करना चाहिये।

**निष्पक्ष**

**जिला प्रशासन स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांतिपूर्वक ढंग से चुनाव संपन्न कराने के लिए वचनबद्ध है**

जिला प्रशासन स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांतिपूर्वक ढंग से चुनाव संपन्न कराने के लिए वचनबद्ध है। उन्होंने मतदान केंद्रों पर बिजली-पानी, फर्नीचर, प्रवेश व निकास द्वार जैसी मूलभूत सुविधाओं को जांचा।

पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव को शांतिपूर्ण व भय मुक्त माहौल में संपन्न करवाने के

# मंदिर के निर्माण कार्य में ज्यादा से ज्यादा लोग दें योगदान

**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** अंबाला शहर स्थित हीरा नगर में चल रहा है श्री पशुपतिनाथ मंदिर एवं धर्मशाला बनाने का कार्य संस्था की और से अपील दानी सज्जन आगे आए और ईंट , बजरी रेता सीमेंट एवं मिट्टी की सेवा दान में दे सकता है संस्था कोषाध्यक्ष दीपक वोहरा एवं संस्था की पूरी टीम की और से मंदिर निर्माण में दान देने वाले यशिका गिफ्ट गैलरी , राजन साड़ी, लबाना हाउस, आल राउंड कंपनी के सदस्यों का किया तह दिल से धन्यवाद । संस्था के सभी सदस्यो ने बढ़चढ़ कर मंदिर निर्माण हेतु दान राशि इक्क्ठा करने पर महासचिव रिटा पटेल ने किया धन्यवाद । संस्था के अध्यक्ष गणेश



पटेल ने कहा कि जनता ज्यादा से ज्यादा लोग बढ़चढ़ कर अपना योगदान दें। ताकि पशुपतिनाथ मंदिर का निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा हो।

# मेधावी छात्रों के सम्मान में दो दिवसीय भव्य रोड शो का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**समालखा (कुलदीप सिंह) बारहवीं** परीक्षा परिणाम के उपलक्ष में जिले में टॉपर होने वाले बच्चों के सम्मान मे रोड शो का आयोजन किया गया जिसमें विज्ञान संकाय की छात्रा तमन्ना ने 488 /500 अंक लेकर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया इसी विद्यालय की छात्रा सीमा देवी ने 481/500अंक लेकर वाणिज्य संख्या में पहला स्थान प्राप्त किया। स्कूल मे बच्चों को खुली जीप में बैठाकर प्रबंधक राधेश्याम जांगड़ा प्राध्यापक जितेंद्र उत्तम, उप्राचार्य रमेश वत्स स्कूल मुख्याध्यापिका अनीता धीमान ने इस जुलूस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बच्चों के सम्मान में गांधी कॉलोनी, पंचवटी कॉलोनी, ऑफीसर कॉलोनी, रेलवे रोड समालखा वह गांव चुलकाना में रोड




शो के पहुंचने पर लोगों ने बच्चों व अध्यापकों को फूल माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर स्वागत किया। जुलूस स्कूल से चलकर जौरासी रोड होते हुए ऑफिसर कॉलोनी पहुंचा जहां पर प्रवेश के परिवार द्वारा बच्चों का फूल मालाओं से स्वागत किया गया उसके बाद ऑफीसर कॉलोनी में ही पार्षद हरिओम वशिष्ठ ने बच्चों का भव्य स्वागत किया। जुलूस आगे जाकर पंचवटी कॉलोनी में पहुंचा जहां सोनिया के परिवार द्वारा बच्चों को आशीर्वाद दिया गया। उसके बाद जौरासी रोड के ओम प्रकाश जांगड़ा ने फूल मालाओं से स्वागत किया वहीं पर डॉ सतबीर के द्वारा बच्चों का स्वागत

**सम्मानित**

**श्यामलाल व मित्तल बुक डिपो संचालक वीरभान मित्तल द्वारा बच्चों को मालाएं पहना कर सम्मानित किया गया**

किया गया। गांधी कॉलोनी में गली नंबर 4 के सभी निवासियों ने बच्चों की उपलब्धि की खुशी में नाच गाना किया व पार्सद रेनू धीमान व अनिल सैनी के द्वारा बहुत ही उत्साह पूर्ण स्वागत किया गया बच्चों व पूरे स्टाफ को फूल मालाओं सुसज्जित कर दिया। उसके बाद जुलूस हथवाला रोड होते हुए रेलवे रोड पहुंचा जहां पर श्यामलाल व मित्तल बुक डिपो संचालक वीरभान मित्तल द्वारा बच्चों को मालाएं पहना कर सम्मानित किया गया। उसके बाद यह गाव चुलकाना पहुंचा जहां चुलकाना सरपंच सतीश के द्वारा बच्चों को पुरस्कारित किया गया पूरे चुलकाना की परिक्रमा करते हुए बाबा लखेश्वर व श्याम बाबा का आशीर्वाद लिया उसके बाद यह जुलूस चव्यन ऋषि मॉडल स्कूल पहुंचा। जहां पर चव्यन ऋषि स्कूल संचालक सतीश शर्मा ने बच्चों को लड्डू खिलाकर मुंह मीठा कराया वह फूल मालाओं से स्वागत किया। उसके बाद जुलूस ब्लू जे रोड से होता हुआ समालखा पहुंचा जहां पर जीवीएम किड्स केयर व जीवीएम मॉडल टाउन की प्रधानाचार्य पम्मी व मीनाक्षी के पूरे स्टाफ सदस्य द्वारा बच्चों का जोरदार स्वागत किया गया व बच्चों को जलपान कराया गया।

# 'मतदाताओं को किया जा रहा मतदान के लिए प्रेरित'

**सोनीपत:** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर भारत निर्वाचन आयोग, मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय हरियाणा सहित जिला प्रशासन मतदाताओं को लोकतंत्र के महापर्व में शामिल होने और अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जागरूक करने में अहम भूमिका निभा रहा है। जिला में 25 मई को होने वाले मतदान को लेकर स्वीप अभियान के तहत मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, ताकि जिला में इस बार मतदाता प्रतिशतता को बढ़ाया जा सके। अन्य राज्यों के मतदाताओं को भी जागरूक करने में मददगार बन रही हैं।

# सिविजल के तहत अधिकारियों को डयूटी के आदेश जारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, कमाल हुसैन**

जिलाधीश वीरेन्द्र कुमार दहिया ने लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत शांति एवं समानता स्थापित करने के लिए दण्ड प्रक्रिया नियमावली 1973 की धारा 22(1) व 23(2) के तहत विभिन्न क्षेत्रों में फलाईंग स्कवायड टीम/सिविजल टीम के तहत अधिकारियों की डयूटी के आदेश जारी किए हैं। मजिस्ट्रेट सेवा सिंह, खण्ड कृषि अधिकारी और काडा के कार्यकारी अभियंता संदीप, नगर निगम के एसडीओ अर्पित और हैफेड डीएम कृपाल दास, सहायक श्रमायुक्त कर्मवीर सिंह और एमएसएमई के संयुक्त निदेशक दीपक वर्मा को डयूटी मैजिस्ट्रेट

**नियुक्त**

**एचएसएएमबी के एसडीओ प्रदीप शर्मा और एचवीपीएनएल के एईई संदीप खत्री को मैजिस्ट्रेट नियुक्त किया**

नियुक्त किया गया है। एसडीओ विरेन्द्र कुमार और काडा के कार्यकारी अभियंता धर्मेन्द्र, नगर निगम के एसडीओ योगेश कुमार और वाटर सर्विस डिविजन के एसडीओ सर्वजीत, एचएसएएमबी के एसडीओ प्रदीप शर्मा और एचवीपीएनएल के एईई संदीप खत्री को मैजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है।

# पिज्जा डिलीवरी के साथ लोग मतदान को होंगे जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**मैकडोनाल्ड** पीजा डिलीवरी के साथ अब लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने का काम भी किया जाएगा। इसी को लेकर जिला प्रशासन के स्वीप जागरूकता कार्यक्रम से जुड़े हितेश चंद्र ने यह अनोखी पहल की है। पिज्जा डिलीवरी के साथ अब मतदान जागरूकता स्टीकर भी लगाया जा रहा है। जिला में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला स्वीप नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त डा पंकज यादव, चुनाव नायब तहसीलदार सुदेश राणा के नेतृत्व में मतदाताओं को मतदान की तिथि, स्लोगन आदि द्वारा अनोखे प्रयोग किए जा रहे हैं। एडीसी डॉ पंकज



यादव ने कहा कि आगामी 25 मई को मतदान होगा। जिला में ज्यादा से ज्यादा लोग मतदान में हिस्सा लें इसीलिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसी को लेकर डॉ. हितेश चंद शर्मा द्वारा इनकी अनुपालना भली भांति की जा रही है। मैकडोनाल्ड पिज्जा आउट लेट बिग बाजार सेक्टर 25 में लोगों के अच्छी खासी भीड़ रहती उन्हे बिलिंग एवम कैरी बैग में मतदान जागरूकता इंक स्टंप लगाकर पिज्जा सप्लाई किया जा रहा है। आउट मैनेजर टीम सहित सभी को

**प्रेरित किया**

**बिलिंग पर संदेश 25 मई, वोट डालने के लिए मतदान तिथि को मतदान हेतु प्रेरित किया जा रहा है**

जिला निर्वाचन विभाग द्वारा प्रदत्त जागरूकता स्टंप को स्व रुचि से लगाकर ग्राहकों को मतदान के प्रति प्रेरित कर रहे हैं साथ में पिज्जा कैरी बैग पर मतदान तिथि युक्त आकर्षक स्टंप भी लगा रहे हैं। बिग बाजार ट्रेड मॉल पर भी इंक स्टंप द्वारा बिलिंग पर संदेश 25 मई, वोट डालने के लिए मतदान तिथि को मतदान हेतु प्रेरित किया जा रहा है।

# भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल को है पीएम मोदी के नाम की आस

**टीम एक्शन इंडिया**

**समालखा, ( कुलदीप सिंह)** समालखा विधानसभा क्षेत्र में मौसमी गर्मी के बावजूद अभी तक राजनीतिक माहौल ठंडा पड़ा हुआ है। हालांकि लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार को 20 दिन ही शेष बचे है लेकिन अभी तक भाजपा को छोड़कर किसी भी राजनीतिक दल ने अपना चुनाव कार्यालय तक नहीं खोला है।

करनाल लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी घोषित होने पर पूर्व सीएम मनोहर लाल अभी तक समालखा में सिर्फ एक बार आये है ओर वह भी भाजपा कार्यकताओं की बैठक लेने पहुंचे थे इसके अलावा भाजपा अभी तक सार्वजनिक सभा नहीं की है। कांग्रेस प्रत्याशी दिव्यांशु बुद्धि राजा



का समालखा से करनाल तक रोड शो हुआ है इसके अलावा अभी तक न तो चुनाव कार्यालय खोला और नहीं कोई सभा की। एनसीपी व इनेलो के सांझा प्रत्याशी मराठा वीरेंद्र वर्मा और जननायक जनता पार्टी के प्रत्याशी देवेन्द्र कादियान ने भी अभी तक समालखा विधानसभा क्षेत्र में दस्तक नहीं दी है।

समालखा में लोकसभा चुनाव को लेकर लोगों का क्या रूझान होगा यह देखने के लिए हमने समालखा अनाज मंडी में बैठे आढ़तियों व किसानों से बातचीत की।

समालखा अनाज मंडी आढती एसोसिएशन के प्रधान बलजीत सिंह रूहल की मानें तो माहौल कांग्रेस के पक्ष में है। उन्होंने बताया कि किसान

**विकास नहीं हुआ**

**विजय ने मौजूदा भाजपा सरकार पर भ्रष्टाचार के मापदंडों को बढ़ाने का आरोप लगाया है**

व कर्मचारी भाजपा सरकार से खफा है। उन्होंने आरोप लगाया है कि प्रदेश में साढ़े 9 साल तक सीएम रहे मनोहर लाल ने जहां गरीब व मजदूरों को राशनकार्ड, फैमिली आईडी तथा व्यापारियों को प्रोपर्टी आईडी के चक्कर में उलझा रखा है। वहीं सीएम रहते हुए किसानों व सरपंचों पर लाठियां बरसाई जिसका गिन गिन कर लोग चुनाव में लेंगे।

आढती श्याम लाल ने बताया कि एक भी सीएम घोषणा पर काम पूरा नही हुआ। समालखा नगर पालिका शहर में विकास कार्य नहीं करवा पाई जिससे लोगों में सरकार के खिलाफ रोष है। किसान सतबीर बैनीवाल ने भी विकास के मामले में सरकार को विफल बताया। वहीं ट्रांसपोर्टरों को भी सरकार ने प्रताड़ित करने काम किया। एनसीआर क्षेत्र में 10 साल पुरानी करीब 2 लाख गाड़ियों को कटवा कर सरकार ने ड्राइवरों के सामने रोजी रोटी का संकट खड़ा कर दिया है।

मच्छरौली निवासी विजय पटवारी ने पूर्ववर्ती सरकारों की निस्बत मौजूदा भाजपा सरकार पर भ्रष्टाचार के मापदंडों को बढ़ाने का आरोप लगाया है।

# उम्मीदवारों/व्यक्तियों को आचार संहिता की अनुपालन करने के निर्देश जारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

जिलाधीश डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने लोकसभा आम चुनाव 2024 के दौरान संपत्ति के विरूपण की रोकथाम के संबंध में भारत के चुनाव आयोग के निदेर्शानुसार राजनीतिक दलों/संघों/ उम्मीदवारों/ व्यक्तियों को आदर्श आचार संहिता की अनुपालन करने के निर्देश जारी किए हैं। आदेशानुसार कोई भी राजनीतिक दल या उम्मीदवार अपने अनुयायियों को किसी भी व्यक्ति की भूमि, भवन, परिसर, दीवार आदि का उपयोग उसकी अनुमति के बिना ध्वज दंड लगाने, बैनर लटकाने, नोटिस चिपकाने, नारे लिखने आदि के लिए नहीं करेगा। जब भी संपत्ति का कोई विरूपण, चाहे वह सार्वजनिक हो या निजी, भवन के मालिक की लिखित अनुमति के बिना किया गया है, संबंधित पार्टी/संघों/ उम्मीदवारों/व्यक्तियों पर कानून की धारा 425, 426,427 433 के तहत मुकदमा चलाया जाएगा और उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। भारतीय दंड संहिता आदि के साथ-साथ हरियाणा संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम और नगर निगम कानून के तहत भी, साथ ही संपत्ति के विरूपण को हटाने पर होने वाला खर्च जिला प्रशासन द्वारा संबंधित पार्टी/एसोसिएशन/उम्मीदवार से वसूल किया जाएगा।

आदेशों में यह भी स्पष्ट किया गया है कि अभिव्यक्ति सार्वजनिक भवन में साइनबोर्ड, राजमार्गों और सडकों के महत्वपूर्ण चौराहों पर सडक दिशाओं का संकेत, राजमार्ग पर मील के पत्थर, एहतियाती नोटिस बोर्ड जैसी सार्वजनिक संपत्तियों को शामिल किया जाएगा। आम जनता की सुविधा के लिए रेलवे प्लेटफार्म/बस टर्मिनल या कोई अन्य नोटिस या साइनबोर्ड प्रदर्शित करना और चुनाव प्रचार के लिए उपरोक्त संपत्ति को विरूपित करने वालों के खिलाफ मुकदमा चलाया जाएगा। इन निदेर्शों के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए उपमंडल मजिस्ट्रेट अपने संबंधित क्षेत्राधिकार में प्रवर्तन मजिस्ट्रेट होंगे।

# पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र से की फिलिस्तीन को पूर्ण सदस्यता देने की मांग

एजेंसी

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के राजदूत मुनीर अकरम ने सुरक्षा परिषद से विश्व की बहुसंख्यक आबादी की राय के अनुरूप संयुक्त राष्ट्र की पूर्ण सदस्यता के लिए फिलिस्तीन के आवेदन पर पुनर्विचार करने और उसका समर्थन करने की मांग की है। पाकिस्तानी संयुक्त राष्ट्र मिशन ने कहा कि यह कदम फिलिस्तीनी लोगों के खिलाफ ऐतिहासिक अन्याय को सही करेगा और द्विराष्ट्र समाधान की स्थापना का मार्ग प्रशस्त करेगा।

अमेरिका ने परिषद की एक बैठक के दौरान उस मसौदा प्रस्ताव पर वीटो किया, जिसमें कहा गया था कि महासभा फिलिस्तीन को पूर्ण संयुक्त राष्ट्र सदस्यता की अनुमति देने के लिए मतदान करवाये। वर्ष 2022 की पहल, संकल्प 76/262 के अनुसार यदि सुरक्षा परिषद में इसके स्थायी सदस्यों -चीन, फ्रांस, रूस, ब्रिटेन और अमेरिका में से किसी एक द्वारा वीटो का उपयोग



किया जाता है, तो संयुक्त राष्ट्र महासभा को 10 दिन के भीतर बैठक करनी होगी। फिलिस्तीन का संयुक्त राष्ट्र का पूर्ण सदस्य बनने का हालिया प्रयास महासभा में चर्चा का केंद्र बिंदु था।

अकरम ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने संबोधन में इजरायल और फिलिस्तीन के बीच व्यवहार में असमानता की ओर इशारा किया और कहा कि 1947 में विभाजित देशों में से एक इजरायल अब संयुक्त राष्ट्र का सदस्य है लेकिन सदस्यता के लिए सभी मानदंड पूरा करने के बावजूद फिलिस्तीन को सदस्यता से वंचित किया जा रहा है। उन्होंने पिछले सात दशकों में फिलिस्तीनी लोगों के सामने आयी कठिनाइयों का भी विवरण दिया, जिसमें आत्मनिर्णय से इनकार, अपनी मातृभूमि से निष्कासन और लंबे समय तक क्रूर विदेशी कब्जे को सहन करना शामिल है।

इजरायली प्रधानमंत्री के हालिया बयानों के साथ-साथ गाजा में इजरायल की हालिया कार्रवाइयों की आलोचना की, जिसके परिणामस्वरूप 35,000 से अधिक नागरिकों की मौत हुई, अंधाधुंध बमबारी हुई और मानवीय सहायता को पहुंचने से रोका गया। इन कार्रवाइयों को अंतरराष्ट्रीय न्यायालय ने स्पष्ट नरसंहार करार दिया है। उन्होंने यह चेतावनी भी दी कि अगर इजरायल राफा पर हमला करने की अपनी योजना के साथ आगे बढ़ा तो गंभीर परिणाम भुगतने होंगे।

## बर्ड फ्लू फैलने के बाद जापान में 57 हजार से अधिक मुर्गियों को मारा गया

एजेंसी

**टोक्यो।** जापान के चिबा प्रान्त में एवियन इन्फ्लूएंजा वायरस के बढ़ते प्रकोप के कारण 57 हजार से अधिक मुर्गियों को मार दिया गया है। स्थानीय प्रशासन ने यह जानकारी दी। प्रशासन ने कहा, टोमिसाटो शहर में एवियन इन्फ्लूएंजा वायरस के मामले सामने आने के कारण 57,486 मुर्गियों को मार दिया गया है। अनुमानित आंकड़ों के अनुसार, नवंबर 2023 के बाद से बर्ड फ्लू के कारण जापान में मारी गयी मुर्गियों की कुल संख्या 1.07 अरब हो गयी है। गौरतलब है कि जापान में पिछले साल में बर्ड फ्लू के 84 मामले दर्ज किये गये थे, जिसके कारण 1. 77 करोड़ मुर्गियों को मार दिया गया था। देश में अंडे की कमी हो गयी थी और कीमतों में भारी वृद्धि हुयी थी।



## चीन में एक्सप्रेस-वे हादसे में मृतकों की संख्या 48 हुई

**गुआंगहोउ।** दक्षिण चीन के गुआंग्डोंग प्रांत में एक्सप्रेस-वे का एक हिस्सा टूट जाने की घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 48 हो गयी है। अधिकारियों ने मेइझोउ शहर में एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी।मलबे से निकाले गये अन्य तीन लोगों के डीएनए की पहचान अभी की जानी है। मीझोउ शहर के अधिकारियों के अनुसार, 30 घायल लोगों का अस्पताल में इलाज चल रहा है।सभी घायलों की हालत स्थिर बतायी जा रही है। यह हादसा मेइझोउ में मेइझोउ-डाबू एक्सप्रेस-वे पर कल देर रात करीब 2:10 बजे हुआ।

## फिलिस्तीन ने जॉर्डन के सहायता काफिलों पर इजरायल के हमले की निंदा की

एजेंसी

**रामल्लाह।** फिलिस्तीनी ने गाजा पट्टी के रास्ते में जॉर्डन के दो सहायता काफिलों पर इजरायली चरमपंथियों के हमले की निंदा की। विदेश और प्रवासी मंत्रालय ने अपने बयान में गाजा में प्रवेश करने और जरुरतमंद लोगों तक सहायता पहुंचाने से रोकने के इजरायल के आग्रह की आलोचना की।

## म्यांमार में तेज आंधियां , एक किशोर की मौत

**यांगून।** पश्चिमी म्यांमार के सागांग क्षेत्र में तेज आंधियों की चपेट में आकर एक किशोर की मौत हो गई और कम से कम 10 घरों को नुकसान पहुंचा है। मोनीवा बचाव संगठन के एक अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

## ऑस्ट्रेलिया में एक व्यक्ति की चाकू मारकर हत्या

एजेंसी

**सिडनी।** सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) पुलिस ने एक व्यक्ति की चाकू मारकर हत्या की घटना की जांच शुरू कर दी है। सुबह लगभग 6.40 बजे एक व्यक्ति को चाकू मारे जाने की सूचना के बाद कॉफ्स हार्बर में ओशन परेड में आपातकालीन सेवाओं को बुलाया गया। एनएसडब्ल्यू पुलिस बल ने एक बयान में बताया कि घटनास्थल पर पहुँचने पर अधिकारियों ने पाया कि लगभग 20 वर्षीय पीड़ति की गर्दन पर चाकू से वार किया गया था। पीड़ित को अस्पताल ले जाया गया लेकिन उसने रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। कॉफ्स हार्बर एक तटीय शहर है, जो दक्षिण-पश्चिमी राज्य के मध्य-उत्तर में, राज्य की राजधानी सिडनी से लगभग 540 किमी उत्तर में स्थित है।

## ब्राजील में तूफान से मरने वालों की संख्या बढ़कर दस हुई

**साओ पाउलो।** दक्षिणी ब्राजील में तूफान से मरने वालों की संख्या बढ़कर 10 हो गई, जबकि 21 अन्य अभी भी लापता हैं। नागरिक सुरक्षा एजेंसी ने यह जानकारी दी है।गवर्नर एडुआर्डो लेइट ने घोषणा की कि बाढ़ और भूस्खलन के कारण रियो ग्रांडे डो सुल राज्य को गुरुवार के लिए कक्षाएं निलंबित करनी पड़ीं। ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज़ इनासियो लूला डी सिल्वा क्षति का आकलन करने और संघीय धन प्रदान करने के लिए राज्य का दौरा करने वाले हैं। उन्होंने स्थिति को गंभीर बताते हुए कहा कि जलमग्न घरों में फंसे लोगों को बचाने के लिए मदद की जरूरत है।

मौसम विज्ञान सेवा ने शनिवार तक बारिश होने का अनुमान व्यक्त किया है। श्री लेइट ने कहा, ÷हर चीज से संकेत मिलता है कि यह हमारे राज्य में अब तक की सबसे खराब जलवायु आपदा होगी।÷ उन्होंने कहा कि लगभग 4,400 निवासियों को निकाला गया है, 107 शहरों में आपातकाल की स्थिति घोषित कर दी गई है।

प्रमुख शहरों में से एक, सांता मारिया में बुधवार को भूस्खलन हुआ जिससे एक नदी के तट टूट गए और पुल एवं सड़क बह गयी।

## फ्रांस में मई दिवस पर कट्टरपंथियों के हमले में 12 पुलिस अधिकारी घायल



एजेंसी

**पेरिस।** फ्रांस की राजधानी पेरिस में मई दिवस के मौके पर कट्टरपंथियों के हमले में 12 पुलिस अधिकारी घायल हो गये जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। फ्रांसीसी ब्रॉडकास्टर बीएफएमटीवी की रिपोर्ट के मुताबिक पेरिस में मई दिवस के प्रदर्शन के दौरान विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया था और पुलिस ने प्रदर्शन में शामिल लोगों को आगे बढने से रोकने के लिये लाठीचार्ज का इस्तेमाल किया था। प्रदर्शन शुरू होने के कुछ ही समय बाद ब्लैक ब्लॉक कट्टरपंथियों ने दुकान की खिड़कियों और बस स्टॉप के शीशे तोड़ना शुरू कर दिया जिससे पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा।प्रदर्शनकारियों ने पुलिस अधिकारियों पर पटाखे आतिशबाजी और कांच की बोतलें फेंके वहीं पुलिस ने कई बार लाठियों तथा आंसू गैस का उपयोग किया।

फ्रांस के जनरल कन्फेडरेशन ऑफ लेबर (सीजीटी) ने कहा कि मई दिवस पर दो लाख से अधिक लोग पेरिस की सड़कों पर उतरे थे जबकि गृह मंत्रालय ने प्रदर्शनकारियों की संख्या 1,21,000 बतायी है।

# गाजा संघर्ष पर अमेरिकी कॉलेज छात्रों के विरोध प्रदर्शन पर जो बिडेन ने तोड़ी चुप्पी

एजेंसी

**माले।** बढ़ते राजनीतिक दबाव के तहत, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन ने गाजा में युद्ध को लेकर कैंपस में अशांति पर अपनी चुप्पी तोड़ी और कहा कि अमेरिकियों को प्रदर्शन करने का अधिकार है, लेकिन हिंसा फैलाने का नहीं।बिडेन ने व्हाइट हाउस में टिप्पणी में कहा, विरोध करने का अधिकार है, लेकिन अराजकता पैदा करने का अधिकार नहीं है।

हाल के दिनों में देश भर में फैली कैंपस अशांति की टेलीविजन तस्वीरें समाचार नेटवर्क पर प्रसारित होने के कारण, बिडेन को स्थिति से निपटने के तरीके की आलोचना का सामना करना पड़ा है। वह टिप्पणी करने के लिए इसे काफी हद तक अपने प्रवक्ताओं पर छोड़ रहे थे 7 गाजा विरोध पर कोलंबिया यूनिवर्सिटी की संबद्धता खत्म करना चाहते हैं प्रोफेसर, 'मैं अब और नहीं...'

नवंबर में फिर से चुनाव की मांग कर रहे डेमोक्रेटिक राष्ट्रपति ने युवा अमेरिकियों के विरोध के अधिकार का समर्थन करते हुए और दीर्घकालिक राजनीतिक क्षति को सीमित करने की कोशिश करते हुए, यहूदी विरोधी भावना की निंदा करने में सावधानीपूर्वक कदम उठाया है।बिडेन ने कहा कि दोनों पक्षों की एक राय है कि शांतिपूर्ण असहमति लोकतंत्र के लिए महत्वपूर्ण है लेकिन हिंसा बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने कहा, संपत्ति को नष्ट करना शांतिपूर्ण विरोध नहीं है। यह कानून के खिलाफ है। बर्बरता, अतिक्रमण, खिड़कियां तोड़ना, परिसरों को बंद करना, कक्षाएं और स्नातक रद्द करने के लिए मजबूर करना - इनमें से कुछ भी शांतिपूर्ण विरोध नहीं है।



जो बिडेन ने चीन, भारत की आर्थिक परेशानियों के लिए ज़ेनोफोबिया को जिम्मेदार ठहराया वे नहीं चाहते...बिडेन ने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका एक सत्तावादी राष्ट्र नहीं है जो आलोचकों को चुप करा देता है लेकिन व्यवस्था कायम रहनी चाहिए।

उन्होंने कहा, लोकतंत्र के लिए असहमति आवश्यक है, लेकिन असहमति से कभी भी अव्यवस्था नहीं होनी चाहिए या दूसरों के अधिकारों को नकारना नहीं चाहिए, ताकि छात्र सेमेस्टर और कॉलेज की शिक्षा पूरी न कर सकें। बिडेन से पूछा गया कि क्या राज्य के गवर्नरों को यदि आवश्यक हो तो व्यवस्था बहाल करने के लिए नेशनल गार्ड सैनिकों को बुलाना चाहिए, उन्होंने उत्तर दिया नहीं।एक रिपोर्टर के सवाल के जवाब में बिडेन ने कहा कि कैंपस विरोध प्रदर्शन ने उन्हें मध्य पूर्व में अपनी नीतियों पर पुनर्विचार करने के लिए मजबूर नहीं किया है।

**अमेरिकी परिसर में विरोध प्रदर्शन:** कोलंबिया के बाद, पुलिस ने यूसीएलए के 280 से अधिक प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया, नेटिजनों ने पूछा सुरक्षा कहां है छात्र प्रदर्शनकारी गाजा में तत्काल युद्धविराम की मांग कर रहे हैं और स्कूलों को इजराइल सरकार का समर्थन करने वाली कंपनियों से अलग करने की मांग कर रहे हैं।

## शारजाह इंस्टीट्यूट फॉर हेरिटेज अबू धाबी अंतर्राष्ट्रीय पुस्तक मेले में ले रहा हिस्सा



एजेंसी

**अबू धाबी।** शारजाह इंस्टीट्यूट फॉर हेरिटेज ( एसआईएच ) अबू धाबी अंतर्राष्ट्रीय पुस्तक मेले के 33वें सत्र में सक्रिय रूप से भाग ले रहा है, जिसमें सांस्कृतिक विरासत के विभिन्न पहलुओं को शामिल करते हुए 800 से अधिक शीर्षक प्रदर्शित किए जा रहे हैं। एसआईएच के अध्यक्ष अब्दुलअज़ीज़ अल मुसल्लम ने इस बात पर प्रकाश डाला कि यह व्यापक संग्रह उनकी सांस्कृतिक दृष्टि के अनुरूप है, जिसका लक्ष्य मूल्यवान वैज्ञानिक उपाधियाँ प्रदान करना है जो अकादमिक मानकों का पालन करते हैं और सांस्कृतिक जागरूकता को समृद्ध करने में योगदान करते हैं। अल मुसल्लम ने सांस्कृतिक परिदृश्य और अरब पुस्तकालय को संस्कृति, इतिहास, मानव विज्ञान और अन्य विषयों में विविध शीर्षकों से समृद्ध करने की संस्थान की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। यह भागीदारी अबू धाबी अंतर्राष्ट्रीय पुस्तक मेले में संस्थान की दूसरी उपस्थिति का प्रतीक है, जिसका लक्ष्य विभिन्न प्रकार के समृद्ध शीर्षक प्रस्तुत करके कार्यक्रम में गुणात्मक वृद्धि करना है। संस्थान की भागीदारी में एक विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल है जिसमें व्याख्यान, सेमिनार, विरासत कार्यशालाएं और पुस्तक पर हस्ताक्षर शामिल हैं, जो सभी उम्र के उपस्थित लोगों के लिए एक आकर्षक अनुभव प्रदान करता है।

## गाजा में अब तक नष्ट हुए सभी घरों की मरम्मत में 2040 तक का समय लगेगा- संयुक्त राष्ट्र

एजेंसी

**जेरूसलम।** जारी संयुक्त राष्ट्र के अनुमान के मुताबिक, अगर इजराइल-हमास युद्ध आज रुक गया, तो क्षेत्र में इजराइल की बमबारी और जमीनी हमलों के लगभग सात महीनों में नष्ट हुए सभी घरों को फिर से बनाने में 2040 तक का समय लगेगा।संयुक्त राज्य अमेरिका ने युद्ध के दौरान सहायता वितरण बढ़ाने के लिए इज़राइल पर दबाव डाला है, और बुधवार को, इज़राइल ने युद्ध की शुरुआत में क्षतिग्रस्त होने के बाद पहली बार उत्तरी गाजा पट्टी के साथ सीमा पार को फिर से खोल दिया।

इस बीच, अक्टूबर में इज़राइल और हमास के बीच नवीनतम युद्ध छिड़ने के बाद से अपनी सातवीं यात्रा पर, अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने संघर्ष विराम समझौते के लिए दबाव डाला। प्रस्तावित संघर्ष विराम लड़ाई को रोकने और गाजा में बहुत आवश्यक भोजन, दवा और पानी की आपूर्ति के बदले में हमास द्वारा बंधक बनाए गए बंधकों को मुक्त कर देगा। समझौते के तहत फिलिस्तीनी कैदियों को भी रिहा किए जाने की उम्मीद है।7 अक्टूबर को, फिलिस्तीनी आतंकवादियों ने दक्षिणी इज़राइल में एक अभूतपूर्व हमला किया, जिसमें लगभग 1,200 लोग मारे गए - जिनमें ज्यादातर नागरिक थे - और लगभग 250 बंधकों का अपहरण कर लिया। इज़राइल का कहना है कि आतंकवादियों ने अभी भी लगभग 100 बंधकों और 30 से अधिक अन्य लोगों के अवशेष रखे हैं।स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, गाजा में मरने वालों की संख्या 34,500 फिलिस्तीनियों से अधिक है, क्योंकि यह क्षेत्र मानवीय आपदा का सामना कर रहा है। युद्ध ने गाजा की 2.3 मिलियन आबादी में से लगभग 80 प्रतिशत को अपने घरों से निकाल दिया, कई कस्बों और शहरों में भारी विनाश किया और उत्तरी गाजा को अकाल के कगार पर धकेल दिया।



## वियतनाम में एक लकड़ी निर्माण कंपनी में विस्फोट, 5 लोगों की मौत

**हनोई।** वियतनाम के दक्षिणी प्रांत डोंग नाई में एक लकड़ी निर्माण कंपनी में सुबह हुए एक विस्फोट में कम से कम 5 लोगों की मौत हो गई। रिपोर्ट के अनुसार यह घटना प्रांत के विन्ह कुउ जिले में सुबह 8:30 बजे हुई। इसमें 5 लोगों की मौत हो गयी और 10 से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें एक ही हालत गंभीर है। विस्फोट का कारण संभवतः बॉयलर की खराबी बताया जा रहा है। मामले की जांच जारी है।



# हमास का कहना है कि गाजा युद्धविराम प्रस्ताव का अध्ययन 'सकारात्मक भावना' से किया जा रहा है

एजेंसी

**हमास।** हमास प्रमुख इस्माइल हानियेह ने कहा कि फिलिस्तीनी आतंकवादी समूह गाजा में लगभग सात महीने से चल रहे युद्ध में सकारात्मक भावना के साथ संघर्ष विराम के प्रस्ताव का अध्ययन कर रहा था। मिस्र के खुफिया प्रमुख अब्बास कामेल को एक कॉल में, हनियेह ने कहा कि वह मिस्र द्वारा निभाई गई भूमिका की सराहना करते हैं, जो कतर और संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ वार्ता में मध्यस्थता कर रहा है, और संघर्षविराम प्रस्ताव का अध्ययन करने में आंदोलन की सकारात्मक भावना पर जोर दिया हमास की आधिकारिक वेबसाइट पर एक बयान के अनुसार। ब्रिटेन के अनुसार, मध्यस्थों ने एक संघर्ष विराम समझौते का प्रस्ताव रखा है, जिसके तहत 40 दिनों के लिए लड़ाई रोक दी जाएगी और दर्जनों बंधकों को कई फिलिस्तीनी कैदियों से बदल दिया जाएगा।

हमास को हां कहने की जरूरत है और इसे पूरा करने की जरूरत है,ब्लिंकन ने जोर देकर कहा कि अगर हमास वास्तव में फिलिस्तीनी लोगों की परवाह करता है और उनकी पीड़ा में तत्काल कमी देखना चाहता है, तो उसे यह समझौता करना चाहिए।

लेकिन वार्ता का नतीजा बेहद अनिश्चित बना हुआ है, रिहा किए जा सकने वाले बंधकों की संख्या को लेकर बार-बार चर्चा हो रही है और किसी भी समझौते के उद्देश्य पर गहरा मतभेद बना हुआ है।

हमास के वरिष्ठ अधिकारी सुहैल अल-हिंदी ने कहा, हमास का लक्ष्य इस युद्ध को समाप्त करना है - यह लक्ष्य इजरायल के प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की घोषित स्थिति के विपरीत है, जिन्होंने कसम खाई है कि सेना संघर्ष विराम समाप्त होने के बाद भी हमास से लड़ती रहेगी। हाल के दिनों में हमास के अन्य अधिकारियों की टिप्पणियों से पता चला है कि संघर्ष विराम प्रस्ताव पर आंदोलन की स्थिति फिलहाल नकारात्मक है।

लेकिन गुरुवार को अपने कॉल में, हनियेह ने पुष्टि की कि आंदोलन का प्रतिनिधिमंडल चल रही चर्चाओं को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए मिस्र वापस जाएगा। हनियेह ने कहा, उन वार्ताओं का उद्देश्य एक समझौते पर पहुंचना होगा जो हमारी मांगों को पूरा करता है लोग और आक्रामकता रोकते हैं। मिस्र के राज्य से जुड़े मीडिया अल-क़ाहेरा न्यूज़ ने गुरुवार को मिस्र के एक उच्च-स्तरीय स्रोत का हवाला देते हुए बताया कि हमास का एक प्रतिनिधिमंडल अगले दो दिनों के भीतर संघर्ष विराम वार्ता जारी रखने के लिए काहिरा पहुंचेगा।

इस बीच इज़रायली सरकार की प्रवक्ता रक़ेला करमसन ने गुरुवार को पत्रकारों से कहा कि सौदे को रोकने वाली एकमात्र चीज़ हमास है।उन्होंने कहा, हमास केवल अपनी शर्तों को सख्त करता है और खुद को अनुचित मांगों में फंसाता है। इज़रायली आधिकारिक आंकड़ों के आधार पर एएफपी टैली के अनुसार, युद्ध 7 अक्टूबर को दक्षिणी इज़राइल पर हमास के हमले के साथ शुरू हुआ, जिसके परिणामस्वरूप 1,170 लोगों की मौत हो गई, जिनमें ज्यादातर नागरिक थे। इज़राइल का अनुमान है कि आतंकवादियों द्वारा हमले के दौरान पकड़े गए 129 बंदी गाजा में हैं, लेकिन सेना का कहना है कि उनमें से 34 मर चुके हैं।करमसन ने कहा, हमास की कैद के सात महीनों में, हमें कभी भी उनकी स्थितियों के बारे में सूचित नहीं किया गया। हमास द्वारा संचालित क्षेत्र के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, हमास को नष्ट करने की कसम खा रहे इजराइल के जवाबी हमले में गाजा में कम से कम 34,596 लोग मारे गए हैं, जिनमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे हैं।

# इमरान खान की पार्टी ने पाकिस्तान में हुए चुनावों में 'धांधली' की जांच के लिए न्यायिक आयोग के गठन की मांग की

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी ने पाकिस्तान में आठ फरवरी को हुए आम चुनाव में कथित धांधली पर एक श्वेतपत्र जारी किया और ''संसद में 180 सीट छीनने'' की जांच के लिए एक न्यायिक आयोग के गठन की मांग की।

पाकिस्तान में हुए आठ फरवरी के आम चुनाव में किसी भी दल को पूर्ण बहुमत नहीं मिला था। इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तरहरीक-ए-इंसाफ का चुनाव चिह्न नहीं होने से उसके समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों ने 336 सदस्यीय नेशनल असेंबली में 93 सीट जीती थीं। तीन बार के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) ने 75 सीट जीतीं, जबकि बिलावल जरदारी भुट्टो के नेतृत्व वाली पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) 54 सीटों के साथ तीसरे स्थान पर रही। मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट पाकिस्तान (एमक्यूएम-पी) ने 17 सीट पर जीत हासिल की थी। इमरान खान विभिन्न मामलों में जेल में बंद हैं। उनकी पार्टी ने कहा है कि शरीफ की पीएमएल-एन का पक्ष लिया था और पाकिस्तान निर्वाचन आयोग (ईसीपी) ने उसके 'जनादेश को चुराते' हुए परिणाम के लिए एक अलग फॉर्म का इस्तेमाल किया था।पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के अध्यक्ष बैरिस्टर गौहर खान ने बृहस्पतिवार को इस्लामाबाद में पार्टी के अन्य नेताओं के साथ संवाददाता सम्मेलन में कहा, हमने (8 फरवरी) चुनाव में 180 सीट जीतीं। हमारी सीट फॉर्म 47 के माध्यम से अन्य दलों को दे दी गई। गौहर ने कहा कि उन्होंने कथित धांधली के खिलाफ उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर की है। उन्होंने अफसोस जताते हुए कहा कि लेकिन याचिका अभी तक सुनवाई के लिए सूचीबद्ध नहीं की गई है।गौहर ने कहा, हम लोगों के ध्यान में यह लाने के लिए 300 पन्नों का श्वेतपत्र जारी कर रहे हैं कि उनका जनादेश कैसे चुराया गया। उन्होंने कहा कि श्वेतपत्र अंतरराष्ट्रीय संगठनों, विदेशी मीडिया और समाचार पत्रों की रिपोर्ट पर आधारित है और चुनाव में धांधली को हमेशा के लिए खत्म करने को लेकर सुधार का आह्वान किया गया है।

# गाजा में मानवीय संकट को लेकर तुर्किये ने इस्राइल के साथ रोका व्यापार, विदेश मंत्रालय ने किया एलान

एजेंसी

**अंकारा ।** इस्राइल और हमास के बीच बीते 200 से ज्यादा दिनों से जारी भीषण जंग थमने का नाम नहीं ले रही। इस बीच, तुर्किये ने गाजा की मानवीय स्थिति का हवाला देते हुए तेल अवीव से सभी आयात और निर्यात रोक दिए हैं। अंतरराष्ट्रीय मीडिया की खबरों के मुताबिक तुर्किये के व्यापार मंत्रालय ने इसकी घोषणा की।

मंत्रालय ने गुरुवार को एक बयान में कहा, इस्राइल से जुड़े आयात और निर्यात को रोक दिया गया है, जिसमें सभी उत्पाद शामिल हैं। तुर्किये इन नए उपायों को सख्ती से और निर्णायक रूप से लागू करेगा, जब तक इस्राइल सरकार गाजा को मानवीय मदद के निर्बाध और पर्याप्त प्रवाह को अनुमति नहीं देती है।

तुर्किये की ओर से यह घोषणा तब की गई है, जब इस्राइली विदेश मंत्री इस्राइल काट्ज ने हाल ही में तुर्किये के राष्ट्रपति रेचेप तईप अर्दोगान पर बंदरगाहों से इस्राइल के आयात और निर्यात में बाधा डालकर समझौतों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया था। काट्ज ने एक्स पर लिखा था, एक तानाशाह कैसे व्यवहार करता है। तुर्किये के लोगों और व्यापारियों के हितों की अवहेलना करता है और अंतरराष्ट्रीय व्यापार समझौतों की अनदेखी करता है। काट्ज ने खुलासा किया था कि उन्होंने विदेश मंत्रालय को तुर्किये के साथ वैकल्पिक व्यापार के विकल्पों का पता लगाने का निर्देश दिया है। मंत्रालय घरेलू उत्पादन और अन्य देशों से आयात पर फोकस कर रहा है। 2023 में दोनों देशों के बीच 6.8 अरब अमेरिकी डॉलर का व्यापार था। पिछले साल तुर्किये ने इस्राइल पर व्यापार प्रतिबंध लगाए थे और इस्राइल पर गाजाज में हवाई मदद भेजने से रोकने और क्षेत्र में सैन्य कार्रवाइयों का आरोप लगाया था। इस्राइल के साथ तुर्किये के व्यापार संबंधों के बारे में पूछे जाने पर पिछले महीने राष्ट्रपति अर्दोगान ने जवाब दिया था कि तुर्किये अब इस्राइल के साथ भारी व्यापार में शामिल नहीं है। हालांकि, स्पष्ट रूप से यह नहीं कहा था कि अंकारा ने इस्राइल के साथ सभी व्यापार को पूरी तरह से बंद कर दिया है।

## असम की पूर्णिमा देवी बर्मन ने जीता ब्रिटेन वन्यजीव धर्मार्थ का गोल्ड अवॉर्ड

एजेंसी

**लंदन।** असम राज्य की वन्यजीव जीवविज्ञानी डॉ. पूर्णिमा देवी बर्मन को लुप्तप्राय 'ग्रेटर एडजुटेंट स्टॉर्क' और उसके आर्द्रभूमि निवास स्थान के संरक्षण प्रयासों के लिए अग्रणी ब्रिटिश वन्यजीव धर्मार्थ पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

लंदन में 'रॉयल जियोग्राफिकल सोसाइटी' में एक सम्मान समारोह में डॉ. पूर्णिमा देवी बर्मन को 'व्हिटली फंड फॉर नेचर' (डब्ल्यूएफएन) द्वारा व्हिटली गोल्ड अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

डॉ. पूर्णिमा देवी को इसके लिए एक लाख ब्रिटिश पाउंड की राशि प्रदान की गई। यह पुरस्कार दुनियाभर में जमीनी स्तर पर संरक्षण करने वालों को प्रदान किया जाता है। बर्मन को असमिया में स्थानीय रूप से ''हरगिला'' के रूप में पहचाने जाने वाले सारस के संरक्षण के लिए यह सम्मान दिया गया। उन्हें यह पुरस्कार ब्रिटेन के महाराज चार्ल्स तृतीय की बहन, धर्मार्थ संस्था की संरक्षक राजकुमारी ऐनी ने प्रदान किया।



# कांग्रेस की नीतियों को लेकर जनता में उत्साह का माहौल: लाल बहादुर खोवाल

**लोकसभा चुनाव**

**- कांग्रेस पार्टी के घोषणा पत्र के अनुरूप देशभर में किए जाएंगे जनहित के कार्य : लाल बहादुर खोवाल**



**टीम एक्शन इंडिया/हिसार,:** हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल ने कहा कि कांग्रेस की नीतियों को लेकर जनता काफी उत्साहित है। इस बार लोकसभा चुनाव में कांग्रेस स्पष्ट बहुमत हासिल करके सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा के साथ कई क्षेत्रों का दौरा कर चुके हैं। सिरसा लोकसभा की कांग्रेस प्रत्याशी कुमारी सैलजा के प्रति लोगों की सकारात्मक प्रतिक्रिया है। बहन सैलजा रिकॉर्ड मतों से जीतकर इतिहास बनाएंगी। एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल ने कहा कि कांग्रेस कार्य समिति की सदस्य और हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष कुमारी सैलजा ने हमेशा सिद्धांतों की राजनीति की है। इसलिए जनता उन्हें विजयी बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी। उन्होंने कहा कि अपने पिता पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री चौ. दलबीर सिंह के पदचिह्नों पर चलते हुए कुमारी सैलजा भी निष्पक्ष, बेदाग व जनहित की राजनीति कर रही हैं।

उन्होंने कहा कि बहन सैलजा की कार्यशैली, तत्परता, अनुशासन व रचनात्मक सोच सभी को प्रभावित करती है। तीन दशकों के राजनीतिक जीवन में सर्व समाज को साथ लेकर चलते हुए बहन सैलजा ने देश की राजनीति में सादगी, ईमानदारी व समर्पण की मिसाल कायम की है।

एडवोकेट खोवाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने जो घोषणा पत्र जारी किया है, उसी के अनुरूप जनहित के कार्य किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह घोषणा पत्र जनता का न्याय पत्र है। इस घोषणा पत्र के माध्यम से जनता को न्याय देने का आह्वान किया गया है। खास बात है कि कांग्रेस ने गरीब, मजदूर, किसान, शोषित व पिछड़ा वर्ग के हितों का विशेष ध्यान रखा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी सत्ता में आते ही राष्ट्रव्यापी आर्थिक-सामाजिक जाति जनगणना करवाएगी।

# रेडक्रॉस सेवा सप्ताह में चिकित्सा शिविर में 150 मरीजों का उपचार

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी मथुरा शाखा द्वारा रेड क्रॉस सेवा सप्ताह के अंतर्गत गुरुवार को महाविद्या कॉलोनी स्थित एसएन डेंटल केयर एंड पॉलीक्लीनिक में निःशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में डॉ. आदेश शर्मा, डॉ. शैफाली अग्रवाल, डॉ. चिन्मय खंडेलवाल एवं डॉ. केएम. मित्तल द्वारा 150 मरीजों का चिकित्सा परामर्श एवं जांच किया गया जिसमें हड्डी रोग, नवजात शिशु एवं बाल रोग, दंत रोग, फिजियोथेरेपी से संबंधित रोगों का जांच एवं उपचार किया गया। रेडक्रॉस सोसाइटी के सभापति महेश खंडेलवाल एवं उपसभापति वृषभान गोस्वामी ने संयुक्त रूप से बताया कि आगामी 8 मई को विश्व रेडक्रॉस दिवस है।



इस पूरे सप्ताह में रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा जनपद के कन्या विद्यालयों में माहवारी स्वच्छता प्रबंधन कार्यशाला तथा सेनेटरी नैपकिन वितरण किया जाएगा। जिले के सभी रक्त बैंकों में रेड क्रॉस जागरूकता के अंतर्गत रक्तदान किया जाएगा। सभी मेडिकल कॉलेज में रक्तदान जागरूकता एवं रेड क्रॉस दिवस सेवाकार्य पर संगोष्ठी एवं रक्तदान शिविर के अलावा वृंदावन में बाहर से आने वाले तीर्थ यात्रियों की भीड़ में संचारी रोगों से बचाव हेतु जन जागरण अभियान के अंतर्गत निरूशुल्क मास्क वितरण किया जाएगा वही विद्यालयों में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण के साथ आठ मई को विश्व रेडक्रॉस दिवस पूरे जिले में धूमधाम से मनाया जाएगा। ।

## संक्षिप्त खबरें

### चेतावनी दिवस के रूप में मनाया मजदूर दिवस

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
मथुरा रिफाइनरी के संविदा श्रमिकों ने पेट्रोलियम वर्कर्स यूनियन के आह्वान पर विश्व मजदूर दिवस को चेतावनी दिवस के रूप में मनाया। इस अवसर पर वरिष्ठ श्रमिक नेता कामरेड शिवदत्त चतुर्वेदी की अध्यक्षता में रिफाइनरी मुख्य द्वार पर सभा हुई। शिकागो के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि के साथ यूनियन के अध्यक्ष कामरेड मधुवन दत्त चतुर्वेदी एडवोकेट ने आधुनिक सभ्य और न्यायपूर्ण समाज के निर्माण में मजदूर वर्ग की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने मथुरा रिफाइनरी में ठेकेदारों द्वारा संविदा श्रमिकों के वेतन चोरी और उत्पीड़न के संपूर्ण उन्मूलन का संकल्प लिया तथा चेतावनी दी कि यदि संविदा श्रमिकों की सेवा शर्तों और पारिश्रमिक के पुनरीक्षण का लिखित अनुबंध न हुआ तो मजदूर आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। दुनिया के मजदूरों एक हो और इंकलाब जिंदाबाद के नारों के साथ रिफाइनरी मजदूरों ने विश्व मजदूर आंदोलन के साथ एकजुटता दर्शित की। सभा का समापन यूनियन के सचिव कामरेड जनक ने अपने संबोधन से किया। मथुरा रिफाइनरी के कार्यकारी निदेशक एके तिवारी की ओर से यूनियन नेतृत्व को मजदूर दिवस की शुभकामनाओं का संदेश प्राप्त हुआ ।

### साढ़े छह लाख की ठगी में पुलिस को परिजन पर ही शक

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
बलदेव क्षेत्र में एक डेयरी संचालक के साथ ठगी हुई है। करीब साढे छह लाख रुपये डेयरी संचालक के खाते से निकाल लिये गये। पीडित ने इस संबंध में थाना बलदेव में तहरीर दी है। बलदेव थाना प्रभारी संजय कुमार त्यागी ने बताया कि इस मामले में तहरीर आई है। प्रथम दृष्टया इस मामले में परिजन की संलिप्तता नजर आई है। पीडित द्वारा बताया गया है कि वह उनके एटीएम को लगातार उपयोग कर रहा था। संचालक को पता ही नहीं चला कि उसके साथ ठगी हुई है। जब बेटे ने बैंक अकाउंट का स्टेटस चेक किया तो पता चला कि खाते से साढ़े छह लाख रुपये निकल गये हैं। गांव नौहा पक्की गढी कंजौली घाट निवासी नेत्रपाल सिंह पुत्र रमोला का भारतीय स्टेट बैंक में खाता है। कुछ दिन पहले वह बैंक से अपने अकाउंट का स्टेटस निकालने गये थे। घर पर उनके बेटे ने स्टेटमेंट को चेक किया तो पता चला कि वर्ष 2022 में उनके एक खाते से दूसरे खाते में पैसे भेजे गये हैं। इसकी शाखा प्रबंधक से शिकायत की गई। शिकायत पर उनके लेनदेन का विस्तृत रिकार्ड निकाला गया। पता चला कि विभिन्न खातों में साढ़े छह लाख रुपये ट्रांसफर हुए हैं। इस मामले की उन्होंने बलदेव थाने में तहरीर दी है। नेत्रपाल ने वर्ष 2022 में 23 लाख में खेत बेचा था। सभी पैसे बैंक खाते में जमा करा दिये थे। वह गांव में एक डेयरी चलाते हैं। खाते से लेनदेन होता रहता है।

### महिला के छत से गिरने का वीडियो हुआ वायरल

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
सोशल मीडिया पर एक महिला के छत से गिरने का वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में महिला छत पर लगी रेलिंग से लटकी हुई है। कुछ लोग नीचे खड़े हैं। अचानक महिला का हाथ रेलिंग से छूट जाता है और महिला नीचे आ गिरती है। उसे गंभीर चोटें आई हैं। महिला को गंभीर हालत में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। महिला के मायके पक्ष ने आरोप लगाया है कि उसके ससुरालीजनों ने उसे दहेज नहीं मिलने पर मारने की नीयत से छत से नीचे फेंका है। वीडियो थाना बलदेव क्षेत्र का है। बताया जा रहा है कि महिला गर्भवती और दो मंजिल से नीचे गिरी है। शुक्रवार को इस मामले में आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग को लेकर वीडियो में दिख रही महिला प्रियंका है। प्रियंका के परिजन डीएम ऑफिस पहुंचे जहां उन्होंने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की। आगरा के शाह नगर टेढ़ी बगिया ट्रांस यमुना नगर के रहने वाले महावीर सिंह ने अपनी बेटी प्रियंका की शादी 14 महीने पहले 16 फरवरी 2023 को मथुरा के बलदेव इलाके के मंगला सराय गांव के रहने वाले सत्यवीर के बेटे हर्ष से की थी। प्रियंका के भाई का आरोप है कि जब वह अपनी बहन को लेकर अस्पताल आ रहे थे उस दौरान उसके साथ मारपीट की थी। पीड़ित प्रियंका के पिता महावीर ने बताया कि वह 25 अप्रैल से प्रियंका से बात करने के लिए फोन कर रहे थे। लेकिन ससुराल वाले बात नहीं करा रहे थे।

## किसान के बाजार में गिरे पैसे थाने में मिले

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
गेहूं बेच कर घर जा रहे किसान के 50 हजार रुपये शेरगढ़ कस्बे में गिर गये। किसान को जब पता चला कि उसके पैसे उसकी जेब में नहीं हैं तो वह परेशान हो गया। खेज बीच करने पर भी उसे पैसों का पता नहीं चला। हार थक कर वह थाने पहुंचा और एक प्रार्थना पत्र देकर अपने पैसे खोने की बात पुलिस को बताई। पुलिस ने किसान से कुछ पूछताछ की और किसान को पैसे दे दिये। पैसे मिलते ही किसान खुशी से उछल गया। जब उसे पैसे मिलने की सच्चाई का पता चला तो वह पुलिसकर्मियों का आभार जता कर वापस घर लौट गया। गुरुवार को शेरगढ़ पुलिस थाने की ईगल मोबाइल पर तैनात कांस्टेबल संदीप कुमार व उपेंद्र सिंह को कस्बा भ्रमण के दौरान रास्ते में 50 हजार रुपये पडे मिले।

# जजपा उम्मीदवार रमेश खटक ने किया नामांकन, रोड शो कर दिखाई ताकत

**नामांकन**

**जननायक जनता पार्टी (जजपा) जल्द ही अपना घोषणा पत्र करेगी जारी: डॉ. अजय सिंह चौटाला**

**टीम एक्शन इंडिया/सिरसा**
जननायक जनता पार्टी (जजपा) के सिरसा संसदीय क्षेत्र के उम्मीदवार रमेश खटक ने लघु सचिवालय में अपना नामांकन दाखिल कर दिया। इस मौके पर जजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला ने कहा कि हरियाणा में जो भाजपा सपना देख रही है, वह सपना उनका कभी साकार नहीं होगा।

शुक्रवार को शुक्रवार को बड़ी संख्या में जजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता चौटाला हाउस पर एकत्रित हुए। नामांकन करने के बाद चौटाला हाउस से सिरसा संसदीय क्षेत्र के जजपा के उम्मीदवार रमेश खटक ने रोड शो शुरू किया। यह रोड शो बाबा भुम्मणशाह चौक, रेलवे ओवरब्रिज से होते हुए शहर के विभिन्न भागों से गुजरा। इस मौक पर जजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. चौटाला व प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला सहित पार्टी के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। रमेश खटक के नामांकन के साथ ही पार्टी के वैकल्पित उम्मीदवार के रूप में जजपा के प्रवीण कुमार उर्फ लक्की चौधरी ने भी अपना नामांकन दाखिल किया। रोड शो में जजपा प्रदेश प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला ने बाइक पर दिखे। इस रोड शो के दौरान शहर में कई स्थानों पर जजपा प्रत्याशी रमेश खटक का स्वागत किया गया।



नामांकन के पश्चात जजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि उन्होंने लगातार तीन बार के विधायक रह चुके रमेश खटक को एक मजबूत उम्मीदवार के तौर पर उतारा है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि हरियाणा में जो भाजपा सपना देख रही है, वह सपना उनका कभी साकार नहीं होगा। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के दुष्यंत चौटाला के खिलाफ जांच के सवाल पर डॉ. चौटाला ने कहा कि फाइल उनके पास है, जब मर्जी जांच करें। उन्होंने कहा कि केवल बयानबाजी कर लोगों गुमराह करने का काम रहे है। उन्होंने कहा कि जजपा जनता के मुद्दों को लेकर चुनाव में उतरी है, अब जनता का फैसला सर्वमान्य रहेगा। उन्होंने कहा कि पार्टी जल्द ही अपना घोषणा पत्र जारी करेगी। इस अवसर जजपा के प्रदेश प्रधान महासचिव दिग्विजय ने जजपा उम्मीदवार की जीत का दावा किया।

# सत्य परेशान हो सकता है परास्त नहीं: दिनेश शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
श्री कृष्ण जन्मभूमि ईदगाह विवाद मामले के हिंदू पक्षकार दिनेश शर्मा ने शुक्रवार वृंदावन स्थित बांके बिहारी सहित सत्ता देवियों के दर्शन व दीपदान कर भगवान से श्री कृष्ण जन्मभूमि मामले में जल्द न्याय मिलने की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि सनातनी हिंदुओं की विजय हो। दिनेश शर्मा ने कहा कि लीलाधारी भगवान श्री कृष्ण अब सुदर्शन चक्र धारण कर धर्म का मार्ग प्रशस्त करें। समस्त कृष्ण जन्मभूमि का भूभाग हिंदुओं का है। हमें न्यायालय पर पूर्ण विश्वास है की सत्य की



विजय होगी सत्य परेशान हो सकता है परास्त नहीं। इस अवसर पर सेवायत गोस्वामियों ने दिनेश शर्मा का पटुका माला पहनकर प्रसाद रूप में भगवान का आशीर्वाद प्रदान किया। आचार्य ज्ञानेंद्र किशोर गोस्वामी, आचार्य आनंद बल्लभ गोस्वामी, पं राजेश पाठक, अश्वनी शर्मा, राजेश कृष्ण शास्त्री आदि मौजूद रहे।

## मोबाइल की दुकान में चोरी के आरोप में पकडा

**मथुरा**
थाना जैत पुलिस ने एक शातिर को चोरी के चार मोबाइल, एक अवैध तमंचा, दो जिंदा कारतूस के साथ किया गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मघेरा चौराहे से मघेरा से लगभग 20 कदम ग्राम मघेरा की तरफ एक अभियुक्त प्रदीप पुत्र रामवीर उर्फ राजू उम्र करीब 22 वर्ष निवासी राल थाना जैत मथुरा को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की निशानदेही पर चोरी के चार मोबाइल, स्मार्ट वॉच चार, टेम्पर्ड ग्लास 25, लीड इयरफोन 10 के साथ पकडा। पुलिस के मुताबिक अपने मित्र सनी पुत्र स्व. दीना निवासी राल थाना जैत मथुरा व टिंकू उर्फ कल्याण पुत्र लेखराज निवासी राल थाना जैत मथुरा के साथ मिलकर 27 अप्रैल की रात्रि में केनरा बैंक के पास बनी रामगोपाल की मार्केट से मोबाइल की दुकान से चोरी की थी।

# मुख्यमंत्री के गेहूं व सरसों खरीद, उठान व भुगतान के दावे पूरी तरह से फेल: गर्ग

**बातचीत**

**सरकार को अपने वादे के अनुसार तुरंत गेहूं व सरसों का उठान व भुगतान करना चाहिए- बजरंग गर्ग**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कांन्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग ने अनाज मंडियों के दौरे के दौरान आढ़ती व किसानों से बातचीत करने के उपरांत कहा कि सरकार को हर अनाज खरीद से पहले अनाज मंडी में खरीद, उठान, बारदाने, लकड़ी के क्रेट, तिरपाल के साथ-साथ हर प्रकार के मूलभूत सुविधाओं का पुख्ता प्रबंध करना चाहिए ताकि अनाज खरीद में जो बार-बार दिक्कतें आती हैं उससे राहत मिल सके। श्री गर्ग ने सरकार की लापरवाही के कारण लाखों मीट्रिक टन गेहूं व सरसों मंडियों में पड़ी है जिसका एक महीने से उठान नहीं हो रहा है। हरियाणा में बार-बार बारिश आने के कारण लाखों क्विंटल गेहूं व सरसों खराब हो गई है। गेहूं व सरसों का उठान ना होने से किसानों को अपनी फसल की पेमेंट नहीं मिल रही है। बजरंग गर्ग ने कहा कि मुख्यमंत्री के गेहूं व सरसों खरीद, उठान व भुगतान के सभी दावे पूरी तरह से फेल सिद्ध हुए हैं। मंडियों में गेहूं व सरसों की खरीद का उठान ना होने से आढ़ती व किसानों में सरकार के



प्रति बड़ी भारी नाराजगी है। सरकार को अपने वादे के अनुसार तुरंत गेहूं व सरसों खरीद का उठान करना चाहिए और गेहूं व सरसों उठान में देरी के कारण बारिश से जो गेहूं व सरसों का रंग फीका हो जाता है या अनाज में घटती आती है, उसका पैसा किसान व आढ़ती से ना काटा जाए जबकि गेहूं व सरसों उठान में देरी होने के कारण घटती का पैसा सरकार आढ़तियों से काट लेती है जो सरासर गलत है।

मंडियों में से गेहूं व सरसों का उठान लेट होने पर घटती का पैसा आढ़तियों से ना काटकर उठान ठेकेदार व सरकारी खरीद एजेंसी के अधिकारियों से रिकवरी की जाए और सरकार को उठान में देरी के लिए सरकारी अधिकारी व उठान ठेकेदारों की जिम्मेवारी फिक्स करनी चाहिए। बजरंग गर्ग ने कहा कि सरकार को बारिश के कारण जो गेहूं व सरसों खराब हुई है उसका मुआवजा तुरंत प्रभाव से किसानों को देना चाहिए।
बजरंग गर्ग
9215142070

# छटीकरा मार्ग स्थित बैंक ऑफ बडौदा शाखा का हुआ उद्घाटन

**बैठक**

**"इंडिया" गठबंधन के तहत लोकसभा प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता के रादौर के गांवों में बैठक**

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
वृंदावन छटीकरा मार्ग स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के नए शाखा भवन का उद्घाटन गुरुवार को वैदिक मंत्र उच्चारण के बीच उप महाप्रबंधक (व्यवसायिक विकास अंचल) कार्यालय बरेली अभय कुमार अग्रवाल ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य लोगों और व्यापारियों को संबोधित करते हुए अभय कुमार अग्रवाल में



कहा कि नहीं शाखा भवन में बैंक होने से लोगों को बेहतर सुविधाएं प्रदान की जाएगी उन्होंने कहा कि पुरानी शाखा भवन में ग्राहकों को बेहतर सुविधा देने के लिए काफी दिक्कतें आती थी लेकिन मैं शाखा भवन बनने से पहले जैसी समस्याएं नहीं होगी साथ ही उन्होंने कहा कि व्यापारियों और किसानों से बैंक से जुड़ी योजनाओं और उसके गुणवत्ता व कार्य प्रणाली और बैंक से जुड़ी सभी प्रकार की समस्याओं का समाधान का भरोसा दिलाया। वही आरएम महेश छाबड़ा ने कहा कि बैंक में आने वाले ग्राहकों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना ना करना पड़े इसके लिए बैंक के द्वारा बेहतर कदम उठाए जाएंगे इसके साथ ही शाखा प्रबंधक मनु कौन्तेय ने बैंक से जुड़ने वाले लोगों को डिजिटल बैंकिंग के बारे में भी काफी विस्तार से जानकारी दी इस अवसर पर गगन जांगिड़, अनुज कुमार, संजय अग्रवाल, राम नेमा, विष्णु कुमार,मुकुल गोयल वीरी सिंह आदि बैंक कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ट्रैक्टर चलाकर किसान हितैषी होने का नाटक कर रहे खट्टर: डॉ. सुशील गुप्ता

**बैठक**

**"इंडिया" गठबंधन के तहत लोकसभा प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता के रादौर के गांवों में बैठक**

**टीम एक्शन इंडिया/रादौर/यमुनानगर**
आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और कुरुक्षेत्र लोकसभा से ह्यइंडियाह्व गठबंधन के प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता ने रादौर विधानसभा के गांवो में चुनावी यात्रा शुरू की। उन्होंने अपनी चुनावी यात्रा सुबह नौ बजे गांव खजूरी से शुरू की और शाम सात बजे कांसापुर में समाप्त की। इस मौके पर उनके



साथ विधायक बिशन लाल सैनी, करमबीर बूटर, रणधीर सिंह, विकास सैनी, जयलाल कुमार, सुखविंदर सिंह, देवेंद्र सिंह नंबरदार, मुख्तियार सिंह, जोगिंदर सिंह, रामलाल, जयपाल, रामदास, बाबूराम और मधुबाला मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि आज ये देश लोकसभा के चुनाव में तीसरे चरण में पहुंच चुका है। पहले दो चरणों में बीजेपी की विदाई लगभग तय हो चुकी है। हरियाणा के हर गांव में लोग बीजेपी और जेजेपी से नफरत करने लगे हैं। क्योंकि ये देश की संविधान और लोकतंत्र को खत्म करना चाहते हैं। संसद में एक सवाल पूछने पर 150 सांसदों को सस्पेंड कर दिया। जब से देश आजाद हुआ है तब से लेकर चार महीने पहले तक कभी किसी मुख्यमंत्री को गिरफ्तार नहीं किया गया था। परंतु बीजेपी ने दिल्ली की जनता द्वारा तीन बार चुने हुए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गिरफ्तार कर लिया। उनको केवल इसलिए गिरफ्तार किया ताकि वो चुनाव प्रचार न कर सकें। उन्होंने कहा कि बीजेपी ने चलते चुनाव में कांग्रेस के खातें सील कर दिए। इसका मतलब संविधान और लोकतंत्र पर हमला किया जा रहा है। बीजेपी सरकार पर महिलाओं पर अपराध बढ़ते जा रहे हैं। मणिपुर में महिलों को निर्वस्त्र घुमाया गया, लेकिन उस पर प्रधानमंत्री मोदी ने एक शब्द नहीं बोला और न वो मणिपुर गए। क्योंकि वो वहां जाति और धर्म का रंग देना चाहते हैं। बीजेपी ने मेवात में भी आग लगाने की कोशिश की थी लेकिन इस प्रदेश के किसानों ने कहा कि वो हरियाणा में ऐसा नहीं होने देंगे। किसानों पर जीतना अत्याचार पूर्व सीएम खट्?टर सरकार ने किया इतना किसी ने नहीं किया। बीजेपी ने 750 से ज्यादा किसानों की शहादत ली। इन्होंने किसानों को आतंकवादी, उपद्रवी और खालिस्तानी कहा। मंडियों को बंद कराने की साजिश रची और आज पूर्व सीएम खट्?टर ट्रैक्टर चलाकर किसान हितैषी होने का नाटक कर रहे हैं।

# अडिंग में नहर की पट्टी पर मिला युवती का अधजला शव

## -पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज

**अर्ध जली**

**ग्रामीणों द्वारा पुलिस को सूचना देने पर थाना गोवर्धन और कस्बा अडिंग चौकी की पुलिस मौके पर पहुंची**

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
थाना गोवर्धन क्षेत्र के अंतर्गत कस्बा अडिंग चौकी की नहर की पटरी पर युवती का अधजला शव मिला है। ग्रामीणों द्वारा पुलिस को सूचना देने पर थाना गोवर्धन और कस्बा अडिंग चौकी की पुलिस मौके पर पहुंची और युवती के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शुक्रवार को दोपहर करीब 12 बजे ग्रामीणों ने अडिंग की नहर पट्टी पर अज्ञात युवती का अधजला शव देखा तो तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गई। अर्ध जली हालत में युवती का शव मिलने से कस्बा अडिंग में चर्चा है। युवती की शिनाख्त नहीं हो पाई है पुलिस मामले की छानबीन कर रही है और छानबीन के बाद युवती की मृत्यु के कारणों का पता चलने के बाद संबंधित दोषियों के विरुद्ध उचित कार्यवाही की जाएगी।

**थाना** गोवर्धन क्षेत्र में अडींग नहर की पटरी पर अज्ञात युवती का शव पर इंजरी हैं। पहचान नहीं हुई है। मृत्यु के कारण जानने और पहचान के बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे दोषियों के खिलाफ कडी से कडी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।
**- शैलेन्द्र पांडेय, एसएसपी मथुरा**

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



फास्ट न्यूज

## ग्रामीणों ने महिला-पुरुष को जिंदा जलाया

**टीम एक्शन इंडिया**

**मुंबई** : महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में एक व्यक्ति और महिला को गांववालों ने जिंदा जलाकर मार डाला। दरअसल, गांववालों को दोनों पर काला जादू में शामिल होने का संदेह था। इस मामले में 14 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। मृतकों की पहचान देउ अटलामी और जामनी तेलामी के तौर पर की गई है। गांववालों ने बुधवार को दोनों को उनके घरों से घसीटकर बाहर निकाला और आग लगाने से पहले तीन घंटे तक उनकी पिटाई की। उनके शव को बाद में नाले में फेंक दिया गया। घटना के दूसरे दिन पुलिस को दोनों का शव मिला। एक अधिकारी ने बताया कि पड़ोसी गांव बोलेपल्ली में एक के बाद एक तीन मौतें हुईं, जिसके बाद गांववालों ने इन दोनों पर संदेह जताया। पुलिस को दोनों की हत्या में तेलामी के पति और बेटे पर भी संदेह है। अधिकारी ने बताया कि फिलहाल मामले की जांच जारी है।

## 'फेक कंटेंट बनाने वाले नेटिजन्स पर करें सख्त कार्रवाई'

**टीम एक्शन इंडिया**

**मुंबई** : महाराष्ट्र सरकार ने डीपफेक क्रिएटर्स की ओर कड़ा रुख दिखाया है। उन्होंने पुलिस को निर्देश दिए हैं कि वो डीपफेक क्रिएटर्स पर सख्त से सख्त कार्रवाई करें, जो कि चुनावी मौसम के बीच चिंता का कारण बनी हुई है। महाराष्ट्र सरकार ने डीपफेक क्रिएटर्स की ओर कड़ा रुख दिखाया है। उन्होंने पुलिस को निर्देश दिए हैं कि वो डीपफेक क्रिएटर्स पर सख्त से सख्त कार्रवाई करें, जो कि चुनावी मौसम के बीच चिंता का कारण बनी हुई है। लोकसभा चुनाव में सोशल मीडिया और डिजिटल मीडिया पर कई सारी डीपफेक और छेड़छाड़ की तस्वीरें वायरल हो रही हैं। चुनाव के दौरान इनमें वृद्धि हुई है। इसलिए शुक्रवार को महाराष्ट्र सरकार ने कहा कि डीपफेक सामग्री गलतफहमी पैदा करती है, जो कि हानिकारक भी है। इसलिए महाराष्ट्र सरकार ने पुलिस महानिदेशक को निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि इस तरह की गतिविधियों पर अंकुश लगाया जाए। ताकि सुगम तरीके से पारदर्शी होकर चुनाव प्रक्रिया पूरी हो सके। महाराष्ट्र सरकार ने ऐसी सामग्री बनाने और प्रसारित करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के लिए कहा है। बता दें कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की डीपफेक शेयर करने के आरोप में युवा कांग्रेस के सोशल मीडिया हैंडल और 16 अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

# कांग्रेस का हाथ, देश के दुश्मनों के साथ : योगी

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पाकिस्तान से कांग्रेस के समर्थन में उठी आवाज पर कांग्रेस पर किया प्रहार

निशाना साधा

▸▸ कांग्रेस की जीत पर पाकिस्तान में जश्न मनाया जाता है। इस अंतर को देश की जनता को समझना चाहिए




**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को पाकिस्तान से कांग्रेस के समर्थन में उठी आवाज पर राहुल गांधी और इंडी गठबंधन पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि अब यह स्पष्ट हो गया है कि कांग्रेस का हाथ देश के दुश्मनों के साथ है। संभल, बदायूं और आंवला लोकसभा क्षेत्रों में चुनावी जनसभाओं को संबोधित करने के लिए रवाना होने से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास पर मीडिया से इस विषय पर विस्तार से बात की। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि यदि मोदी और भाजपा जीतते हैं तो देश में दीपावली मनाई जाती है। कांग्रेस की जीत पर पाकिस्तान में जश्न मनाया जाता है। इस अंतर को देश की जनता को समझना चाहिए और देश विरोधी तत्वों को नकार देना चाहिए।

**कांग्रेस जीती तो प्रफुल्लित होगा पाकिस्तान :** सीएम योगी ने कहा कि चुनाव आज चरम पर पहुंच चुका है। स्वाभाविक रूप से जो देश के दुश्मन हैं, वह चुनाव के दौरान मोदी के पक्ष में जो माहौल है, उसको खराब करने का भरसक प्रयास करेंगे। कुछ चीजें पूरे देश की जनता को देखनी चाहिए कि कैसे पाकिस्तान राहुल गांधी को प्रोजेक्ट कर रहा है। पाकिस्तान सरकार का एक पूर्व मंत्री जो बेशर्मी के साथ पुलवामा की घटना का समर्थन करता है, वही व्यक्ति आज राहुल गांधी को सपोर्ट कर रहा है। राहुल गांधी को लेकर प्रफुल्लित हो रहा है। यह दिखाता है कि कांग्रेस का हाथ देश के दुश्मनों के साथ है। यह दिखाता है कि मोदी जीतेंगे तो भारत में दीपावली होगी लेकिन यदि कांग्रेस कहीं पर सफलता प्राप्त करे तो पाकिस्तान उससे प्रफुल्लित हो रहा है। देश की जनता को इन बयानों से सजग होना चाहिए और समझना चाहिए कि इसके पीछे भारत विरोधी ताकतों की मंशा क्या है?


**कांग्रेस की विभाजनकारी, तुष्टीकरण की नीतियों को जनता देगी करारा जवाब :** उन्होंने कहा कि कांग्रेस आजादी के बाद अपने मार्ग से भटक गई है। उसने अपने स्वार्थ के लिए पहले देश का विभाजन किया और फिर अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए देश के अंदर तुष्टीकरण की नीतियों को आगे बढ़ाया। तुष्टीकरण की नीतियों का ही दुष्परिणाम था कि देश के अंदर अलगाववाद और उग्रवाद चरम पर पहुंचा। कांग्रेस सरकार की भ्रष्ट नीतियों के कारण देश के अंदर नक्सलवाद भी तेजी से फैला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले 10 वर्ष के अंदर जो कार्य किया है उसके कारण आतंकवाद, नक्सलवाद और उग्रवाद को नियंत्रित किया जा सका है। योगी ने कहा कि आज देश के अंदर एक सकारात्मक माहौल बना है। विकास और गरीब कल्याणकारी योजनाओं को लेकर एक बेहतर माहौल बना है, जिससे अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति को भी शासन की योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

## 'अमेठी से राहुल का चुनाव नहीं लड़ना 'इंडिया' की नैतिक पराजय'

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** रायबरेली लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नामांकन से पहले भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि अमेठी से राहुल का चुनाव नहीं लड़ना विपक्षी दलों के गठबंधन आईएनडीआईए की नैतिक पराजय और भाजपा की विजय है। उप मुख्यमंत्री मौर्य ने शुक्रवार को एक्स पोस्ट में लिखा कि वर्ष 2019 में चली मोदी जी की आंधी तब अमेठी से हारे राहुल गांधी, इस बार मोदी जी के तूफान के आगे, कांग्रेसी राजकुमार अमेठी छोड़ भागे। यह चुनाव मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने, देश के अर्थतंत्र को तीसरे स्थान पर ले जाने, तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने, उत्तर प्रदेश को गुंडों से मुक्त कराने और आतंकवाद एवं नक्सलवाद को समाप्त करने का है। कांग्रेस, सपा और तमाम विपक्षी चाहे जितनी गाली दें, जितना गंदगी फैलाएं लेकिन याद रखना दोस्तों कमल कीचड़ में ही खिलता है। अबकी बार 400 पार, फिर एक बार मोदी सरकार। सपा पर निशाना साधते हुए मौर्य ने कहा कि अखिलेश यादव खुद को यादवों का नेता कहते हैं पर सिर्फ अपने ही परिवार में 5 टिकट दे दिए। कश्मीर से कन्याकुमारी तक एक ही पुकार, 4जून, 4बजे, एनडीए की सीटें 400 पार। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में सपा शासन में कट्टों के कारखाने थे, आज तोप और मिसाइलें बन रही हैं, जो पाकिस्तान की नींद उड़ा रही हैं। गुंडाराज और भ्रष्टाचार का हुआ सफाया है, जब से आपने यूपी में कमल खिलाया है।

## केदारनाथः आस्था पथ से होकर मंदिर तक पहुंचेंगे श्रद्धालु



सुविधा

▸▸ 10 मई से शुरू हो रही केदारनाथ यात्रा में इस बार मंदिर मार्ग पर भक्तों की लंबी लाइन नजर नहीं आएगी

**टीम एक्शन इंडिया**

**रुद्रप्रयागः** 10 मई से शुरू हो रही केदारनाथ यात्रा में इस बार मंदिर मार्ग पर भक्तों की लंबी लाइन नजर नहीं आएगी। यहां मंदिर मार्ग पर सीवर लाइन बिछाने के लिए खोदाई की गई है, जिस कारण यहां उबड़-खाबड़ हो रखा है। ऐसे में बाबा केदार के भक्त मंदाकिनी नदी किनारे बने आस्था पथ से होकर मंदिर तक पहुंचेंगे। समुद्रतल से 11750 फीट की ऊंचाई पर स्थित भगवान आशुतोष के द्वादश ज्योतिलिंगों में एक केदारनाथ धाम में दूसरे चरण के पुनर्निर्माण कार्य जोरों पर चल रहे हैं। धाम में संगम पर 54 मीटर लंबा पुल है। इन दिनों यहां इन कार्यों को पूरा करने के लिए लोनिवि सहित अन्य कार्यदायी संस्थाओं के 700 से अधिक मजदूर काम कर रहे हैं। गोल चबूतरा से मंदिर परिसर की सीढ़ियों तक बीचोंबीच की गई खोदाई के कारण यहां पूरा रास्ता बदहाल हो गया है, जिस पर आवाजाही संभव नहीं है। ऐसे में 10 मई से शुरू हो रही बाबा केदार की यात्रा में यह मंदिर मार्ग भक्तों से वीरान रहेगा। इस बार श्रद्धालु इस रास्ते की बजाय हाट बाजार के पीछे बने सरस्वती आस्था पथ से होकर संगम पर पहुंचेंगे और वहां से मंदाकिनी नदी आस्था पथ से होकर मंदिर पहुंचेंगे। मंदिर के दायीं तरफ श्रद्धालुओं के लिए भव्य रेन शेल्टर भी बनाया गया है। इधर, केदारनाथ विधानसभा के पूर्व विधायक मनोज रावत का कहना है कि पुनर्निर्माण के नाम पर केदारनाथ में मनमाने तरीके से खोदाई की जा रही है, जो कभी भी दुर्घटना का कारण बन सकती है।

## स्वामी प्रसाद को दिखाए काले झंडे...स्याही फेंकी



**टीम एक्शन इंडिया**

**आगरा :** उत्तर प्रदेश के आगरा जिले में राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के प्रत्याशी उत्तम सिंह निषाद के समर्थन में डौकी के सती जनसभा करने आए पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य पर अखिल भारतीय हिंदू महासभा के पदाधिकारी बृजेश भदौरिया ने जूता फेंक दिया। इसके पहले फतेहाबाद में भी हिंदू महासभा के कार्यकर्ताओं ने काफिले को रोका था। काले झंडे दिखाकर उनकी गाड़ी पर स्याही फेंकी थी। पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य फतेहाबाद में होतम सिंह निषाद के समर्थन में आयोजित सभा में जैसे ही माइक पर आए। हिंदू महासभा के पदाधिकारी भदोरिया ने जूता फेंक कर मारा जो कि माइक पर जाकर लगा। पुलिसकर्मियों ने ग्रामीणों के साथ उसे पकड़ लिया। इससे पहले स्वामी प्रसाद मौर्य के काफिले को रोक लिया गया। आक्रोशित अखिल भारत हिंदू महासभा के कार्यकताओं ने काले झंडे दिखाए। इतनी ही नहीं कार पर स्याही भी फेंक दी गई। इस दौरान पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच तकरार भी हुई।

विरोध

▸▸ हिंदू महासभा के पदाधिकारी भदोरिया ने जूता फेंक कर मारा जो कि माइक पर जाकर लगा

## राहुल रायबरेली से लड़ने वाले परिवार के 8वें सदस्य



**टीम एक्शन इंडिया**

**रायबरेली :** उत्तर प्रदेश की जिन सीटों की सबसे ज्यादा चर्चा होती है, उनमें से एक रायबरेली लोकसभा सीट भी है। ये राज्य की इकलौती सीट है जहां 2019 में कांग्रेस को जीत मिली थी। तब सोनिया गांधी यहां से जीतकर लोकसभा पहुंची थीं। सोनिया अब राज्यसभा के लिए निर्वाचित हो चुकी हैं। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल था कि अब पार्टी यहां से किसे मौका देगी, जिस पर कांग्रेस का गढ़ बचाने की चुनौती होगी। कांग्रेस ने काफी इंतजार के बाद आखिर रायबरेली लोकसभा सीट पर प्रत्याशी के नाम की घोषणा कर दी है। इस बार रायबरेली से राहुल गांधी चुनाव मैदान में उतारे गए हैं। कांग्रेस ने अंतिम समय में यहां प्रत्याशी घोषित किया है। इससे पहले भाजपा यहां दिनेश प्रताप सिंह को अपना प्रत्याशी घोषित कर चुकी है।

**रायबरेली सीट का अस्तित्वः** सबसे पहले बात पहले लोकसभा चुनाव की कर लेते हैं। साल 1951-52 में हुए पहले लोकसभा चुनाव में रायबरेली और प्रतापगढ़ जिलों को मिलाकर एक लोकसभा सीट थी। उस चुनाव में यहां से इंदिरा गांधी के पति फिरोज गांधी कांग्रेस के टिकट पर लड़े और जीते थे। 1957 में रायबरेली सीट अस्तित्व में आई तो यहां से एक बार फिर फिरोज गांधी सांसद बने। इंदिरा और फिरोज गांधी का विवाह 26 मार्च 1942 को हुआ था। पत्रकार से नेता बने फिरोज गांधी अक्सर संसद में अपने ससुर और तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू सराकर की आलोचना के लिए जाने जाते थे।

पारंपरिक सीट

▸▸ 2019 में कांग्रेस को जीत मिली थी। तब सोनिया गांधी यहां से जीतकर लोकसभा पहुंची थीं

## पश्चिमी यूपी में रालोद को झटका!

**टीम एक्शन इंडिया**

**मेरठः** कैसरगंज लोकसभा सीट से बृजभूषण सिंह के बेटे करण भूषण सिंह को टिकट मिलने पर राजनीतिक हलकों में सरगर्मी बढ़ गई है। रालोद युवा के पूर्व राष्ट्रीय प्रवक्ता रोहित जाखड़ ने पार्टी से त्यागपत्र दे दिया है। रोहित ने बताया कि वह पहले से इस मुद्दे पर महिला पहलवानों के साथ हुए शोषण की आवाज उठाते रहे हैं।

अब चूंकि भाजपा और रालोद का गठबंधन है ऐसे में पार्टी में रह कर इसके खिलाफ आवाज उठाने में वह असहज रहेंगे। इसलिए उन्होंने त्यागपत्र दिया है। बाप के सामने बेटे की तरक्की कौन सी कार्रवाई है।

## जीतू पटवारी का इमरती देवी पर विवादित बयान

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपालः** लोकसभा चुनावी के बीच कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के एक बयान ने प्रदेश की सियासत का पारा चढ़ा दिया है। इमरती देवी पर दिए बयान के बाद भाजपा उन पर हमलावर हो गई है। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया समेत भाजपा के तमाम नेताओं ने पटवारी और कांग्रेस पर हमला बोला है।

**जीतू पटवारी का विवादित बयान :** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी का 16 सेकेंड का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यह वीडियो ग्वालियर का बताया जा रहा है। इसमें मीडिया द्वारा पूर्व मंत्री इमरती देवी को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में जीतू हंसते हुए विवादित बात कह रहे हैं। हालांकि, मामले बढ़ने के बाद जीतू पटवारी ने बयान पर सफाई दी और इमरती को अपनी बड़ी बहन जैसी बताया। ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष के द्वारा इतना घटिया बयान दिया गया है।

## पीएम नरेंद्र मोदी के नामांकन दाखिल करने की तारीख हुई तय

**टीम एक्शन इंडिया**

**वाराणसीः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी लोकसभा सीट से 14 मई को नामांकन पर्चा दाखिल करेंगे। इससे पहले 13 मई को वाराणसी में रोड शो भी करेंगे। बता दें कि वाराणसी लोकसभा सीट पर एक जून को वोटिंग होगी।

**10 मई से वाराणसी में डेरा डालेंगे शीर्ष नेताः** पार्टी प्रधानमंत्री मोदी की जीत को ऐतिहासिक बनाने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी। भाजपा के राष्ट्रीय और प्रदेशों के नेता मई के दूसरे सप्ताह से वाराणसी पहुंचना शुरू हो जाएंगे।

यहां छोटी-छोटी जनसभाएं करेंगे, पन्ना प्रमुखों के साथ बैठकें करेंगे और मतदाताओं से संपर्क भी करेंगे। इसके अलावा समाज के अलग-अलग लोगों के साथ बैठकें की जाएगी।



होगा रोड शो

▸▸ प्रधानमंत्री मोदी वाराणसी लोकसभा सीट से 14 मई को नामांकन पर्चा दाखिल करेंगे

**आदेश** आवारा कुत्तों के हमले में मारे गए सफदर अली खान के परिजनों को 7.5 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाए

## कुत्तों के हमले में जान गंवाने वाले को मिले मुआवजा



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव के माध्यम से आवारा कुत्तों के हमले में मारे गए सफदर अली खान के परिजनों को 7.5 लाख रुपये का मुआवजा दिए जाने का निर्देश दिया है। पिछले साल अप्रैल में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के परिसर में खान की हिंसक आवारा कुत्तों के हमलों में मौत हो गई थी। एनएचआरसी ने शुक्रवार को जारी दिशा निर्देश में आठ सप्ताह के भीतर रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने घटना के बारे में 17 अप्रैल की एक मीडिया रिपोर्ट के आधार पर स्वतः संज्ञान लिया था। इस मामले में उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय कुलपति और अलीगढ़ नगर निगम के आयुक्त को नोटिस जारी कर मामले में विस्तृत रिपोर्ट मांगी गई थी। आयोग ने यह भी पूछा था कि राज्य सरकार से यह सूचित करने की अपेक्षा की गई थी कि क्या मृतक के निकटतम परिजनों (एनओके) को कोई राहत दी गई। आयोग ने उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव को नोटिस जारी कर पूछा कि मृतक के परिजनों को आर्थिक राहत के रूप में 7.5 लाख रुपये का भुगतान करने की सिफारिश क्यों नहीं की जाए। इसके बाद संबंधित अधिकारियों ने एएमयू के रजिस्ट्रार का एक पत्र भेजा, जिसमें कहा गया कि आयोग के नोटिस में ऐसा कोई निर्देश नहीं है जिसका विश्वविद्यालय को पालन करना चाहिए। विश्वविद्यालय की ओर से मानव अधिकारों के उल्लंघन या मानव अधिकारों के उल्लंघन की रोकथाम में लापरवाही का कोई कार्य नहीं है। जवाब मिलने के बाद आयोग ने कहा था कि संबंधित अधिकारी स्पष्ट रूप से इस मामले में अपनी जिम्मेदारी टाल रहे हैं। आयोग ने यह भी कहा कि मानव अधिकारों के उल्लंघन के पीड़ितों को आयोग की सिफारिश से भुगतान किए जाने वाले लाभों से इनकार नहीं किया जा सकता है।

